राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 12
अंक : 22
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
रविवार 07 अगस्त 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 दिल्ली : स्पा में काम करने वाली 22 वर्षीय युवती से रेप मामले में मैनेजर और ग्राहक समेत 4 गिरफ्तार

पेज 5 मुख्तार की पत्नी पर पुलिस का शिकंजा, दो करोड़ से ज्यादा की तीन संपत्तियां कुर्क

पेज 7 आग बुझाने पहुंचा दमकलकर्मी रह गया सन्न, रिश्तेदार के घर में उसके 2 बच्चों समेत 10 लोग जलकर खाक

# धनखड़ जीते उपराष्ट्रपति चुनाव

## कुल 725 में से 528 वोट मिले; मार्गरेट अल्वा को 346 वोटों से हराया



नई दिल्ली। जगदीप धनखड़ देश के 14वें उपराष्ट्रपति होंगे। शनिवार को उपराष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में उन्होंने विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को हरा दिया। चुनाव में कुल 725 सदस्यों ने वोट किया। इनमें से धनखड़ को 528 वोट मिले, जबकि विपक्ष की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को 182 वोट मिले। 15 वोट अमान्य कर दिए गए।

जगदीप धनखड़ 11 अगस्त को उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। उपराष्ट्रपति वैंकेया नायडू का कार्यकाल 10 अगस्त को खत्म हो रहा है। इधर, मोदी ने दिल्ली में धनखड़ से मुलाकात कर जीत की बधाई दी। धनखड़ राजस्थान से भैरोंसिंह शेखावत के बाद दूसरे शख्स हैं, जो उपराष्ट्रपति बने हैं।

मार्गरेट अल्वा ने भी धनखड़ को जीत पर बधाई दी। साथ ही ट्वीट कर कई विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- दुर्भाग्य से, कुछ विपक्षी दलों ने एकजुट विपक्ष को पटरी से उतारने की कोशिश में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा का समर्थन किया। उन्होंने अपनी विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचाया है।



### पिछले 6 उपराष्ट्रपति चुनावों में सबसे बड़ी जीत

चुनाव के रिटर्निंग अफसर उत्पल सिंह ने बताया कि कुल 780 वोटर्स में से 725 (92.94 प्रतिशत) ने वोट किया। जीत के लिए 356 वोटों की जरूरत थी। कुल वैलिड वोट में से धनखड़ को 74.36 प्रतिशत वोट मिले। 1997 के बाद से हुए पिछले 6 उपराष्ट्रपति चुनावों में उन्होंने सबसे अधिक अंतर से जीत हासिल की है।

पिछले उपराष्ट्रपति चुनाव में एम वेंकैया नायडू को करीब 68 प्रतिशत वोट मिले थे। धनखड़ ने इस चुनाव में वेंकैया नायडू को पीछे छोड़ दिया है। शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चुनाव में 55 सांसदों ने वोट नहीं डाला।

### 780 का निर्वाचन मंडल, 725 सांसदों ने हिस्सा लिया

अभी लोकसभा में 543 सांसद हैं, जबकि राज्यसभा में 245 में से 8 सीटें खाली हैं। यानी निर्वाचन मंडल 788 के बजाय 780 सांसदों का था। ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव से दूर रहने का फैसला किया था। राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों को मिलाकर टीएमसी के 36 सांसद हैं।

NDA की बात करें तो 441 सांसद हैं, 5 मनोनीत सांसदों का भी साथ मिला। इस तरह से धनखड़ के पक्ष में पहले से ही 446 वोट थे। NDA के सांसदों के अलावा धनखड़ को BJD, YSRC, BSP, TDP, अकाली दल और शिंदे गुट का भी समर्थन मिला। इनके 81 सांसद हैं।

### मार्गरेट अल्वा को इन पार्टियों का समर्थन

UPA की उम्मीदवार मार्गरेट अल्वा को कांग्रेस, DMK, RJD, NCP और समाजवादी पार्टी के वोट मिले। इन पार्टियों के वोटों की संख्या 139 थी। इनके अल्वा झारखंड मुक्ति मोर्चा, TRS और आम आदमी पार्टी ने भी अल्वा को वोट देने का फैसला किया था। इन तीनों के 29 सांसद हैं। शिवसेना के उद्धव गुट के 9 सांसद अल्वा के साथ थे।

दीक्षांत समारोह



शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष सरकार ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के तीसरे दीक्षांत समारोह में छात्रों को डिग्री प्रदान की।

# भीड़ ने थाने में घुसकर पुलिसकर्मी को पीटा

## आसपास खड़े लोग बनाते रहे वीडियो; पुलिस ने 2 आरोपियों को अरेस्ट किया

एजेंसी

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली के शाहदरा में भीड़ ने थाने में घुसकर एक पुलिसकर्मी को जमकर पीटा है। यह घटना आनंद विहार पुलिस स्टेशन की है। सोशल मीडिया में वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। डीसीपी आर. साथिया सुंदरम ने बताया कि पुलिसकर्मी को पीटने के आरोप में 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### क्या है पूरा मामला?

डीसीपी आर. साथियासुंदरम ने बताया कि यह घटना 30 जुलाई देर रात की है। पुलिस के पास कड़कड़डूमा में झगड़ा होने की कॉल आई थी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर अजय नाम के व्यक्ति को थाने में लाई थी। अजय नशे की हालात में था।

कुछ देर देर बाद अजय के दोस्त, भाई और परिवार के कई लोग थाने पहुंच गए। पुलिसकर्मी से बहस करते हुए गाली-गलौज करने लगे।

एक व्यक्ति पुलिसकर्मी को पीटने लगा। डीसीपी ने आगे कहा कि पीड़ित हेड कॉन्स्टेबल का मेडिकल करवाकर केस दर्ज कर लिया गया है। वीडियो फुटेज के आधार पर 2 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकियों की तलाश जारी है।

### माफी मागंता रहा पुलिसकर्मी

वीडियो में देखा जा सकता है कि 10-12 लोगों की भीड़ ने सिपाही को घेर लिया। आरोपी पुलिसकर्मी को बेरहमी से पीटते रहे और मौजूद लोग वीडियो शूट करते रहे। किसी ने भी कांस्टेबल को बचाने की कोशिश नहीं की। हमलावरों से बचने के लिए सिपाही माफी मांगता रहा, लेकिन किसी ने उसकी बात को नहीं सुना।

# देश में कोरोना संक्रमण के 19406 नए मामले

नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 19,406 नए मामले सामने आए है और 19,928 मरीजों के स्वस्थ होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 43465552 हो गयी है।

देश में सक्रिय मामले 571 कम होने से इनकी कुल संख्या घटकर 1,34,793 रह गयी है। इस महामारी से पिछले 24 घंटों में 38 लोगों की जान जाने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,26,649 हो गया है।

इस बीच देश में आज सुबह सात बजे तक 205.92 करोड़ से अधिक टीके लगाये जा चुके हैं। पिछले 24 घंटों में 32,73,551 लोगों का टीकाकरण किया गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी



आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 19,406 नए मामले सामने आने से संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,41,26,994 हो गयी। जबकि इसके संक्रमण से 19,928 लोगों के स्वस्थ्य होने के साथ ही कोरोनामुक्त होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 4,34,65,552 हो गयी है। देश में सक्रिय मामलों की दर 0.31 प्रतिशत है, जबकि रिकवरी दर 98.50 और मृत्यु दर 1.19 फीसदी पर बरकरार है।

देश में पिछले 24 घंटे में तीन लाख 91 हजार 187 कोविड परीक्षण किए गये हैं तथा अब कुल 87 करोड़ 75 लाख से अधिक कोविड परीक्षण किए जा चुके हैं। देश के 37 राज्यों तथा केन्द्रशासित प्रदेशों में से 15 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में पिछले 24 घंटे में कोरोना के सक्रिय मामले बढ़े है तथा 20 में सक्रिय मामलों में कमी आयी है। जबकि असम और लक्षद्वीप में सक्रिय मामलों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। पश्चिम बंगाल में पिछले 24 घंटों में कोरोना सक्रिय मामले 942 घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 9006 रह गयी है और इससे निजात पाने वालों की संख्या 2067284 हो गयी है। इस महामारी से पांच और मरीजों की जान जाने से अभी तक राज्य में मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 21389 हो गया है।

## कोविड टीकाकरण में 205.92 करोड़ से अधिक टीके लगे

**नयी दिल्ली।** देश भर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 205.92 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक दो अरब पांच करोड़ 92 लाख 20 हजार 794 टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 19 हजार 406 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या एक लाख 34 हजार 793 हो गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.31 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 4.96 प्रतिशत हो गयी है।

# जल्द महंगे हो सकते हैं पेट्रोल-डीजल

## अप्रैल-जून तिमाही में एचपीसीएल को 10,197 करोड़ का नुकसान, भरपाई के लिए कंपनियां बढ़ा सकती हैं दाम

नई दिल्ली। आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में इजाफा हो सकता है। इसकी वजह है देश की सरकारी तेल कंपनियां को हो रहा घाटा। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को वित्त वर्ष 2022-2023 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 10,196.94 करोड़ का नुकसान हुआ है। ये किसी भी तिमाही में कंपनी को हुआ सबसे ज्यादा घाटा है।

पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 1,795 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था। वहीं जनवरी-मार्च तिमाही में यह आंकड़ा 1,900.80 करोड़ रुपए पहुंच गया था। इससे पहले



इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने भी अप्रैल-जून में 1,992.53 करोड़ रुपए का नेट लॉस दर्ज किया था, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में नेट प्रॉफिट 5,941.37 करोड़ रुपए और जनवरी-मार्च तिमाही में 6,021.9 करोड़ रुपए था।

### घाटे की भरपाई के लिए बढ़ सकते हैं दाम

देश की दो दिग्गज सरकारी कंपनियों को सैकड़ों करोड़ के घाटे से उबरने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले दिनों में कंपनियां पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ा सकती हैं, ताकि इस नुकसान की भरपाई की जा सके।

### कच्चे तेल का भाव 100 डॉलर प्रति बैरल

रूस-यूक्रेन जंग के कारण कच्चे तेल के दामों में भारी अस्थिरता बनी हुई है। कच्चा तेल लंबे समय से 100 डॉलर प्रति बैरल के करीब कारोबार कर रहा है। इस कारण भारतीय कंपनियों को भी महंगा कच्चा तेल इंपोर्ट करना पड़ रहा है। हालांकि भारत ने रूस से डिस्काउंट वाला कच्चा तेल भी खरीदा है। कितना खरीदा और किस रेट में खरीदा है इसका जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

सरकार ने कहा है कि तेल कंपनियां खुदरा कीमतों में संशोधन करने के लिए स्वतंत्र हैं। हालांकि तीनों सरकारी तेल कंपनियों ने दरों को फ्रीज करने के कारणों के बारे में जानकारी नहीं दी है।

अबॉर्शन पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा कमेंट

# अविवाहित महिलाओं को अबॉर्शन का अधिकार न देना उनकी आजादी छीनने जैसा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अविवाहित महिलाओं को गर्भपात के अधिकार से वंचित रखना उनकी व्यक्तिगत आजादी का हनन है। कोर्ट इस कानून में बदलाव कर अनमैरिड महिलाओं को भी अबॉर्शन की अनुमति देने पर विचार करेगा। कोर्ट मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी अधिनियम और संबंधित नियमों की व्याख्या करेगा। इसमें तय होगा कि अविवाहित महिलाओं को 24 सप्ताह के गर्भपात की अनुमति दी जा सकती है या नहीं।

जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला की पीठ ने शुक्रवार को एक मामले की सुनवाई के दौरान यह बात कही। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी को इस प्रक्रिया में अदालत की सहायता करने को कहा है।

### अबॉर्शन के लिए डॉक्टरों की सलाह जरूरी

मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि अविवाहित महिलाओं को 24 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने के लिए कानून में शामिल क्यों नहीं किया जा सकता है। उन्होंने साफ किया कि अबॉर्शन के



लिए डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी है।

### कानून सबके लिए समान : सुप्रीम कोर्ट

पीठ ने कहा कि विधायिका का क्या इरादा है? यह सिर्फ पति शब्द का उपयोग नहीं करता है।

कानून में पार्टनर शब्द का इस्तेमाल किया गया है। कानून सिर्फ शादी के बाद प्रेग्नेंट होने वाली महिलाओं के बारे में ही चिंतित नहीं है, कानून अनमैरिड महिलाओं की भी चिंता करता है। अगर विवाहित महिलाओं को गर्भपात की अनुमति है तो अविवाहित महिलाओं को इससे बाहर नहीं रखा जा सकता। कानून की नजर में हर महिला का जीवन मायने रखता है।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने कर दिया था इनकार

मामला दिल्ली हाईकोर्ट में था, जहां 15 जुलाई को कोर्ट ने अबॉर्शन पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने कहा था कि सहमति से गर्भवती होने वाली अविवाहित महिला मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी रूल्स, 2003 के तहत अबॉर्शन नहीं करवा सकती। सुनवाई के दौरान दिल्ली हाईकोर्ट की बेंच ने मौखिक टिप्पणी में कहा था कि इस स्तर पर अबॉर्शन बच्चे की हत्या के समान होगा।

वहीं दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अगुआई वाली बेंच ने बच्चे को गोद लेने के लिए उसे जन्म देने का सुझाव दिया था।

मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा ने कहा था तुम बच्चे को क्यों मार रही हो? बच्चे को गोद लेने वालों की एक बड़ी कतार मौजूद है।

## उच्च सदन को जगदीप धनखड़ के अनुभव का लाभ मिलेगा: शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्री जगदीप धनखड़ को उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए कहा है कि उच्च सदन को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा और वह संविधान के आदर्श संरक्षक सिद्ध होंगे। धनखड़ के शनिवार को यहां उपराष्ट्रपति चुनाव में विजयी होने के बाद श्री शाह ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा,किसान पुत्र श्री जगदीप धनखड़ जी का भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में निर्वाचित होना पूरे देश के लिए हर्ष का विषय है। धनखड़ जी अपने लम्बे सार्वजनिक जीवन में निरंतर जनता से जुड़े रहे हैं। जमीनी मुद्दों की बारीकी समझ व उनके अनुभव का उच्च सदन को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा।

# 'परीक्षा पर चर्चा' नहीं, युवा को रोजगार देने की बात करें : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिक्षा नीति, परीक्षा पर चर्चा आदि को दिखावा बताते हुए कहा है कि सच्चाई यह है कि उनके पास युवाओं रोजगार देने की योजना ही नहीं है।

गांधी और श्रीमती वाड्रा ने कहा कि देश को तीन चार लोग मिलकर चला रहे हैं और ये लोग तानाशाही करके देश को बर्बाद करने का काम कर रहे हैं। उसी का परिणाम है कि आज सीयूईटी परीक्षा के लिए 50 हज़ार युवा अयोग्य हो गये हैं।

उन्होंने ट्वीट किया अमृतकाल' की नयी एजुकेशन पॉलिसी : एग्जाम से पहले 'परीक्षा पर चर्चा' एग्जाम के वक्त 'नहीं पर्चा, नहीं चर्चा' परीक्षा के बाद अंधकार में भविष्य जो सियूएटी के छात्रों के साथ हो रहा है, वो आज देश के हर युवा की कहानी है। चार लोगों की तानाशाही देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

वाड्रा ने कहा तकनीकी खराबी के कारण 50 हज़ार से अधिक छात्र सीयूईटी परीक्षा देने में असमर्थ हो गए हैं। क्या यह सरकार छात्रों के प्रति इतनी असंवेदनशील बन गयी है कि वह गंभीर स्तर की सरकारी नीतिगत स्थिति को भी नहीं देख सकती है। क्या हमारे युवाओं के लिए यही सब कुछ है।

# पत्नी-बेटी का सिर काटकर सेल्फी ली

## मधेपुरा में हत्या के बाद पत्नी का सिर लेकर ससुराल पहुंचा

मधेपुरा। मधेपुरा में एक पति ने अपनी पत्नी और बेटी की सिर काटकर हत्या कर दी। इतना ही नहीं, पत्नी का कटा सिर लेकर आरोपी अपने ससुराल पहुंचा और घर से 200 मीटर की दूरी पर एक पुलिया पर रखकर फरार हो गया। कटे सिर के नीचे एक पर्ची भी रखी थी। मधेपुरा में आरोपी के घर में पत्नी और बेटी का धड़ पड़ा था, जबकि बेटी का कटा सिर टेबल पर रखा हुआ था। बताया जाता है कि पत्नी के अवैध संबंध के शक में आरोपी पति ने वारदात को अंजाम दिया है।

हत्या के बाद आरोपी ने पत्नी के धड़ के साथ सेल्फी भी ली थी। इसके बाद उसने इस फोटो को अपने फेसबुक अकाउंट से शेयर भी किया। इसमें वो धड़ और सिर के साथ दिख



रहा है। इसके बाद उसने पत्नी का सिर थैले में भरा और उसे ससुराल लेकर पहुंचा।

शनिवार सुबह आरोपी पति महिला का कटा हुआ सिर अपने घर (श्रीनगर थाना क्षेत्र स्थित पोखरिया गांव) से लेकर उसके मायके (सदर थाना क्षेत्र के गोढाईला गांव) पहुंचा। महिला के मायके से 200 मीटर पहले एक पुलिया पर कटे सिर को रख फरार हो गया। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने सिर देखा तो इलाके में सनसनी फैल गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला का कटा हुआ सिर लेकर उसके ससुराल पहुंची तो दंग रह गए। वहां बेटी की भी लाश मिली।

### मौके से मिली खून से सनी पर्ची

पत्नी और बेटी की हत्या के बाद पति ट्रेन पकड़कर फरार हो गया। मृतकों की पहचान मो. जिब्राहिल की पत्नी रुकसाना (30) और उसकी बेटी जिया (4) के रूप में हुई। घटनास्थल से खून से सना एक लेटर मिला है। उसमें कुछ आपत्तिजनक बातें लिखी हैं। इसके साथ लिखा है शानदर, जबरदस्त।

समर्थन पर बवाल

महाराष्ट्र में तलवार, हॉकी स्टिक से हमला, युवक को मरा समझकर बेहोश छोड़ा

# महाराष्ट्र में नूपुर शर्मा का समर्थन करने पर युवक को पीटा

मुंबई। महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में नूपुर शर्मा का समर्थन करने पर एक युवक पर करीब 15 लोगों ने तलवार और हॉकी स्टिक से हमला कर दिया।

युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना जिले के कर्जत इलाके में 4 अगस्त को हुई। अहमदनगर थाने में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने इस मामले में अभी तक 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। हालांकि मुख्य आरोपी अभी भी फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

इस बीच भाजपा विधायक नितेश राणे ने कहा कि अगर हिंदुओं पर इस



तरह के हमले जारी रहे तो हमारे हाथ बंधे नहीं हैं। महाराष्ट्र शरिया कानून से नहीं, बल्कि संविधान से चलेगा।

### क्या है पूरा मामला?

अहमदनगर के कर्जत इलाके में प्रतीक पवार नाम के युवक को 10 से 15 मुस्लिम युवकों ने रोक लिया। आरोपियों के हाथ में हॉकी स्टिक, तलवार और अन्य हथियार थे। प्रतीक को उन्होंने सोशल मीडिया में नूपुर शर्मा की डीपी लगाने और समर्थन करने को लेकर धमकी दी। मुस्लिम युवकों ने प्रतीक से कहा कि हिंदू होने का तुम बहुत दिखावा कर रहे हो और इसके बाद उस पर हमला कर दिया।

प्रतीक बेहोश होकर गिर पड़ा। भीड़ को लगा कि वह मर चुका है तब वे उसे छोड़कर भाग गए। उसे अस्तपाल में भर्ती करवाया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि प्रतीक को 35 टांके लगे हैं और पसलियां बुरी तरह से टूट चुकी हैं।

### शरिया कानून से नहीं चलेगा महाराष्ट्र : नितेश राणे

भाजपा विधायक नितेश राणे ने इस मामले में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि नुपुर शर्मा के विवादित बयान पर पार्टी पहले ही कार्रवाई कर चुकी है। यह एपिसोड पूरी तरह से बंद हो गया है, लेकिन फिर भी घटनाएं रुक नहीं रहीं। पहले उदयपुर, फिर अमरावती और अब अहमदनगर में हिंदू पर हमला किया गया है। राणे ने चेतावनी दी है कि अगर हिंदुओं पर इस तरह के हमले जारी रहे तो हमारे हाथ भी बंधे नहीं हैं। अगर फिर ऐसा हुआ तो हमें भी अपनी तीसरी आंख खोलनी होगी। यह अंबेडकर की धरती है और हम शरिया कानून का पालन करने के लिए बाध्य नहीं हैं।

## शार्ट न्यूज

### वायुसेना प्रमुख ने स्वदेशी विमान उड़ाया

बेंगलूरु । एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने शनिवार को तीन स्वदेशी विमान उड़ाए जिन्हें भारतीय वायुसेना (आईएएफ) में आत्मनिर्भरता अभियान के तहत शामिल किया गया है। बेंगलूरु के दो दिवसीय दौर पर वायुसेना प्रमुख ने हल्का लड़ाकू विमान (एसीए) तेजस , हल्का लड़ाकू हेलीकॉप्टर (एलसीएच) और हिन्दुस्तान ट्रब्रो ट्रेनर 40 (एचटीटी 40) को उड़ाया। उन्होंने एलसीएच और एचटीटी 40 की क्षमताएं देखी और प्रदर्शन किया। श्री चौधरी ने इसके डिजाइनरों एवं परीक्षण दल के साथ बातचीत की और इसकी वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजना के बारे में समझा। वायुसेना प्रमुख ने एयर चीफ मार्शल एल एम कर्ते स्मारक पर भाषण दिया जिसमें वायुसेना और एचएएल के सेवारत और सेवानिवृत अधिकारियों तथा एयरोस्पेस उद्योग के अन्य हितधारकों ने भाग लिया।

### सुवेन्दु ने बंगाल सरकार पर लगाया केंद्रीय धन के गबन का आरोप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विपक्ष के नेता सुवेन्दु अधिकारी ने शनिवार को राज्य सरकार पर केंद्र सरकार की हर योजना के लिए केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आवंटित धन का गबन और दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। श्री अधिकारी ने ट्वीट में कहा, पश्चिम बंगाल सरकार का ट्रेडमार्क केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय और केंद्र सरकार की योजना के लिए आवंटित धन का गबन और दुरुपयोग करना रहा है। मैंने माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को पत्र लिखा है, जिसमें उनका ध्यान पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर हो रहे वित्तीय घोटाले की ओर आकर्षित किया गया है। भाजपा नेता ने कहा, यहां तक कि प्राकृतिक आपदाएं जैसे चक्रवात अम्फान और यास और स्वास्थ्य आपदा जैसे कि कोविड महामारी में राहत वितरण और महामारी खरीद के नाम पर इसका दुरुपयोग करके भ्रष्ट तरीकों से केन्द्रीय योजना के लिए दिये धन को अवैध तरीके से निकाला जा रहा है। श्री अधिकारी ने कहा कि मनरेगा का भी धन उगाहने वाली मशीनरी के तौर पर उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा, धन की हेराफेरी करने के लिए नए-नए तरीके अपनाए जा रहे हैं, जैसे पौध रोपण। पौधरोपण के नाम पर करोड़ों रुपये का गबन किया जा रहा है।

### त्रिपुरा : नाबालिग के साथ दुष्कर्म के दोषी को बीस वर्ष का कारावास

अगरतला। त्रिपुरा की एक अदालत ने एक व्यक्ति को सितम्बर 2020 में एक चौदह वर्षीय नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का दोषी साबित होने के बाद बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दक्षिण त्रिपुरा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आरोपी चीरनजीत पाल (28) को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और पॉक्सो अधिनियम के तहत बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। चिरंजीत पाल ने मनुबाजार पुलिस स्टेशन के सबरुम कस्बे के माधवनगर क्षेत्र में अपने घर आई नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। लड़की उसी क्षेत्र की रहने वाली अपनी एक रिश्तेदार के साथ पाल के घर गई थी। चिरंजीत ने लड़की को अपने घर पार्टी के लिए मीट बनाने के लिए बुलाया था। लड़की वहां पहुंची तो पाल ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने कहा कि उसे इस घटना के बारे में बताने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी। हालांकि एक हफ्ते बाद उसने अपने माता पिता को इस घटना के बारे में बताया तो पीड़िता के पिता ने मनुबाजार पुलिस स्टेशन में चीरनजीत के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

### तेलंगाना के 19 जिलों के लिए मौसम विभाग ने किया ऑरेंज अलर्ट जारी

हैदराबाद। तेलंगाना में मौसम विभाग ने शनिवार को राज्य के 19 जिलों में भारी बारिश या फिर अतिवृष्टि होने को अनुमान जताते ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्यों के 19 जिलों – कोमाराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, राजन्ना सिरिसिला, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम, नालगोंडा, सूर्यापेट, महबूबाबाद, वारंगल (ग्रामीण), वारंगल (शहरी), जंगगांव, सिद्दीपेट, यादाद्री भुवनगिरी, रंगारेड्डी, विकाराबाद, संगारेड्डी, मेडक और कामारेड्डी में रविवार सुबह तक भारी और मूसलाधार बारिश होने का अनुमान जताया गया है। इसलिए इन जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बताया कि कल साढ़े आठ बजे तक राज्य के आदिलाबाद, निर्मल, निजामाबाद, जगतियाल, करीमनगर, पेद्दापल्ली और खम्मम जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इसको लेकर भी विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

### केरल में इडुक्की बांध का जलस्तर बढ़ा

इडुक्की। केरल में पर्वतीय जिले इडुक्की में लगातार बारिश के कारण इडुक्की बांध में बढ़ते जलस्तर के मद्देनजर रेड अलर्ट जारी किया गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक जलग्रहण क्षेत्रों में भारी बारिश के कारण इडुक्की बांध का जल स्तर 2,403 फुट की क्षमता के मुकाबले 2,382.52 फुट तक पहुंच गया है जिसके कारण बांध के स्पिलवे शटर को किसी भी समय खोला जा सकता है। उन्होंने बताया कि पेरियार नदी के किनारे रहने वाले लोगों को बढ़ते जल स्तर से सतर्क रहने को कहा गया है।

### केरल में मुन्नार के पास भूस्खलन

इडुक्की। केरल में इडुक्की जिले में मुन्नार के निकट कुंडला पुथुक्कुडी में शनिवार की सुबह मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन होने से दो दुकानों और एक मंदिर पर भारी मात्रा में मलबा जमा हो गया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। भूस्खलन के बाद करीब 142 परिवारों को देवीकुलम पंचायत के राहत शिविरों में स्थानांतरित कर दिया गया। मलबे में दो ऑटो रिक्शा के फंस जाने से सड़कों पर यातायात अवरूद्ध हो गया है। पिछले वर्ष अगस्त में मुन्नार के पास पेटीमुडी में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से करीब 55 लोग मारे गये थे।

### वैशाली में 260 कार्टन विदेशी शराब बरामद

**हाजीपुर।** बिहार में वैशाली जिले के बलिगांव थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि सूचना के आधार पर शुक्रवार की देर रात अगरैल गांव स्थित एक ठिकाने पर छापेमारी की गयी। इस दौरान एक ट्रक पर लदी 260 कार्टन हरियाणा निर्मित विदेशी शराब बरामद की गयी। बरामद शराब की कीमत करीब 30 लाख रूपये है। सूत्रों ने बताया कि मौके से एक कार और बाइक भी बरामद की गयी है। इस सिलसिले में किसी को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### तिरंगा 'हर दिल में' है, जरूरत रोजगार की है

नयी दिल्ली। जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द के उपाध्यक्ष सैयद अमीनुल हसन ने केंद्र सरकार को निशाना बनाते हुए शनिवार को कहा कि तिरंगा 'हर दिल में है', इसलिये सरकार को हर घर में नौकरी पहुंचाने पर ध्यान देना चाहिये। श्री हसन ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा, तिरंगा हर दिल में है। हमें हर घर में तिरंगा से ज्यादा हर घर में नौकरी चाहिये। उसके लिये सरकार कुछ काम करे। श्री हसन ने सरकार पर असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा, हम कहते हैं कि यह (हर घर तिरंगा) %दिखावा% है। हर घर में नौकरी देना मुश्किल काम है, जिसे सरकार नहीं करना चाहती, न ही उसे लेकर संजीदा है। हर घर में तिरंगा पहुंचाना आसान है, इसलिये सरकार इस पर ध्यान दे रही है। हम उन्हें बताना चाहते हैं कि तिरंगा हर घर में ही नहीं, बल्कि हर दिल में है। इसी बीच, जमाअत के महासचिव मोहम्मद सलीम ने लगातार बढ़ती महंगाई पर सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की बढ़ती कीमतों ने मजदूर वर्ग पर सबसे ज्यादा बोझ डाला है। श्री सलीम ने कहा कि जमाअत पैक किये गये दूध, दही और पनीर जैसे रोजमर्रा के इस्तेमाल वाले खाद्य पदार्थों पर कर लगाने के लिये वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) ढांचे में हालिया बदलाव से निराश है। यह अपने नागरिकों की जरूरतों और चिंताओं के प्रति सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है।

# 28 घंटे तक पेड़ पर लटकी रही साधु की बॉडी

## भाजपा विधायक सहित 3 पर केस; रिजॉर्ट बनाने को लेकर विवाद, समाधि देते समय पथराव

एजेंसी



**रानीवाड़ा (जालोर)।** राजस्थान में 20 दिन के अंदर एक और संत ने सुसाइड कर लिया। भाजपा विधायक पर आश्रम का रास्ता बंद करने का आरोप लगाकर संत ने अपने आश्रम में ही लगे पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। मामले की सूचना मिलने पर प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंचे अफसरों ने शव को पेड़ से उतारना चाहा, लेकिन स्थानीय लोगों के विरोध के कारण वह ऐसा नहीं कर सकते। आश्रम के साधु और ग्रामीण मांग कर रहे थे कि संत का सुसाइड नोट सार्वजनिक किया जाए। करीब 28 घंटे बाद प्रशासन ने जब उनकी शर्त मांगी तब वे शव को उतार पाए।

इधर, बाबा को समाधि देते वक्त जगह को लेकर विवाद हो गया। साधु के समर्थक विधायक की जमीन पर समाधि देना चाहते थे, इस पर पुलिस ने रोका। इससे नाराज लोगों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। पथराव 20 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। वहीं एक कांस्टेबल को भी चोट लगी है, जिसे हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। फिलहाल समाधि नहीं दी जा सकी है।

मामला, जालोर जिले के राजपुरा गांव का है। यहां हनुमान आश्रम के साधु रविनाथ महाराज (60) ने गुरुवार देर रात आश्रम में सुसाइड कर लिया था। शव शनिवार सुबह करीब 10.30 बजे उतारा गया। इससे पहले शुक्रवार रात को करीब आठ बजे भीनमाल से भाजपा विधायक पूराराम चौधरी सहित तीन लोगों के खिलाफ जातिसूचक शब्द कहने व धमकाने का मामला दर्ज किया गया।

**यह है पूरा विवाद**

आश्रम और सुंधा माता सड़क के बीच भीनमाल विधायक पूराराम चौधरी की 20 बीघा जमीन है। इस जगह विधायक चौधरी का रिजॉर्ट प्रस्तावित है। जमीन करोड़ों की बताई जा रही है। यदि जमीन की चारदीवारी बनाई जाती है तो सड़क से आश्रम जाने का रास्ता बंद हो जाता है।

पिछले दो दिनों से इस जमीन की पैमाइश करवाई जा रही थी। बताया जा रहा है रास्ता बंद होने व विधायक की दादागिरी से परेशान संत रविनाथ ने सुसाइड कर लिया। आगे बढ़ने से पहले नीचे दिए गए पोल में हिस्सा लेकर आप अपनी राय दे सकते हैं।

**रास्ता दिया जाएगा**

जसवंतपुरा एसडीएम राजेंद्र सिंह ने बताया कि हमने आश्रम तक रास्ता देने की बात मान ली है। प्रशासन और साधु-संतों के बीच बनी सहमति के बाद श्री बाला हनुमान जी आश्रम तक जाने के लिए प्रशासन आधिकारिक तौर पर रास्ता देगा।आश्रम व सड़क के बीच विधायक की ओर से खुदवाई गई खाई को रेती से भरा जाएगा।

# बोम्मई हुए कोरोना संक्रमित, दिल्ली का दौरा किया रद्द



बेंगलुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। श्री बोम्मई ने शनिवार को खुद इसकी जानकारी दी। इसके साथ ही उनका आज राजधानी दिल्ली का दौरा भी रद्द हो गया।

मुख्यमंत्री ने खुद को घर में क्वारंटीन कर लिया है। उन्होंने पिछले कुछ दिनों में अपने संपर्क में आने वालों से कहा है कि वे अपना कोविड परीक्षण कराएं।

बोम्मई ने ट्वीट किया, हल्के लक्षणों के साथ कोरोना परीक्षण में मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जो लोग पिछले कुछ दिनों में मेरे संपर्क में आए, कृपया खुद को आइसोलेट करें और अपना टेस्ट कराएं। मैंने दिल्ली का दौरा भी रद्द कर दिया है।

मुख्यमंत्री बोम्मई को 'आजादी का अमृत महोत्सव' की राष्ट्रीय समिति की तीसरी बैठक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक में शामिल होने के लिए शनिवार को दिल्ली जाना था।

इससे पहले श्री बोम्मई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए 24 और 25 जुलाई को दिल्ली के दो दिवसीय दौरे पर थे।

गौरतलब है कि श्री बोम्मई से पहले कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन भी कोरोना से संक्रमित हुए थे।

# भीलवाड़ा के बड़ा मंदिर में मनाया जायेगा अमृत महोत्सव

एजेंसी

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा शहर के बड़ा मंदिर में आजादी के पचहतर वर्ष पूर्ण होने पर पन्द्रह अगस्त को अमृत महोत्सव मनाया जाएगा और तिरंगा थीम्स पर चारभुजा नाथ के विशेष छप्पन भोग की तैयारी की जा रही है।

महोत्सव के मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने बताया कि 290 वर्ष पुराने इस बड़े मंदिर में आजादी के 75वर्ष की याद ताजा करने के लिए उसे यादगार बनाने के लिए इस बार चारभुजा नाथ के छप्पन भोग में तिरंगा थीम्स दी जायेगी। पन्द्रह अगस्त को आयोजित चारभुजा नाथ के सुबह से ही कहीं आयोजन होंगे प्रात: सवा पांच बजे दुग्ध अभिषेक आठ बजे से सवा बारह बजे तक भजन गंगा एवं छप्पन भोग दर्शन साढ़े ग्यारह बजे मंदिर शिखर पर ध्वजा का विशेष आयोजित होगा। सवा बारह बजे बाद प्रसाद का वितरण किया जाएगा। इस बार अमृत महोत्सव के तहत चारभुजा नाथ के छप्पन भोग की विशेष तैयारी की जा रही है जिसमें 150 व्यंजनों से ज्यादा व्यंजन पहली बार प्राकृतिक तिरंगे रंग में बनाने की तैयारी की जा रही है। बाहर से बुलाए विशेष हलवाई द्वारा 14 अगस्त से ही इसकी तैयारी प्रारंभ कर दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि चारभुजा नाथ का श्रंगार तिरंगे कलर के फूलों से खाटू श्याम के दर्शन होंगे। तीन रंगों में पोशाक , मंदिर की सजावट में तीन रंग में मालाएं, इतने ही रंगों में गुब्बारे, चुन्नियां एवं विशेष व्यंजनों का निर्माण कराकर चारभुजा को अर्पण किया जाएगा। इस बार के 15 अगस्त के दिन आयोजित छप्पन भोग के विशेष दर्शनों की व्यवस्था भी रहेगी।

### भीलवाड़ा में ट्रांसपोर्ट नगर रहा बंद

**भीलवाड़ा।** राजस्थान के भीलवाड़ा में यात्री बसों में माल ढुलाई को वैध करने और स्थानीय समस्याओं को प्रशासन के अनदेखा करने के विरोध में आज ट्रांसपोर्ट नगर बंद रहा। बंद के चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा वहीं प्रतिदिन माल ढुलाई करने वाले करीब 800 वाहन और इससे जुड़े पांच हजार व्यक्ति बंद के चलते प्रभावित हुए हैं। इस दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस का पूरा बंदोबस्त किया गया। बंद शांतिपूर्ण रहा और कहीं से कोई अप्रिय खबर प्राप्त नहीं हुई। इस बीच एसडीएम एवं सीओ सिटी ने मौके पर जाकर ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों से चर्चा कर आश्वासन दिया कि वे संबंधित विभागों से ट्रांसपोर्ट नगर का सर्वे करवाकर समस्याओं का जल्द समाधान करायेंगे। इस आश्वासन के बाद व्यवसायियों ने वाहन रैली स्थगित कर दी।

# कांग्रेस की मुश्किलें और बढ़ीं, विरोध-प्रदर्शन मामले में दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया केस

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस के विरोध-प्रदर्शन के सिलसिले में तुगलक रोड पुलिस थाने में एक मामला दर्ज किया है। विपक्षी दल कांग्रेस ने महंगाई, बेरोजगारी और आवश्यक वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में बढ़ोतरी के खिलाफ शुक्रवार को देशव्यापी विरोध का आह्वान किया था।

डीसीपी (नई दिल्ली) अमृता गुगुलोथ ने बताया कि भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धाराओं 186 (लोक सेवक को सार्वजनिक कार्यों के निर्वहन से रोकना), 188 (लोक सेवक के विधिवत आदेश की अवज्ञा), 332 (लोक सेवक को उसका काम करने से रोकने के लिए जानबूझकर चोट पहुंचाना) और 34 (साझा इरादा) के तहत तुगलक रोड पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।



**दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस को नहीं दी थी प्रदर्शन की अनुमति**

बता दें कि, दिल्ली पुलिस ने नई दिल्ली जिले में निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस को प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी थी। पुलिस ने लुटियंस दिल्ली से शुक्रवार को 65 सांसदों सहित 300 से अधिक प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया था। कांग्रेस ने मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी और आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी बढ़ाए जाने के खिलाफ 5 अगस्त को बड़े पैमाने पर विरोध की योजना बनाई थी। प्रदर्शन के तहत कांग्रेस राष्ट्रपति भवन तक मार्च निकालेगी और प्रधानमंत्री आवास का घेराव करेगी। अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली पुलिस ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव के. सी. वेणुगोपाल को लिखे एक पत्र में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत नयी दिल्ली जिले में निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए पार्टी को विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था।

# कोरोना प्रबंधन की तरह लम्पी रोग पर भी पाएंगे प्रभावी नियंत्रण: गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य सरकार को पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए कृतसंकल्पित बताते हुए कहा है कि प्रदेश के कई जिलों के पशुओं में लम्पी स्किन रोग का संक्रमण तेजी से फैला है लेकिन जल्द से इस पर नियंत्रण पा लिया जाएगा।



गहलोत ने शुक्रवार को दिल्ली के बीकानेर हाउस से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लम्पी स्किन रोग की रोकथाम को लेकर समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दवाईयों, चिकित्सकों, एंबुलेंस सहित अन्य आवश्यकताओं के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। राज्य सरकार हर समय पशुपालकों के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से हम इस संक्रमण से भी निजात पा सकेंगे।

गहलोत ने कहा कि कोरोना काल में राजस्थान के कोरोना प्रबंधन की जिस तरह पूरे देश में चर्चा रही, उसी तरह लम्पी स्किन रोग पर भी सभी के सहयोग से प्रभावी नियंत्रण कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोकथाम के लिए विधायक, महापौर, जिला प्रमुख, प्रधान, सरंपचों सहित सभी जनप्रतिनिधिगणों की महत्वपूर्ण भूमिका है। वे अपने क्षेत्रों में दौरा करके पशुपालकों को जागरूक करें। श्री गहलोत ने जिला प्रभारी मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में जाकर स्थिति जानने और आमजन को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावित जिलों के जनप्रनिधियों से कहा कि वे स्थानीय पशुपालकों, किसानों, दुग्ध विक्रेताओं, गौशाला संचालकों के साथ बैठकें कर उन्हें जागरूक करें।

मुख्यमंत्री ने संक्रमित पशुओं के उपचार में जुटे चिकित्सकों, वेटेनरी स्टॉफ और विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया। इनकी सजगता और सतर्कता से ही संक्रमण और मृत्यु दर में कमी आई है। उन्होंने कहा कि जिस तरह कोरोना काल में विधायकों द्वारा अपने एमएलए फंड से सहायता राशि दी गई, उसी तरह अब भी जारी करें।

# अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने पर सुनाई उम्र कैद की सजा

शहडोल। मध्यप्रदेश के डिण्डोरी जिले के पाक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश ने एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में आरोपी को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

अभियोजन के अनुसार 15 दिसंबर 2018 को जिले के करंजिया थाने के चौरादादर गाँव से एक नाबालिग लड़की को गौतम प्रसाद यादव भगा ले गया और कई स्थानों पर रूक कर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। इस मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने आरोपी को अमरकण्टक के पास स्थित एक गाँव से आरोपी को गिरफ्तार किया और पीड़िता को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने प्राथमिक जाँच पड़ताल के बाद अदालत में आरोप पत्र पेश किया। अदालत में सुनवाई के दौरान विषेश न्यायाधीश ने आरोपी को दोषी पाया और कल उसे आजीवन कारावास की सजा से दण्डित किया है।

# कोविड संक्रमण बढ़ने को लेकर सात राज्यों को पत्र

नई दिल्ली। केंद्र ने देश में बढ़ते कोविड संक्रमण पर चिंता व्यक्त करते हुए दिल्ली, केरल, और महाराष्ट्र समेत सात राज्यों को पत्र लिखा है और आगामी त्योहारी सीजन में सतर्कता बरतने को कहा है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि मंत्रालय में सचिव राजेश भूषण ने दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, केरल, ओडिशा और तमिलनाडु के प्रधान सचिवों और स्वास्थ्य सचिवों को अलग-अलग पत्र लिखा है। श्री भूषण ने प्रत्येक राज्य में उन जिलों के अलग-अलग जानकारी दी है, जहां कोविड संक्रमण में पिछले एक महीने में तेजी से इजाफा हुआ है।

पत्रों में कहा गया है कि सभी को राज्यों को आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए और कोविड मानकों का पालन सख्ती से करना चाहिए।

राज्यों को संक्रमित व्यक्तियों इलाज की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए और पूरी प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। इसके अलावा कोविड टीकाकरण पर विशेष जोर देना चाहिए। राज्यों ? को सभी संदिग्ध व्यक्तियों के एकत्र किए गए नमूनों को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए भेजना चाहिए।

भूषण ने कहा है कि कोविड संक्रमण से निपटने के संसाधनों की देश में कोई कमी नहीं है। राज्यों को इनका पूरा इस्तेमाल करना चाहिए।

### किरीट सोमैया की पत्नी संजय राउत के खिलाफ अदालत का रुख किया

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा किरीट सोमैया ने शिवसेना सांसद संजय राउत के खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया और उन्होंने शनिवार को यहां अदालत में एक नई याचिका दायर कर मानहानि मामले की सुनवाई में श्री राउत के उपस्थित नहीं होने पर उनके खिलाफ पेशी वारंट जारी करने का निर्देश देने की मांग की। श्री राउत आठ अगस्त तक प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत में होने के कारण अदालत में उपस्थित नहीं हो सके थ। मेधा सोमैया के वकील विवेकानंद गुप्ता ने न्यायधीश पी आई मोक्षी से श्री राउत के खिलाफ पेशी वारंट जारी करने का अनुरोध किया। अदालत ने 18 अगस्त तक मामले की सुनवाई को स्थगित कर दिया है।

# भोपाल महापौर मालती राय ने ली शपथ, शिवराज हुए शामिल

एजेंसी

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में आज भोपाल की नव निर्वाचित महापौर मालती राय ने शपथ ग्रहण की।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित पार्षदों ने भी शपथ ग्रहण की। कलेक्टर भोपाल अविनाश लवानिया ने शपथ ग्रहण करवाई।

मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग समेत अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि विनम्रता के साथ जनसेवा का उदाहरण प्रस्तुत करें। एक बार निर्वाचित हो जाना आसान है। इसके बाद पुन: निर्वाचित होना प्रत्याशी के व्यवहार और आम जनता के लिए किए गए कार्य के आधार पर निर्धारित होता है। मध्यप्रदेश शासन की ओर से भोपाल नगर निगम को विकास कार्यो के लिए आवश्यक वित्तीय सहयोग किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि हाल ही में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंटकर उन्होंने भोपाल के लिए अनेक फ्लाईओवर मंजूर करवाए हैं। भोपाल में सड़क परिवहन के साथ ही एयर कनेक्टिविटी से जुड़ी आधुनिक तकनीक का उपयोग कर आम जनता को नए परिवहन साधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। इनमें केबल कार भी शामिल है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नगर को क्लीन और ग्रीन बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने की भी अपील की और कहा कि जनप्रतिनिधि और नागरिक मिलकर राष्ट्रप्रेम के इस प्रतीक पर्व आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर राष्ट्रध्वज फहराऐं। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# करोड़ों रूपये की योजनाओं में गड़बड़ी के मामले में दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की : न्यायालय

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने तीर्थनगरी हरिद्वार जनपद के लक्सर में करोड़ों रुपये लागत से बनने वाली सिंचाई विभाग की तीन परियोजनाओं में भारी गड़बड़ी के मामले में राज्य सरकार का जवाब तलब किया है और पूछा है कि दोषियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी है।

मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी तथा न्यायमूर्ति आर.सी. खुल्बे की युगलपीठ ने हरिद्वार निवासी रतनमणि डोभाल की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए विगत 03 अगस्त को ये निर्देश जारी किये। आदेश की प्रति आज मिली है।

याचिकाकर्ता की ओर से याचिका में हरिद्वार जनपद के लक्सर में 5321.94 लाख रूपये की लागत से सिंचाई विभाग की तीन परियोजनाओं में वित्तीय गड़बड़ी का उल्लेख किया गया है।

इनमें 2365.39 लाख रुपये की लागत से जगजीतपुर सिंचाई गूल, लक्सर में सोलानी नदी के बायें छोर पर 2260.57 लाख रुपये की लागत से बाढ़ सुरक्षा कार्य तथा 695.98 रुपये की लागत से सुभाषगढ़ सिंचाई नहर का निर्माण किया जाना शामिल है।

याचिकाकर्ता की ओर से अदालत को बताया गया कि इन परियोजनाओं में भारीभरकम धनराशि खर्च होने के बावजूद उक्त परियोजनाएं पूरी नहीं हो पायीं और विफल हो गयी हैं। याचिकाकर्ता की ओर से आगे कहा गया कि विभागीय जांच में भी दो परियोजनाओं में घोर अनियमितता की पुष्टि हुई है और प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में सिंचाई विभाग के हरिद्वार में तैनात तत्कालीन मुख्य अभियंता दिनेश चंद्र (स्तर-2,) व अधीक्षण अभियंता राकेश कुमार तिवारी की भूमिका पर भी सवाल उठाये गये हैं।

याचिकाकर्ता की ओर से आगे कहा गया कि जगजीतपुर सिंचाई गूल का निर्माण नहीं होने से सीवर का पानी गंगा में प्रवाहित हो रहा है। अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए प्रदेश सरकार, सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता, मुख्य अभियंता (लेवल-2) व अधीक्षण अभियंता, हरिद्वार को नोटिस जारी कर पूरे प्रकरण में चार सप्ताह में प्रतिशपथ पत्र पेश करने को कहा है।

# दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन की पत्नी को राहत, कोर्ट ने दी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जेल में बंद सत्येंद्र जैन की पत्नी पूनम जैन को कोर्ट ने राहत दी है। कोर्ट ने पूनम जैन को एक लाख रुपए के मुचलके पर अंतरिम जमानत दी है। साथ ही कोर्ट अब इस मामले में अगली सुनवाई 20 अगस्त को करेगी। मालूम हो कि मामले की पिछली सुनवाई पर कोर्ट ने ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को समन जारी कर पेश होने का आदेश दिया था। दरअसल ईडी ने कोलकाता की एक कंपनी से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग के सिलसिले में दिल्ली सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को 30 मई को गिरफ्तार किया था। इसी मामले में ईडी ने सत्येंद्र की पत्नी पूनम जैन को भी पूछताछ के लिए 14 जुलाई को पेश होने का समन भेजा था। हालांकि खराब स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए पूनम जैन जांच और पूछताछ में शामिल नहीं हो पाई थीं और उन्होंने वक्त मांगा था। गौरतलब है कि ईडी की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो के 2017 के एक मामले पर आधारित है, जिसमें यह आरोप लगाया गया था कि आप नेता और उनकी पत्नी पूनम जैन ने फरवरी 2015 और मई 2017 के बीच रू 1.47 करोड़ की आय से अधिक संपत्ति अर्जित की थी।

## शार्ट न्यूज

### मीत हेयर द्वारा केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ मुलाकात



नयी दिल्ली। पंजाब के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर द्वारा आज नयी दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ मुलाकात करके खेल सम्बन्धी बनाई जाती केंद्रीय स्कीमों में पंजाब को प्राथमिकता देने की माँग की गई। खेल मंत्री मीत हेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पंजाब में खेल सभ्याचार पैदा करने के लिए विशेष तौर पर यत्न कर रही है। पंजाबी खिलाडियों के अथाह सामर्थ्य को देखते हुये भारत सरकार को खेल बुनियादी ढांचे, खेल सैंटर समेत खेलो इंडिया आदि स्कीमों में पंजाब को प्रमुखता देनी चाहिए जिससे देश के खेल को भी बड़ा बढ़ावा मिलेगा। अभी से ही अगले साल होने वाले एशियायी खेलों और 2024 में होने वाले पैरिस ओलम्पिक खेल की तैयारी शुरू करनी होगी। मीत हेयर ने कहा कि आरंभ से ही पंजाब का खेल से पक्का रिश्ता रहा है। बरमिंघम में चल रहे कामनवैल्थ खेलों में पंजाब के खिलाड़ी जहाँ बड़ी संख्या में हिस्सा ले रहे हैं वहीं चार वेटलिफटरों ने पदक भी जीते हैं। भारतीय हॉकी टीम के कप्तान समेत 11 खिलाड़ी पंजाब के हैं। पंजाब के खेल मंत्री ने श्री ठाकुर के साथ पंजाब और देश की खेल संबंधी चर्चा की, कैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के खिलाड़ी जीत हासिक करें। इस मौके पर पंजाब से राज्य सभा मैंबर संजीव अरोड़ा और खेल विभाग के प्रमुख सचिव राज कमल चौधरी और डायरैक्टर राजेश धीमान भी उपस्थित थे।

### भर्ती परीक्षा में अनियमितताओं पर बड़ा एक्शन, शिक्षा निदेशालय ने दिल्ली के 72 टीचरों को किया बर्खास्त

नई दिल्ली। शिक्षा निदेशालय (डीओई) ने दिल्ली के सरकारी विद्यालयों के 72 शिक्षकों द्वारा भर्ती परीक्षा के दौरान जमा कराई गई तस्वीरों और उनके बायोमेट्रिक्स के बीच मिलान नहीं होने के बाद उन्हें बर्खास्त किए जाने का नोटिस भेजा है। डीओई समिति ने कहा था कि इन उम्मीदवारों ने 2018 में दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) द्वारा आयोजित परीक्षा में बैठने के लिए अपनी जगह किसी और को भेजा था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। निदेशालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इन उम्मीदवारों को सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद विभिन्न पदों पर नामित किया गया था और उन्हें स्कूल आवंटित किए गए थे। डीएसएसएसबी ने 2021 की शुरुआत में उनके बायोमेट्रिक्स को सत्यापित किया था था, जिसके बाद समिति ने डीओई को तस्वीरों का मिलान नहीं होने का विवरण देते हुए एक रिपोर्ट सौंपी। उन्होंने कहा कि ये 72 शिक्षक (पुरुष और महिला दोनों) दिल्ली के विभिन्न विद्यालयों में परिवीक्षा पर काम कर रहे हैं।

### थाना सेक्टर-58 पुलिस ने मुठभेड़ के उपरांत एक शातिर लुटेरे को किया गिरफ्तार



**नोयडा।** थाना सेक्टर 58 पुलिस ने मुठभेड़ के उपरांत एक लुटेरे सददाम पुत्र इस्लाम निवासी मोती कॉलोनी जनपद हापुड़ को छोटा डी पार्क और एनआईबी चौक से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ में उपरोक्त अभियुक्त पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। जिसे पुलिस द्वारा उपचार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने 5 अगस्त 2022 को थाना क्षेत्र से लूटा गया मोबाइल फोन, चोरी की स्पलैण्डर मोटरसाइकिल और एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा व एक कारतूस खोका बरामद किया है। गौरतलब है कि शनिवार तड़के थाना सेक्टर-58 नोएडा पुलिस द्वारा छोटा डी पार्क के पास चेकिंग की जा रही थी। तभी बाइक पर आ रहे एक व्यक्ति को रूकने का इशारा किया गया। जिसपर उक्त व्यक्ति द्वारा रूकने के बजाय पुलिस पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा उक्त बदमाश का पीछा करने पर छोटा डी पार्क और एनआईबी चौके के बीच आत्मरक्षार्थ हेतु चलाई गयी गोली पैर में लगने के कारण बदमाश सददाम घायल हो गया। उपरोक्त बदमाश के विरूद्ध विभिन्न थानों में लूट, चोरी व अन्य अपराधों से सम्बन्धित 15 के करीब मुकदमें दर्ज है। अभियुक्त शातिर किस्म का लुटेरा है।जिसके विरूद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### थाना फेस वन पुलिस लुटेरे बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़, एक अभियुक्त गिरफ्तार

**नोयडा।** थाना फेस वन पुलिस की शनिवार को लुटेरे बदमाशों के बीच सेक्टर 14 के नाले के पास मुठभेड़ हो गई।पुलिस में एक लुटेरा गोली लगने से घायल हो गया। जिसे पुलिस द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।जिसकी पहचान चिंकी गारफिल्ड विन्फील्ड पुत्र रिचर्ड विन्फील्ड निवासी 21 की झुग्गी कल्याण पुरी दिल्ली के रूप में हुई है। अभियुक्त का एक साथी इस्तेखार निवासी कल्याण पुरी दिल्ली वर्तमान पता सेक्टर 63 बताया मौके से फरार हो गया है। जिसकी तलाश हेतु कांबिंग की जा रही है। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने 5 अगस्त 2022 को थाना सैक्टर 63 नोएडा क्षेत्र से लूटी एक मोटरसाइकिल नंबर यूपी 16 बीए 3247 सिटी 100, लूट के मोबाइल,दो मोबाइलो के पुर्जे एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा व एक कारतूस खोका बरामद किया।दोनों बदमाश शातिर किस्म के अपराधी है जो वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देकर उन्ही वाहनों से लूट आदि की घटनाये कारित करते है।

## मनीष सिसोदिया ने डीसीपीसीआर जर्नल 'चिल्ड्रन फर्स्ट- जर्नल ऑन चिल्ड्रन लाइव्स' का दूसरा अंक लॉन्च किया

### डीसीपीसीआर जर्नल के दूसरे संस्करण में कुल 23 लेख शामिल, इसमें बच्चों के 9 लेखों को भी किया गया है शामिल

**प्रफुल्ल राय/गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री श्री मनीष सिसोदिया ने शनिवार को दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) के जर्नल चिल्ड्रन फर्स्ट-जर्नल ऑन चिल्ड्रन लाइव्स के दूसरे अंक का विमोचन किया। ये एक समावेशी जर्नल है जो डिस्कशन, बेहतर प्रैक्टिसेज को साझा करने, रिफ्लेक्शन, आलोचना-समालोचना, पालिसी व विभिन्न बुक रिव्यु और रिसर्च पर आधारित है। इसका उद्देश्य बच्चों के अधिकारों से जुड़े के मुद्दों, उनसे जुड़े पॉलिसी प्रैक्टिसेज पर फोकस करना है। यह शिक्षकों, हेल्थ प्रोफेशनल्स, सिविल सोसाइटीज आर्गेनाइजेशनस आदि को भारत में बच्चों की स्थिति पर अपने विचार और राय साझा करने के लिए मंच प्रदान करता है। वीर.सावरकर.एस.के.वी में आयोजित जर्नल लांच के इस कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी.वी. नागरत्ना बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। जर्नल का दूसरा अंक कोरोना के प्रभाव में बच्चों के विभिन्न मुद्दों और उनके अधिकारों पर अपना ध्यान केंद्रित करता है।

इस मौके पर उपमुख्यमंत्री श्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि,




डीसीपीसीआर जर्नल का दूसरा अंक बच्चों के मुद्दों पर महत्वपूर्ण रूप से केंद्रित है और महामारी के दौरान विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में उनके अनुभवों को प्रदर्शित करता है, जो भविष्य में भारत में बच्चे के लिए सरकारों को बेहतर नीतियों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करेगा। बच्चों के लिए भारत की पुनर्कल्पना विषय पर अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने कहा कि ,मैं भविष्य में भारत को एक ऐसे देश के रूप में देखना चाहता हूं, जहां बच्चों और उनके परिवारों को शिक्षा, नौकरी, स्वास्थ्य, सुरक्षा और न्याय के लिए दूसरे पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें अपने देश को ऐसी जगह के रूप में विकसित करना होगा जहां दूसरे देशों के माता-पिता अपने बच्चों को बेहतर नौकरी के अवसरों और बेहतर जीवन के लिए भारत में भेजने के विषय में सोचेंगे।

उपमुख्यमंत्री ने कहा, आज, भारतीय परिवारों में माता-पिता द्वारा बच्चों के भविष्य के बारे में चर्चा करते हुए उन्हें बेहतर शिक्षा व नौकरी के लिए के लिए उन्हें विदेशों में भेजने के विषय में सोचना आम हैं। देश में बच्चे को पालने और भविष्य बनाने की सोच दिन-ब-दिन कम होती जा जा रही है। हम विभिन्न स्तरों पर विभिन्न पहलों के माध्यम से इस परिदृश्य को बदलने के लिए अपने सभी प्रयासों को आगे बढ़ा रहे हैं, लेकिन इसमें बड़ा बदलाव केवल स्कूलों, कक्षाओं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से ही लाया जा सकता है।

## उपराज्यपाल के निर्णय से सरकार को हजारों करोड़ के राजस्व का नुकसान : सिसोदिया

**आनंद राय/गौरवशाली भारत**

नयी दिल्ली। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि कुछ चुनिंदा दुकानदारों को फायदा पहुँचाने की नीयत से एक्साइज पॉलिसी 2021-22 में शराब की दुकानों के खुलने से ठीक दो दिन पहले उपराज्यपाल ने अपना निर्णय बदला जिससे सरकार को हजारों करोड़ के राजस्व का नुकसान हुआ।

श्री सिसोदिया ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि मई 2021 में जब सरकार ने एलजी ऑफिस में पॉलिसी को मंजूरी के लिए भेजा तो उपराज्यपाल ने इसे ध्यान से पढ़कर इसमें कई बड़े बदलाव करवाए थे।

उस समय उनका स्टैंड अनऑथराइज्ड एरिया में दुकानें खोले



जाने के पक्ष में था और उन्होंने उसे बाकायदा मंजूरी भी दी लेकिन वह पॉलिसी जिसे कैबिनेट ने व स्वयं एलजी ने मंजूरी दी थी, उसे किसके दबाव में आकर दुकानों के खुलने से ठीक दो दिन पहले बदला गया और क्यों कुछ दुकानदारों को फायदा पहुँचाने के लिए एलजी द्वारा अपने स्तर पर ही यह निर्णय लिया।

उपमुख्यमंत्री ने इस मसले का पूरा ब्यौरा सीबीआई को भेजा है और इसकी जाँच की मांग की है।

श्री सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली में नई एक्साइज पॉलिसी 2021-22 के तहत दिल्ली में शराब की दुकानों की कुल संख्या न बढ़ाते हुए उन्हें पूरी दिल्ली में समानता के आधार पर वितरित करने का प्रावधान रखा गया था। दिल्ली में पहले 849 दुकानें थी, नई पॉलिसी में भी पूरी दिल्ली में 849 दुकानें होनी थी और ये दुकानें पूरी दिल्ली में बराबर बटनी थी। इसलिए पॉलिसी में ऐसे वार्डस का विवरण देते हुए बहुत स्पष्ट लिखा गया था कि दिल्ली के हर वार्ड में, यहां तक कि जहां पहले एक भी दुकान नहीं थी वहां भी, कम से कम दो दुकानें खोलने का प्रावधान रहेगा। उपराज्यपाल ने नई पॉलिसी को बहुत ध्यान से पढ़ कर ही इन प्रस्तावों को मंजूरी दी थी।

### आधार नंबर एकत्रीकरण करने के लिए जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर होगा विशेष कैंप का आयोजन

ग्रेटर नोएडा। भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी सुहास एलवाई के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने जनपद के समस्त मतदाताओं का आह्वान करते हुए जानकारी दी है कि विधान सभा निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण मतदाताओं के स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्रीकरण कार्यक्रम के तहत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची में शामिल सभी मतदाताओं से आधार नम्बर एकत्र किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। मतदाताओं को विशेष सुविधा देने के प्रयोजन से माह अगस्त 2022 में दो विशेष कैम्प जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर आयोजित किये जायेगें।

## केजरीवाल और सिसोदिया को शराब की खराब नीति के पाप की सजा मिलनी तय: मनोज तिवारी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना के द्वारा दिल्ली के आबकारी आयुक्त एवं उपायुक्त के निलंबन की कार्यवाही का स्वागत किया है और एक बार फिर दोहराया कि अब देर हो चुकी है और शराब की खराब नीति को दिल्ली पर थोप कर जो पाप मनीष सिसोदिया और अरविंद केजरीवाल ने किया है उसकी सजा उनको जरूर मिलेगी चाहे वह गुनाहों पर पर्दा डालने के लिए कितनी ही सफाई दे और दिल्ली के खिलाफ केजरीवाल की बुरी साजिश का अंत भी बुरा ही होगा।

सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आज की बड़ी कार्यवाही से यह साबित हो चुका है कि जांच की आंच से शीघ्र ही मनीष सिसोदिया और अरविंद केजरीवाल को कोई बड़ी सजा मिलने वाली है जिसके बाद दिल्ली की जनता



का सामना करने का साहस न केजरीवाल में होगा न मनीष सिसोदिया में उन्होंने कहा कि एक एक कर सारे सबूत दिल्ली की केजरीवाल सरकार के खिलाफ दिल्ली विरोधी उनकी नीतियों को उजागर कर रहे हैं और दिल्ली का हर व्यक्ति अब यह जान गया है की शराब नीति दिल्ली को बर्बाद करने के लिए थी और यह साजिश स्वयं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक बड़े घोटाले को अंजाम देकर अपने स्वार्थ के लिए की थी जांच से इसका राज भी बेनकाब हो जाएगा।

### बिसरख पुलिस ने कैब लूट का पर्दाफाश कर एक लुटेरे अभियुक्त को किया गिरफ्तार,कब्जे से लूटी हुई कार सहित अवैध असलहा बरामद

ग्रेटर नोएडा। थाना बिसरख पुलिस ने कैब लूट का पर्दाफाश कर एक लुटेरे अभियुक्त रमेश कुमार पुत्र धर्मापाल निवासी गली नंबर 2 छिजारसी कालोनी थाना सेक्टर 63 गौतमबुद्धनगर वर्तमान पता गली नंबर 3 जस्सी गढी गौरव मार्किट के पास थाना लोनी बॉर्डर जिला गाजियाबाद को 6 प्रतिशत प्लाट के पास से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने लूट की कैब (स्विफ्ट डिजायर नंबर डी एल1 जेड सी 8211, दो फर्जी नंबर प्लेट, घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन और एक तमंचा मय एक कारतूस जिन्दा बरामद किया है।गौरतलब है कि 11 जुलाई 2022 को तीन व्यक्तियों द्वारा एक कार नंबर डीएल 1 जेडसी 8211 को सुनियोजित तरीके से लूटने के उद्देश्य से जोहरीपुर मेट्रो स्टेशन थाना क्षेत्र लोनी बॉर्डर जनपद गाजियाबाद से एक मूर्ति के लिए बुक किया था। तीनों व्यक्ति इस कार में सवार होकर आए और गाड़ी ड्राइवर गोरेलाल पुत्र गया प्रसाद निवासी रूपार्टी थाना अंबा जिला मुरैना मध्य प्रदेश के साथ मारपीट कर गाड़ी को विजय नाथन स्कूल के पास से लूट कर ले गए और ड्राइवर को वही फेंक गए। उपरोक्त के संबंध में थाना बिसरख पर मुकदमा अपराध संख्या 439 /22 धारा 394 भादवि गाड़ी मालिक सोनू पुत्र मनीराम द्वारा पंजीकृत कराया गया। थाना स्तर से उपरोक्त के अनावरण हेतु टीम का गठन किया गया। अभियुक्त द्वारा गाड़ी को बुक करने में जिस नंबर का प्रयोग किया गया वह नंबर फर्जी नाम पते पर लिया गया था। अभियुक्तगण लूटी गई गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट डालकर चला रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त के अन्य दो साथी कासिम पुत्र मोहम्मद ताहिर निवासी गली नंबर 10 मकान नंबर 238 बुध विहार सेक्टर 63 नोएडा थाना सेक्टर 63 गौतमबुधनगर एवं राजा पुत्र नामालूम अभी फरार है।

## आदेश गुप्ता के नेतृत्व में युवा मोर्चा ने निकाली बाइक तिरंगा रैली

### देश की आज़ादी के लिए प्राणों की आहुति देने वालों को यह सच्ची श्रद्धांजलि है : आदेश गुप्ता





**विवेक राय/गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता के नेतृत्व में आज युवा मोर्चा द्वारा देश को आज़ादी दिलाने वाले स्वातंत्रता सेनानियों को सम्मान देने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है और कांग्रेस या जो कोई भी इस अभियान का विरोध करता है तो कहा जा सकता है कि उसकी मति मारी गई है। प्रदेश कार्यालय से तिरंगा मोटर साईकिल रैली का नेतृत्व करते हुए श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि इस तिरंगा अभियान के दौरान दिल्ली के हर घर में तिरंगा लगे, इसके लिए भाजपा काम करेगी। उन्होंने कहा कि तिरंगा भाजपा या किसी पार्टी का अभियान नहीं बल्कि देश के हर व्यक्ति का अभियान है।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं दिल्ली प्रदेश के प्रभारी श्री बैजयंत जय पांडा ने कहा कि अमृत महोत्सव के दौरान हर घर तिरंगा की अभियान दर्शाता है कि आज स्वतंत्रता दिवस का समारोह सरकारी दिवस न होकर जनता का त्योहार बन चुका है। उन्होंने कहा कि यह सब प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मेहनत का प्रभाव है और उनकी नीतियों के कारण ही देश के टुकड़े करने का सपना देखने वाले कही के नहीं रहे।

नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी ने विशाल बाइक रैली के लिए युवा मोर्चा को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह बाइक रैली सिर्फ एक रैली नहीं बल्कि उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को सच्चे मन से श्रद्धांजली है जिनकी मेहनत और बलिदान के बल पर आज हम आजादी की हवा में सांसें ले रहे हैं।

सांसद श्री रमेश बिधूड़ी ने विपक्ष द्वारा तिरंगे यात्रा को लेकर राजनीति करने पर तिखी टिपण्णी करते हुए कहा कि विपक्ष की यह सोच कि तिरंगा यात्रा के बहाने दंगा कराने की बात तुष्टिकरण की नीति का समर्थन करने वाली और बहुसंख्यक जनता के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा तिरंगे की शान के लिए जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी है और तिरंगा यात्रा उन्हीं के सम्मान के लिए हैं।

## नोएडा में सॉफ्टवेयर कंपनी की कर्मचारी से रेप और हत्या के मामले में गिरफ्तार पुलिसकर्मी सस्पेंड

**नोएडा।** नोएडा में एक सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करने वाली युवती से कथित बलात्कार और उसकी हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए उत्तर प्रदेश पुलिस के एक जवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

पुलिस उपायुक्त (प्रथम जोन) हरीश चंदर ने आरोपी पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस मामले में गिरफ्तार पुलिसकर्मी और उसके एक अन्य साथी को शनिवार को अदालत में पेश किया गया, जहां उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

गौरतलब है कि फेज-3 थाना क्षेत्र में स्थित एक होटल में दो अगस्त को एक युवती का शव फंदे से लटका मिला था। इस मामले में युवती के परिजनों ने नोएडा में तैनात एक पुलिसकर्मी आकाश और युवती के सहकर्मी अर्जुन दुग्गल सहित पांच लोगों के खिलाफ बलात्कार तथा हत्या करने का आरोप लगाया था।

अपर पुलिस उपायुक्त (द्वितीय जोन) अंकिता शर्मा ने बताया कि नोएडा की एक नामी सॉफ्टवेयर कंपनी में काम करने वाली युवती खोड़ा कॉलोनी में रहती थी।

युवती ने सोमवार रात को सेक्टर-71 स्थित एक होटल में ऑनलाइन कमरा बुक करवाया था। मंगलवार शाम को जब युवती कमरे से नहीं निकली तो होटल के कर्मचारियों ने उसके कमरे की घंटी बजाई। जब वह बाहर नहीं निकली तो उसके परिजनों को सूचित किया गया।

होटल के कमरे का दरवाजा तोड़कर देखा गया तो युवती पंखे के फंदे से लटकी हुई थी।

उन्होंने बताया कि होटल के कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे में युवती अकेले आती हुई दिखाई दे रही है। उन्होंने बताया कि युवती के परिजनों ने एक वीडियो पुलिस को उपलब्ध कराया है, जिसमें वह कह रही है कि नोएडा में तैनात पुलिसकर्मी आकाश उसकी जिंदगी बर्बाद कर रहा है।

### केवाईसी कराने का झांसा देकर महिला के खाते से तीन लाख रुपये निकाले

**नोएडा।** साइबर ठगों ने एक महिला के बैंक खाते की केवाईसी कराने के नाम पर करीब 3.37 लाख रुपये निकाल लिये। आरोपियों ने महिला से ओटीपी नंबर लेकर वारदात को अंजाम दिया। इस संबंध में पीड़िता ने सेक्टर-20 थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टरर 21 के एफ ब्लॉक निवासी पूनम आनंद ने बताया कि उनके मोबाइल पर एक नंबर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को एक बैंक का कर्मचारी बताया। उसने महिला से कहा कि उनके बैंक खाते की केवाईसी अपडेट होनी है। केवाईसी न होने की वजह से खाता बंद हो जाएगा।

### पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ किया गिरफ्तार



ग्रेटर नोएडा। थाना जेवर पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त हरिओम पुत्र राजाराम निवासी गांव बिसाहडा थाना जारचा जिला गौतमबुद्धनगर को काली मन्दिर के पास गांव थोरा थाना जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर से शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने घटना मे प्रयुक्त एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय एक कारतूस जिन्दा बरामद है। गौरतलब है कि 3 अगस्त 2021 को ग्राम चांचली मे हरिओम पुत्र राजाराम निवासी ग्राम बिसाहडा थाना जारचा गौतमबुद्धनगर द्वारा अंकुश व सतीश उर्फ डालू पुत्रगण कन्छू निवासी ग्राम चांचली थाना जेवर गौतमबुद्धनगर को जान से मारने की नियत से अवैध तमंचे से फायर किया था। जिसके सम्बन्ध मे वादी कन्छू पुत्र करन सिंह निवासी ग्राम चांचली थाना जेवर द्वारा 8 अगस्त 2021 को थाना जेवर पर प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा अपराध संख्या 627/21 धारा 307, 504 भादवि बनाम हरिओम उपरोक्त पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

## जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

ग्रेटर नोएडा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण कराने के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 130 शिकायतें दर्ज हुई जिसके सापेक्ष 10 शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया। जिलाधिकारी सुहास एल वाई व अपर आयुक्त मेरठ मण्डल मेरठ प्रवीणा अग्रवाल के द्वारा तहसील सदर में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जनता की शिकायतों का अनुश्रवण किया गया।




सदर तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जन सामान्य के द्वारा कुल आठ शिकायतें विभिन्न विभागों से संबंधित दर्ज कराई गई जिसके सापेक्ष एक शिकायत का निराकरण विभागीय अधिकारियों के द्वारा मौके पर ही सुनिश्चित किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी सुहास एल वाई ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार एवं शासन गंभीर है।

उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में जिन विभागों से संबंधित जनता की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। सभी संबंधित अधिकारीगण गंभीरता के साथ तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें और मौके पर जाकर संबंधी शिकायतों का निराकरण सुनिश्चित कराएं ताकि संबंधित पोर्टल पर शिकायतों को ऑनलाइन किया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतकर्ता को भी संबंधित विभागीय अधिकारियों के द्वारा निस्तारण के दौरान उपस्थित रखा जाए ताकि सभी शिकायतों का निराकरण गुणवत्ता परक रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने कहा कि तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में दर्ज शिकायतों की मानिटरिंग उत्तर प्रदेश शासन स्तर से सुनिश्चित की जा रही है। अतः सभी अधिकारियों के द्वारा दर्ज शिकायतों का निराकरण पूर्ण गंभीरता के साथ कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## दिल्ली : स्पा में काम करने वाली 22 वर्षीय युवती से रेप मामले में मैनेजर और ग्राहक समेत 4 गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली के पीतमपुरा इलाके एक स्पा और मसाज सेंटर की एक महिला कर्मचारी से कथित रेप के मामले में दिल्ली पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। स्पा सेंटर में काम करने वाली 22 साल की एक युवती ने गुरुवार को मौर्या एन्क्लेव थाने में यौन शोषण की शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत के आधार पर मौर्या एन्क्लेव थाने के अधिकारी जांच के लिए मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि 4 अगस्त को रात 10 बजे, मौर्य एन्क्लेव थाना में पीतमपुरा के ओशन स्पा सेंटर स्पा सेंटर में काम करने वाली महिला के साथ यौन उत्पीड़न के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, जहां 22 साल की एक पीड़िता अपने पति के साथ स्पा सेंटर के बाहर मौजूद थी। युवती ने स्पा सेंटर के मैनेजर और एक अन्य व्यक्ति द्वारा उसका यौन उत्पीड़न करने की शिकायत की।

इसके बाद महिला को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं, दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) के एक काउंसलर ने भी उनसे मुलाकात की।

पुलिस ने कहा कि पीड़िता ने बताया कि उसने 30 जून को स्पा में नौकरी जॉइन की थी। 4 अगस्त को शाम करीब 6 बजे वह स्पा में पहुंची थी, तभी एक व्यक्ति मैनेजर राहुल के साथ वहां आया और यौन संबंध बनाने की मांग की। मैनेजर ने उसे कोल्ड ड्रिंक की पेशकश की, जिसे पीने के बाद उसे चक्कर आया और दोनों ने उसके साथ बलात्कार किया।

शिकायत के आधार पर आईपीसी की धाराओं 354ए/328/376डी के तहत मामला दर्ज किया गया और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी पहचान स्पा सेंटर के मैनेजर राहुल (21) और क्लाइंट सतीश कुमार (48) के रूप में हुई है।

मालिकों के पास दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) से लाइसेंस है और एमसीडी को लाइसेंस रद्द करने और परिसर को सील करने के लिए सूचित किया गया है। ओशन स्पा सेंटर के खिलाफ दिशानिर्देशों के उल्लंघन के आरोप में 188 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है और स्पा सेंटर के मालिकों बृज गोपाल (49) और संदीप (48) को भी गिरफ्तार किया गया है।

# संपादकीय

## पाकिस्तान आजकल हिंदुओं पर इतना मेहरबान क्यों दिख रहा है?

सबसे पहले बात करते हैं पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की नवनियुक्त सरकार की ओर से किये गये बड़े फैसले की। पाकिस्तानी पंजाब प्रांत की सरकार ने अपने पवित्र धर्म ग्रंथों को कंठस्थ करने पर अल्पसंख्यक समुदायों के कैदियों की सजा अवधि कम करने का प्रस्ताव किया है।

पाकिस्तान को हो क्या गया है? अब तक हिंदुओं पर अत्याचार करने वाले पाकिस्तान के मन में हिंदू प्रेम क्यों जाग गया है? ऐसा क्या हो गया है कि पाकिस्तान भगवद् गीता पढ़ने पर छूट का प्रस्ताव पेश कर रहा है? ऐसा क्या हो गया है कि सैंकड़ों बरसों पुराने बुद्धा पेंडेंट मिलने की बात पाकिस्तान ने दुनिया को बता दी है? ऐसा क्या हो गया है कि पाकिस्तान हिंदू मंदिरों पर से कब्जा छुड़ाकर उनका जीर्णोद्धार करवाने की बात कर रहा है? यह सब सवाल सुनकर आप भी चौंक गये होंगे इसलिए आइये आपको सारी घटनाओं की विस्तार से जानकारी देते हैं। सबसे पहले बात करते हैं पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की नवनियुक्त सरकार की ओर से किये गये बड़े फैसले की। पाकिस्तानी पंजाब प्रांत की सरकार ने अपने पवित्र धर्म ग्रंथों को कंठस्थ करने पर अल्पसंख्यक समुदायों के कैदियों की सजा अवधि कम करने का प्रस्ताव किया है। इस संबंध में पंजाब प्रांत के गृह विभाग ने मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही को प्रांत की जेलों में बंद ईसाई, हिंदू और सिख कैदियों के लिए सजा अवधि में तीन से छह महीने की छूट के वास्ते एक 'समरी' भेजी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''पंजाब सरकार के गृह विभाग ने ईसाई और हिंदू कैदियों को उनके पवित्र ग्रंथों- बाइबल और भगवद् गीता को कंठस्थ करने पर सजा की अवधि में तीन से छह महीने की छूट का प्रस्ताव देने के लिए मुख्यमंत्री को एक 'सारांश' भेजा है।'' पंजाब की जेल सेवा की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, पवित्र कुरान को याद करने वाले मुस्लिम कैदियों को सजा की अवधि में छह महीने से दो साल तक की छूट मिल सकती है।

अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंजूरी के बाद सारांश को कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। इसके बाद गृह विभाग हिंदू और ईसाई कैदियों की सजा अवधि में कमी संबंधी अधिसूचना जारी करेगा। उन्होंने कहा कि इस कदम से अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखने वाले कैदी अपने पवित्र धर्म ग्रंथों का अध्ययन करने को प्रेरित होंगे। हम आपको बता दें कि मार्च महीने में, लाहौर उच्च न्यायालय ने पंजाब सरकार से अल्पसंख्यक कैदियों को सजा में छूट दिए जाने के संबंध में रिपोर्ट तलब की थी। दरअसल एक ईसाई याचिकाकर्ता ने पाकिस्तान जेल नियम 1978 के नियम 215 के तहत मुसलमानों को दी जाने वाली छूट का हवाला देते हुए अन्य धर्मों के कैदियों के लिए भी इसी तरह की छूट के प्रावधान का अनुरोध किया था। एक आधिकारिक अनुमान के अनुसार, वर्तमान में पंजाब प्रांत की 34 जेलों में ईसाई, हिंदू और सिख सहित 1,188 अल्पसंख्यक कैदी हैं।

अब बात करते हैं मोहनजोदाड़ो में मिले अनूठे 'बुद्ध पेंडेंट' की। पाकिस्तान के सिंध प्रांत में भारी बारिश के बाद वहां स्थित पुरातात्विक स्थल मोहनजोदाड़ो के निकट एक अनूठी प्राचीन वस्तु पायी गई है, जिसे 'बुद्ध पेंडेंट' कहा जा रहा है। 'डॉन' अखबार की खबर के मुताबिक, तीन अगस्त को भारी बारिश के बाद पुरातात्विक महत्व की यह वस्तु मोहनजोदाड़ों के दक्षिणी दीक्षित क्षेत्र में पायी गई। पुरातात्विक स्थल के करीब स्थित धनाड गांव के निवासी एवं निजी पर्यटक गाइड इरशाद अहमद सोलांगी ने कहा कि भारी बारिश के बाद उन्हें यह वस्तु एक गहरे स्थान पर मिली थी। खबर के मुताबिक, इस वस्तु के मिलने के बाद इरशाद ने तत्काल इसकी सूचना स्थल संरक्षक नवीद संगाह को दी। पुरातत्व विभाग के वरिष्ठ संरक्षणवादी अली हैदर ने भी इसकी पुष्टि की कि भारी बारिश के कारण ही अनूठी वस्तु सामने आ सकी। पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के पूर्व मुख्य अभियंता और वर्तमान में 'एंडोवमेंट फंड ट्रस्ट' के परियोजना निदेशक के रूप में काम कर रहे मोहन लाल ने वस्तु की जांच करने के बाद इसकी पहचान 'बुद्ध पेंडेंट' के रूप में की।

## विश्व के सबसे बड़े भारतीय लोकतंत्र को निर्बल करती धार्मिक कट्टरता एवं हिंसा

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया हैद्य देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकतें हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता है कि इससे संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा ,विवाद किसी भी बात का कोई हल नहीं। यह लोकतंत्र के लिए एक धब्बे के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है। आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैंद्य देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया।

# भाई-बहन के अटूट रिश्ते के क्या है मायने ?

**राखी के त्योहार का मतलब केवल बहन की दूसरों से रक्षा करना ही नहीं होता है बल्कि उसके अधिकारो और सपनों की रक्षा करना भी भाई का कर्तव्य होता है, लेकिन क्या सही मायनों में बहन की रक्षा हो पाती है। आज के समय में राखी के दायित्वों की रक्षा करना बेहद आवश्यक हो गया है। अगर इस पवित्र दिन अपनी बहन के साथ दुनिया की हर लड़की की रक्षा का वचन लिया जाए तो सही मायनों में इस त्योहार का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा।**



प्रियंका सौरभ

भाई-बहन का रिश्ता दुनिया के सभी रिश्तों में सबसे ऊपर है। हो भी न क्यों, भाई-बहन दुनिया के सच्चे मित्र और एक-दूसरे के मार्गदर्शक होते है। जब बहन शादी करके ससुराल चली जाती है और भाई नौकरी के लिए घर छोड़कर किसी दूसरे शहर चला जाता है तब महसूस होता है कि भाई-बहन का ये सर्वोत्तम रिश्ता कितना अनमोल है। सरहद पर खड़ा एक सैनिक भाई अपनी बहन को कितना याद करता है और बहनों की ऐसे वक़्त क्या दशा होती है इसके लिए शब्द नहीं है। रंग-बिरंगे धागे से बंधा ये पवित्र बंधन सदियों पहले से हमारी संस्कृति से बहुत ही गहराई के साथ जुड़ा हैं। यह पर्व उस अनमोल प्रेम का, भावनाओं का बंधन है जो भाई को सिर्फ अपनी बहन की नहीं बल्कि दुनिया की हर लड़की की रक्षा करने हेतु वचनबद्ध करता है। भाई-बहन के आपसी अपनत्व, स्नेह और कर्तव्य बंधन से जुड़ा त्योहार भाई-बहन के रिश्ते में नवीन ऊर्जा और मजबूती का प्रवाह करता है। बहनें इस दिन बहुत ही उत्साह के साथ अपने भाई की कलाई में राखी बांधने के लिए आतुर रहती हैं। जहां यह त्योहार बहन के लिए भाई के प्रति स्नेह को दर्शाता है तो वहीं यह भाई को उसके कर्तव्यों का बोध कराता है।

रक्षाबंधन भाई बहन के रिश्ते का त्योहार है, रक्षा का मतलब सुरक्षा और बंधन का मतलब बाध्य है। रक्षाबंधन के दिन बहने भगवान से अपने भाईयों की तरक्की के लिए भगवान से प्रार्थना करती है। राखी सामान्यत: बहनें भाई को ही बाँधती हैं परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित सम्बंधियों (जैसे पुत्री द्वारा पिता को) भी बाँधी जाती है। वास्तव में ये त्योहार से रक्षा के साथ जुड़ा हुआ है, जो किसी की भी रक्षा करने को प्रतिबद्ध करता है। अगर इस पवित्र दिन अपनी बहन के साथ दुनिया की हर लड़की की रक्षा का वचन लिया जाए तो सही मायनों में इस त्योहार का उद्देश्य पूर्ण हो सकेगा। इस पावन त्योहार का अपना एक अलग स्वर्णिम इतिहास है, लेकिन बदलते समय के साथ बाकी रिश्तों की तरह इसमें भी बहुत से बदलाव आए हैं। जैसे-जैसे आधुनिकता हमारे मूल्यों और रिश्तों पर हावी होती जा रही है। संस्कृति में पतन के फलस्वरूप रिश्तों में मजबूती और प्रेम की जगह दिखावे ने ले ली है। आज के बदलते समय में इस त्योहार



पर भी आधुनिकता हावी होने लगी है, तब से आज तक यह परंपरा तो चली आ रही है लेकिन कहीं न कहीं हम अपने मूल्यों को खोते जा रहे हैं।

रंग-बिरंगे धागों में अब अपनत्व की भावना और प्रेम की गर्माहट कम होने लगी है। एक समय में जिस तरह के उसूल और संवेदना राखी को लेकर थी शायद अब उनमें अब रुपयों के नाम की दीमक लगने लगी है फलस्वरूप रिश्तों में प्रेम की जगह पैसे लेने लगे हैं। ऐसे में संस्कृति और मूल्यों को बचाने के लिए आज बहुत जरूरत है दायित्वों से बंधी राखी का सम्मान करने की। क्योंकि राखी का ये अनमोल रिश्ता महज कच्चे धागों की परंपरा भर नहीं है।

लेन-देन की परंपरा में प्यार का कोई मूल्य भी नहीं है। बल्कि जहां लेन-देन की परंपरा होती है वहां प्यार तो टिक ही नहीं सकता, अटूट रिश्तें कैसे बन पाएंगे। इतिहास मे कृष्ण और द्रौपदी की कहानी प्रसिद्ध है, जिसमे युद्ध के दौरान श्री कृष्ण की उंगली घायल हो गई थी, श्री कृष्ण की घायल उंगली को द्रौपदी ने अपनी साड़ी मे से एक टुकड़ा बाँध दिया था, और इस उपकार के बदले श्री कृष्ण ने द्रौपदी को किसी भी संकट मे द्रौपदी की सहायता करने का वचन दिया था। रक्षा बंधन की कथाएं बताती हैं कि पहले खतरों के बीच फंसी बहन का साया जब भी भाई को पुकारता था, तो दुनिया की हर ताकत से लड़ कर भी भाई उसे सुरक्षा देने दौड़ पड़ता था और उसकी राखी का मान रखता था।

कहते हैं, मेवाड़ की रानी कर्मावती को बहादुरशाह द्वारा मेवाड़ पर हमला करने की पूर्व सूचना मिली। रानी लड़ने में असमर्थ थी अत: उसने मुगल बादशाह हुमायूँ को राखी भेज कर रक्षा की याचना की। हुमायूँ ने मुसलमान होते हुए भी राखी की लाज रखी और मेवाड़ पहुँच कर बहादुरशाह के विरूद्ध मेवाड़ की ओर से लड़ते हुए कर्मावती व उसके राज्य की रक्षा की। जब कृष्ण ने सुदर्शन चक्र से शिशुपाल का वध किया तब उनकी तर्जनी में चोट आ गई।

द्रौपदी ने उस समय अपनी साड़ी फाड़कर उनकी उँगली पर पट्टी बाँध दी। यह श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने इस उपकार का बदला बाद में चीरहरण के समय उनकी साड़ी को बढ़ाकर चुकाया। कहते हैं परस्पर एक दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना रक्षाबन्धन के पर्व में यहीं से प्रारम्भ हुई। आज एक बार फिर भातृत्व की सीमाओं को बहन फिर चुनौती दे रही है, क्योंकि उसके उम्र का हर पड़ाव असुरक्षित है, उसकी इज्जत एवं अस्मिता को बार-बार नोचा जा रहा है।

लड़कों से ज्यादा बौद्धिक प्रतिभा होते हुए भी उसे ऊंची शिक्षा से वंचित रखा जाता है, क्योंकि आखिर उसे घर ही तो संभालना है। उसे नयी सभ्यता और नयी संस्कृति से अनजान रखा जाता है, ताकि वह भारतीय आदर्शों व सिद्धांतों से बगावत न कर बैठे। इन विपरीत हालातों में उसकी योग्यता, अधिकार, चिंतन और जीवन का हर सपना कसमसाते रहते हैं। इसलिए मेरा मानना है कि राखी के इस परम पावन पर्व पर भाइयों को ईमानदारी से पुन: अपनी बहन ही नहीं बल्कि संपूर्ण नारी जगत की सुरक्षा और सम्मान करने की, कसम लेने की अहम जरूरत है। तभी ये राखी का पावन पर्व सार्थक बन पड़ेगा और भाई-बहन का प्यार धरती पर शाश्वत रह पायेगा। यह पर्व भारतीय समाज में इतनी व्यापकता और गहराई से समाया हुआ है कि इसका सामाजिक महत्त्व तो है ही, धर्म, पुराण, इतिहास, साहित्य और फ़िल्में भी इससे अछूते नहीं हैं। रक्षाबन्धन पर्व सामाजिक और पारिवारिक एकबद्धता या एकसूत्रता का सांस्कृतिक उपाय रहा है।

लेकिन अब प्रेम रस में डूबें रंग-बिरंग धागों की जगह चांदी और सोने की राखियों ने ली तो सामाजिक व्यव्हार में कर्तव्यों को समझने के बजाय रिवाज को पूरा करने कि नौबत आई। प्रेम और सद्भावना की जगह दिखावे ने ले ली। तभी तो रक्षा-बंधन के दिन सुबह उठते ही हर किसी के स्टेटस पर बस रक्षाबंधन की तस्वीरें और वीडियो की भरमार होती है, अब बहनों की जगह ई-कॉमर्स साइट ऑनलाइन आर्डर लेकर राखी दिये गये पते पर पहुँचाती है। अगर हम सोशल मीडिया पर दिखावे की जगह असल जिंदगी में इन रिश्तों को प्रेमरुपी जल से सींचा जाए तो हमेशा परिवार में मजबूती बनी रहेगी। राखी के त्योहार का मतलब केवल बहन की दूसरों से रक्षा करना ही नहीं होता है बल्कि उसके अधिकारो और सपनों की रक्षा करना भी भाई का कर्तव्य होता है, लेकिन क्या सही मायनों में बहन की रक्षा हो पाती है। आज के समय में राखी के दायित्वों की रक्षा करना बेहद आवश्यक हो गया है।

राखी के दिन केवल अपनी बहन की रक्षा का संकल्प मात्र नहीं लेना चाहिए नहीं बल्कि संपूर्ण नारी जगत के मान-सम्मान और अधिकारों की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए ताकि सही मायनों में राखी के दायित्वों का निर्वहन किया जा सके। रक्षाबंधन पर्व पर हमें देश व धर्म की रक्षा का संकल्प भी लेना चाहिए।

## संयम मनुष्य का सर्वोत्तम चिकित्सक

आजकल के समय में, सभी के अंदर धैर्य की बहुत कमी है, बहुत सी बार कर्मचारियों से गलती हो जाती है, पर उसे समझाने की जगह मालिक उस पर चिल्लाने लगता है, उसे डांटने लगता है! अब जब भी वह गलती करेगा उसे आपकी डांट याद आएगी, अगर यही बात हमने उन्हें समझदारी से समझाही होती तो जब भी वह यह गलती करता तो जानता की इसके पीछे क्या नुकसान है! बचपन में भी बहुत से बच्चों को इस चीज से गुजरना होता है, कभी-कभी माता पिता और टीचर्स मैं धैर्य की कमी से उन्हें डांट पड़ती है यहां तक की मार भी पड़ती है! अब वह छोटा सा बच्चा जब जब वह गलती करेगा तो उसे उनकी डॉट और मार ही याद आएगी! कितना अच्छा होता अगर उसके बड़े उसे प्यार से समझा दे और क्या सही है, क्या गलत है, सब में फर्क बताते, पर नहीं कभी-कभी बड़ों को यह लगता है, की शॉर्टकट रास्ता अपना लिया जाए , इस डांट फटकार से उस बच्चे पर क्या असर पड़ता है, उसका उन्हें अंदाजा भी नहीं, अब बड़े होते होते जब जब कोई और भी वह गलती करेगा तो वह बच्चा यही समझेगा की डांट ना और फटकारना इसका उपाय है क्योंकि उसने भी यही देखा, समझा, और सींखा! यहां तक की जब बड़ा हो जाएगा और कोई गलती करेगा तो खुद को सजा देगा इसीलिए आजकल बहुत से लोग कभी खुद को मारते हैं, चिल्लाते हैं, यहां तक की आत्महत्या तक कर लेते हैं क्योंकि उन्हें लगता है वह सजा के पात्र हैं! अगर हम इंसान है तो हमें हर बात में इंसानियत रखनी चाहिए! हम अपने बच्चों पर किसी तरह का दबाव तो नहीं डाल रहे हैं! क्या हम उन्हें छोटी-छोटी बात पर हाथ तो नहीं उठा रहे हे! क्या सबके सामने उनके बेज्जती तो नहीं कर रहे हो! माता पिता और टीचरस भगवान का रूप माने जाते हैं पर यह भी इंसानी व्यवहार नहीं है की हम अपनों से छोटौ पर यहां तक कि किसी पर भी हाथ उठाए और क्रोध करें या मजाक उड़ाए! किसी की गरिमा को ठेस पहुंचाना, चाहे वह छोटा सा बच्चा ही क्यों ना हो, सरासर गलत है! यहां तक की गिड़गिड़ा कर, रो कर अपनी बात को मनवा ना भी अधीरता है! अक्सर एक वाक्य पूछा जाता है की अकल बड़ी या भैंस बड़ी? क्योंकि अगर इंसान दिमाग से और शांति से कोई बड़ी से बड़ी लड़ाई लड़े तो वह लड़ाई बहुत आसानी से लड़ सकता है , अपने दिमाग के बल पर ना कि हाथ पैरों से, और यही तो फर्क है इंसान और जानवर में! जानवर अपने बच्चों को बोलकर और समझदारी से अपनी बातों को समझा नहीं सकते हैं पर इंसान कर सकता है! क्यों ना हमको ऊपर वाले ने माता पिता, टीचर, मालिक बनाया हो पर इन सभी रिश्तो को हम प्यार, अच्छे व्यवहार, शिष्टाचार, और धैर्य के साथ निभा सकते हैं! छोटी सी जिंदगी है, तो क्यों ना हम सभी से प्यार से, खुशी से, शिष्टाचार से, धैर्य से, सम्मान से, सत्कार से, अच्छाई से, समझदारी से पेश आए और सोचे, समझे कि अगर हम उनकी जगह होते तो कैसा व्यवहार चाहते, ठीक वैसा ही व्यवहार हमें किसी की गलती पर करना चाहिए! विशेष रुप से छोटे बच्चे, अच्छे व्यक्ति के साथ! हां अगर कोई अपराध करे तो, कानूनी कार्यवाही उन अपराधियों के खिलाफ की जाए पर हमें खुद को जीवन में शांति चाहिए, प्रसन्न मन चाहिए तो हमें खुद को और दूसरों को हर बात समझदारी और धैर्य से समझानि होगी! पहले तो हम अपने आप को यह बात समझाएं की हर एक चीज का समाधान हो सकता है! किसी पर भी अपने या अपनों से बड़ों के फैसले को दूसरों पर ना थोपे! बहुत से माता पिता अपने बच्चों की शादी जल्दबाजी मैं करा देते हैं क्योंकि उनके दादा दादी या नाना नानी की यह आखिरी इच्छा होती है, पर उन बच्चों के भविष्य का क्या? तो आप उन्हें प्यार और स्नेह देते हुए समझाएं! बहुत से बच्चे शादी होते ही कुछ महीनों में अपने मां-बाप से अलग हो जाते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि वह कभी नहीं समझेंगे की उनकी बहू बेटे उनसे क्या चाहते हैं! पर वो यह भूल जाते हैं की जब से वह मां-बाप बने है, तो उनकी चाहत के लिए ही तो जी रहे हैं, क्यों ना हम भी उन्हें ठीक वैसे ही समझाएं जैसे वह हमें बचपन में समझाते थे, जब उन्होंने हमें बचपन में नहीं छोड़ा तो हम उनको उनके बुढ़ापे में अलग क्यों कर दे!

## किडनी की बीमारियों से रहना है दूर तो रोजाना करें ये 3 योगासन

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक मोटापे से ग्रस्त लोगों को किडनी की समस्या होने का जोखिम अधिक रहता है। ऐसे में आपको अपने खानपान और जीवनशैली पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है। आप योग के नियमित अभ्यास से किडनी को स्वस्थ रख सकते हैं। इस आसन को करने के लिए वज्रासन की मुद्रा में बैठ जाएं। अब अपने दोनों हाथों को फर्श पर आगे की ओर रखें। अपने दोनों हाथों पर थोड़ा सा भार डालते हुए अपने हिप्स (कूल्हों) को ऊपर उठायें। अपनी जांघों को ऊपर की ओर सीधा करके पैर के घुटनों पर 90 डिग्री का कोण बनाएँ। अब साँस भरते हुए अपने सिर को पीछे की ओर झुकाएं, अपनी नाभि को नीचे से ऊपर की तरफ धकेलें और टेलबोन (रीढ़ की हड्डी का निचला भाग)) को ऊपर उठाएं। अब अपनी सांस को बाहर छोड़ते हुए अपने सिर को नीचे की ओर झुकाएं और मुंह की ठुड्डी को अपनी छाती से लगाने का प्रयास करें। इस आसान को करने के लिए ज़मीन पर पीठ के बल लेट जाएं। अब हाथ को शरीर से सटा कर और हथेलियों को ज़मीन से लगा कर रखें। फिर धीरे-धीरे नितंबों, कमर और पीठ के सबसे ऊपरी हिस्से को ऊपर उठाएं। इस अवस्था में 3 से 5 मिनट तक रहें। सांस छोड़ते हुए आसन से बाहर आ जाएं। इस आसन को करने के लिए जमीन पर बैठ जाएं और अपने पैरों को सामने फैलाएं। अपनी रीढ़ को सीधा रखें और अपने हाथों को साइड में रखें। अब अपने बाएं घुटने को मोड़ें और अपने बाएं पैर को क्रास्ड लेग पोजीशन की तरह पेल्विक क्षेत्र के पास लाएं। अपने दाहिने घुटने को मोड़ें और दाहिने पैर को बाएं घुटने के ऊपर ले आएं। आपका दाहिना पैर आपके बाएं घुटने के पास होना चाहिए। अब, अपने ऊपरी शरीर को मोड़ें और अपने बाएं हाथ को अपने दाहिने घुटने के पार ले आएं। आप अपने दाहिने हाथ को अपनी तरफ या अपनी पीठ के पीछे रख सकते हैं। लगभग एक मिनट के लिए इस स्थिति में रहें और फिर प्रारंभिक स्थित में लौट आएं। अब इसे दूसरी तरफ से दोहराएं।

## भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा, गर्व की अभिव्यक्ति कर युवाओं में देशभक्ति की गहरी भावना पैदा करना समय की मांग



आजादी के अमृत महोत्सव में बढ़ते चलो, धारावाहिक स्वराज, हर घर तिरंगा अभियानों का जबरदस्त उत्साह -पूरी दुनिया की नज़रें भारत के उत्सवों पर लगी - एडवोकेट किशन भावनानी

गोंदिया - सोने की चिड़िया को सैकड़ों वर्षों के संग्राम के बाद आजाद कराने वाले उन महान वीर सपूतों,प्रख्यात और गुमनाम नायकों को पीढ़ी दर पीढ़ी हमेशा याद रखा जाएगा उनके सम्मान में हम वर्ष भर से आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं जो 15 अगस्त 2022 को पूर्ण होगा परंतु इस दिन के लिए संपूर्ण भारत सहित विदेशों में भी अभूतपूर्व उत्साह हो रहा है इस उत्साह का साक्षी बनने अनेक अनिवासी भारतीयों के भारत आने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। नागरिकों में हर घर तिरंगा और बढ़ते चलो अभियानों से बहुत उत्साह है परंतु विशेष रुप से ध्यान देना होगा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा, गर्व की अभिव्यक्ति कर युवाओं में देशभक्ति की गहरी भावना पैदा करना समय की मांग है, क्योंकि आज के युवा हमारे देश का भविष्य हैं और बागडोर इन्हीं के हाथों में जाने वाला है इसीलिए भविष्य की रूपरेखा की रणनीतिक परिकल्पना में युवाओं को उत्कृष्टता की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार करने का समय आ गया है। साथियों बात अगर हम बढ़े चलो अभियान की करें तो पीआईबी के अनुसार इसकी शुरुआत 5 अगस्त से हो गई।

बढ़े चलो 5 से 11 अगस्त, 2022 तक हर दिन 10 शहरों में आयोजित किया जा रहा है।

इन कार्यक्रमों का समापन 12 अगस्त, 2022 को नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में एक ग्रैंड फिनाले के साथ होगा। देश भर के युवाओं और लोगों को एक मंच पर जोड़ने और एक मंच पर लाने के लिए, बढ़े चलो की विशेषता फ्लैश डांस हैं, जहां नर्तक विशेष रूप से तैयार किए गए युवा गान पर प्रस्तुति देंगे। संगीत और पैरों की थाप के साथ बनाए गए गान को विशेष रूप से लिखा गया और %बढ़े चलो% की विषय वस्तु पर तैयार किया गया है। यह सभी को आगे आने और अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है। आधुनिक और युवाओं को प्रेरणा देने वाले इस कार्यक्रम की विशेषता पूरे भारत के 75 शहरों में प्रमुख स्थानों पर होने वाला फ्लैश डांस होगा। इन फ्लैश डांस के माध्यम से मंत्रालय का उद्देश्य मनोरंजक और उत्साही तरीके से अमृत महोत्सव के संदेश और भावना लोगों को फैलाना है। साथियों आजादी का अमृत महोत्सव प्रगतिशील भारत के 75 साल पूरेहोने और इसके लोगों,संस्कृति औरउपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करने तथा उसका उत्सव मनाने की सरकार की एक पहल है। संस्कृति मंत्रालय भारत में कला और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने का कार्य करता है और आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में इसने अनेक पहल की हैं। देश के युवाओं से जुड़ने और उनमें देशभक्ति की गहरी भावना पैदा करने के उद्देश्य से, संस्कृति मंत्रालय ने अमृत महोत्सव से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए बढ़े चलो नाम से युवाओं पर केन्द्रित प्रेरणात्मक कार्यक्रम करने का निर्णय लिया है। इस कार्यक्रम को देश के युवाओं को आगे आने और हमारे लोकतंत्र की सच्ची भावना को आत्मसात करने तथा भारत की आजादी के 75 साल पूरे जोश के साथ मनाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

साथियों इस जन आंदोलन या जनभागीदारी पहल के माध्यम से संस्कृति मंत्रालय भी हर घर तिरंगा आंदोलन को बढ़ावा देने और समर्थन करने का इरादा रखता है। इस आंदोलन की शुरुआत माननीय पीएम और गृह मंत्री द्वारा की गई है तथा यह हर भारतीय का आह्वान करता है कि वे 13-15 अगस्त, 2022 के बीच अपने घरों में तिरंगा फहराएं। बड़े चलो निश्चित रूप से एक ओर सभी में देशभक्ति की आग को फिर से जगाने के लिए, हमें अपने घरों में तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, हमारे दिलों में राष्ट्रीय गौरव और हमारे सिर ऊंचे हैं।

साथियों बात अगर हम धारावाहिक स्वराज की करें तो पीआईबी के अनुसार,धारावाहिक 'स्वराज- भारत के स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा' का शुभारंभ किया गया है।स्वराज' के बारे में - स्वतंत्रता संग्राम की समग्र गाथा, जो स्वराज एक 75 एपिसोड्स का धारावाहिक है जिसे 4के/एचडी गुणवत्ता में बनाया गया है और 14 अगस्त से हर रविवार, रात 9 से 10 बजे ये दूरदर्शन पर प्रसारित होगा। इसे अंग्रेजी के साथ नौ क्षेत्रीय भाषाओं में डब किया जा रहा है। ये धारावाहिक तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, मराठी, गुजराती, उड़िया, बंगाली और असमिया क्षेत्रीय भाषाओं में 20 अगस्त से प्रसारित होगा। 1498 में वास्को-डी-गामा के भारत आने से शुरू होकर ये सीरियल इस धरती के वीरों की एक समृद्ध गाथा प्रस्तुत करेगा। इसमें रानी अब्बक्का, बख्शी जगबंधु, तिरोट सिंग, सिद्धू मुर्मू और कान्हू मुर्मू, शिवप्पा नायक, कान्होजी आंग्रे, रानी गाइदिन्ल्यू, तिलका मांझी जैसे कई गुमनाम नायक नायिकाओं से लेकर रानी लक्ष्मीबाई, महाराज शिवाजी, तात्या टोपे, मैडम भीकाजी कामा जैसे मशहूर स्वतंत्रता सेनानी शामिल हैं।

साथियों बात अगर हम कार्यक्रम स्वराज में केंद्रीय मंत्रियों के संबोधन की करें तो उन्होंने इस अवसर पर कहा कि दूरदर्शन और आकाशवाणी ने 550 से भी अधिक स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस की गाथाओं को पुन: जीवंत करने और इन गुमनाम नायकों से युवा पीढ़ी को परिचित कराने का अत्यंत सराहनीय कार्य किया है।

## सपना नींद से टूटा

एक दिन सपना नींद से टूटा
खुशी का दरवाजा फिर से रूठा

मुड़ कर देखा तो वक्त खड़ा था
जिंदगी और मौत के बीच पड़ा था

दो पल ठहर के मेरे पास वह आया
पूछा मिली थी जो खुशी उसे क्यों ठुकराया

ऐसे में जब मैं हल्का सा मुस्कुराया
नजरें उठाई और तब सवाल ठुकराया

जवाब सुनकर वह भी रोने लगा
कहीं ना कहीं मेरे दर्द में खोने लगा

मेरे भाई हसा नहीं कभी खुद के लिए
जिया हो जिंदगी पर ना कभी अपने लिए

इस खुशी का एक ही इंसान मोहताज था
मेरी जान मेरी धड़कनों का वो ताज था..

आखिर खत्म हो गया एक किस्सा मेरी जिंदगानी का
पर नाज रहेगा हमेशा अपनी कहानी पर।

## शार्ट न्यूज

### मुख्तार की पत्नी पर पुलिस का शिकंजा, दो करोड़ से ज्यादा की तीन संपत्तियां कुर्क

**गाजीपुर।** यूपी की जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी और उनकी पत्नी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। पुलिस लगातार उन पर कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने शनिवार को गाजीपुर गोराबाजार में आफ्शां अंसारी की एक बार फिर तीन व्यवसायिक भूमि को कुर्क कर लिया है। इसकी कीमत दो करोड़ 15 लाख रुपये बताई जा रही है। उनकी अन्य संपत्तियों पर भी जल्द कार्रवाई की तैयारी है। एसपी रोहन पी बोत्रे ने बताया कि मुख्तार की पत्नी आफ्शां अंसारी पर गाजीपुर और मऊ पुलिस ने गैंगस्टर कायम किया गया है। इस मामले में कोर्ट की ओर से एनबीडब्ल्यू जारी हो चुका है। हाजिर न होने के चलते पुलिस मुख्तार की पत्नी की कई संपत्तियों की कुर्की कर चुकी है। शनिवार को आफ्शां अंसारी के नाम से गाजीपुर शहर के मोहल्ला गोरा बाजार में नगर पालिका नंबर-524 भाग 191 वर्ग मीटर भूमि, गाजीपुर शहर के मोहल्ला रजदेपुर में नगर पालिका नंबर पुराना -63बी नया व नंबर 99ए रकबा 162.27 वर्ग मीटर भूमि और गाजीपुर शहर के ही मोहल्ला कुंदनपुर में नगर पालिका नंबर 186 में रकबा 159 वर्ग मीटर को कुर्क किया गया है। एसपी के अनुसार कुल मिलाकर 2.15 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को कुर्क किया गया।

### राप्ती नदी का पानी सड़कों पर चढ़ा, बढ़ी आवाजाही में परेशानी

**डेरवा/बड़हलगंज।** राप्ती नदी का पानी डेरवा-खैरवा मार्ग पर चढ़ गया है, जिससे ग्रमीणों की चिन्ताएं बढ़ गई है। फिलहाल अभी बाढ़ का कोई खतरा नहीं है परन्तु बढ़ते जलस्तर ने खतरे का एहसास जरूर करा दिया है। राप्ती और सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर के साथ ही हर साल बाढ़ की समस्या का सामना करने वाले कछार वासियों की चिंता बढ़ने लगी है। जगदीशपुर, मोहनपौहरिया, आछेडीह, नवलपुर, सेमराखुर्द, खोहियापट्टी, खैरवा, मछरगांवा, सुबेदारनगर सहित दर्जनों गांव के लोग बाढ़ के खतरे से सशंकित है। ग्रामीण अरविन्द तिवारी, रत्नेश यादव, अष्टभुजा सिंह, साहब तिवारी, रविशंकर सिंह, का कहना है कि इस क्षेत्र को रामजानकी मार्ग से जोड़ने वाले सम्पर्क मार्ग काफी नीचे हैं। इस कारण थोड़ा सा ही जलस्तर बढ़ने के साथ ही इन सम्पर्क मार्गों पर पानी चढ़ जाता है। आवागमन की समस्या बढ़ जाती है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से बाढ़ से बचाव के लिए ठोस इंतजाम करने की मांग की हैं।

### ललितपुर में झारखंड के युवक की मौत

ललितपुर। ललितपुर जिले के कचनौदा बांध में निर्माणधीन वाटर प्लांट में शुक्रवार की रात मजदूर की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। वहीं साथियों ने बताया कि सांप के काटने से मौत हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। झारखण्ड प्रदेश के काली पट्टी चट्टान निवासी 20 वर्षीय अनिल चमेरा पुत्र तलोमा एक महीने पहले झारखंड से अपने साथियों के साथ मजदूरी करने के लिए थाना बानपुर अंतर्गत कचनौदा बांध में बन रहे वाटर प्लांट में काम करने के लिए आया हुआ था। शुक्रवार रात अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। साथी मजदूर उपचार के लिए रात ढाई बजे के दरम्यान जिला अस्पताल लाए । जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। साइड इंचार्ज अजय कुमार शर्मा ने बताया कि रात में जब अनिल सो रहा था। तभी उससे हाथ की उंगली में सांप ने काट लिया। जिसके चलते उसकी हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। उसने बताया कि मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।

### सोनभद्र में गोवंश वध मामले में चार गिरफ्तार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में सोनमांची क्षेत्र में पुलिस ने बैल का वध करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो चाकू व एक गड़ासा बरामद किया है। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि बिहार बार्डर से सटे महूली गांव में एक बैल के वध की सूचना मिली। पुलिस ने घटनास्थल पर जांच किया तो मरे हुए बैल का अवशेष मिला। इस मामले में मांची थाने पर मुकदमा दर्ज कर अभियुक्तों के तलाश में लग गई थी। मुखबिर की सूचना पर शनिवार को पुलिस ने घटना में शामिल महुली गांव निवासी शमशेर ,सलाउद्दीन , रियासत और सिरताज को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। इनकी निशानदेही पर उनके कब्जे से बैल के वध में प्रयुक्त दो चाकु व गड़ासा बरामद कर लिया है। पुलिस ने सभी को जेल भेज दिया है।

### किसानों की अनदेखी करने पर रालोद करेगी धरना प्रदर्शन : चौधरी

**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने उत्तर प्रदेश सरकार पर किसानो की अनदेखी किये जाने का आरोप लगाते हुये आठ अगस्त को शामली चीनी मिल पर धरना प्रदर्शन किये जाने का ऐलान किया है। पार्टी विधायक प्रसन्न चौधरी ने शनिवार को कहा कि जिले की तीनों चीनी मिलों द्वारा किसानों के बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान न किए जाने व भाजपा सरकार द्वारा किसानो की लगातार अनदेखी करने के विरोध में उनकी पार्टी आठ अगस्त को शामली शुगर मिल पर धरना प्रदर्शन करेगी। थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने कहा कि सरकार का कोई बार अवगत कराने के बावजूद भी किसानों के बकाया का भुगतान नहीं किया गया।बनत रोड स्थित कैंप कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत में चौधरी और अशरफ अली खान ने कहा कि जिले की तीनों चीनी मिलों शामली, थानाभवन व ऊन शुगर मिलों पर किसानों का करोडों का गन्ना मूल्य बकाया है। कई बार सरकार को इस संबंध में अवगत भी कराया गया लेकिन सरकार द्वारा मिलों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गयी। जनवरी से अगस्त तक किसानों का 638.45 करोड रुपया चीनी मिलों पर बकाया है। भुगतान न होने से किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### असम के मुख्यमंत्री की पत्नी ने जगद्गुरु से लिया आशीर्वाद

मथुरा 6 अगस्त (वार्ता) चातुर्मास के दौरान गोवर्धन स्थित शंकराचार्य आश्रम में चल रहे विशेष अनुष्ठान व पार्थिव शिवलिंग के पूजन और अभिषेक में देश भर से श्रद्धालुओं के आने के क्रम में आज असम राज्य के मुख्यमंत्री हिमन्ता विश्वशर्मा की धर्मपत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा ने रुद्राभिषेक कर गोवर्धन पुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ से आशीर्वाद लिया। श्रीमती शर्मा ने आदि शंकराचार्य भगवान की चरण पादुका का पूजन एवं चित्रपट पर माल्यार्पण किया। फिर गोवर्धन पुरी पीठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होने यज्ञशाला में जाकर चातुर्मास व्रत के अन्तर्गत चल रहे अनुष्ठान, वहां नियमित बन रहे पार्थिव शिवलिंग और वहां स्थापित सभी देवताओं का विधि विधान से पूजन कर रुद्राभिषेक किया। शंकराचार्य ने उन्हें चातुर्मास के महत्व एवं रूद्राभिषेक की महत्ता के साथ गोवर्धन में चल रहे इस अनुष्ठान की विशेषताओं के बारे में विस्तार से बताया। रिनिकी भुइयां शर्मा पूर्वोत्तर भारत के एक बड़े मीडिया संस्थान, प्राइड ईस्ट एंटरटेनमेंट की प्रबंध निदेशक भी हैं।

### विकास कार्यों का लाभ सभी जरूरतमंदों को मिले : पाठक

आगरा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और आगरा मंडल के प्रभारी ब्रजेश पाठक ने कहा कि विकास कार्यों का लाभ सभी जरूरतमंदों को मिलना अधिकारियों को सुनिश्चित करना होगा। श्री पाठक ने शनिवार को यहां विकास भवन में विकास कार्यों की समीक्षा करने के बाद कहा कि वृद्धावस्था, दिव्यांग व निराश्रित महिला पेंशन हेतु कोई पात्र व्यक्ति न छूटे, अधिकारी सभी ब्लॉक में कैंप लगा कर निस्तारण करें। अपराध व कानून व्यवस्था पर नियंत्रण के लिए बीट स्तर पर पुलिस सक्रिय रहे, किसी भी परिस्थिति में सड़क जाम न हो, वाहनों के बेतरतीब पार्किंग व सड़क पर अवैध पार्किंग न हो। पाठक ने कहा कि विकास कार्यों और कानून व्यवस्था के मामले में आगरा को नम्बर वन बनाना है। उपमुख्यमंत्री ने बैठक में विभिन्न विभागवार योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा की व प्रगति रिपोर्ट देखी। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर-घर तिरंगा कार्यक्रम की समीक्षा में बताया गया कि जनपद को 7.65 लाख झंडा निर्माण का लक्ष्य मिला था, जिसमें 7.68 लाख लक्ष्य से अधिक प्राप्त हुआ।

# बदायूं में 13 दिन पहले अगवा लड़के की लाश मिली

## पुलिस पर फूटा गुस्सा; ग्रामीणों के हमले में दरोगा-सिपाही घायल



बदायूं। बदायूं में 13 दिन पहले अगवा किए गए एक लड़के की लाश मिलने के बाद उसके परिवारवालों और ग्रामीणों का गुस्सा पुलिस पर फूट पड़ा। उन्होंने वजीरगंज थाने के इंचार्ज के साथ जमकर मारपीट की। ग्रामीणों के हमले में थाना इंचार्ज का सिर फूट गया। जबकि एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि कई पुलिसवाले जान बचाकर मौके से भाग निकले। जो भाग नहीं पाए उन्हें ग्रामीणों ने पकड़कर जमकर पीटा।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के थानों की पुलिस और पीएसी लेकर एसपी देहात मौके पर पहुंचे।मारे गए लड़के परिवार के लोगों और ग्रामीणों का आरोप है कि लड़के के अपहरण के बाद आरोपियों के खिलाफ तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उल्टे परिवार को ही गुमराह करती रही।नतीजतन लड़के की हत्या कर दी गयी। बताया जा रहा है कि शव के नाम पर कंकाल मिला है। परिवार के लोगों ने कपड़ों के आधार पर शिनाख्त की।

थाना वजीरगंज क्षेत्र के गांव पेंपल निवासी जयपाल का 17 वर्षीय बेटा सुखवीर बीते 25 जुलाई को संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गया। परिजन उसकी खोजबीन कर रहे थे लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। सुखवीर के भाई ने 27 जुलाई को गुमशुदगी दर्ज कराई। 29 को गुमशुदगी अपहरण में बदली दी गई। सुखवीर के भाई सुनील कुमार ने अपने भाई के अपहरण की आशंका जताते हुए पड़ोसी गांव बरखेड़ा निवासी एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया।

सुनील ने बताया, उसके भाई सुखवीर का पड़ोसी गांव बरखेडा निवासी एक व्यक्ति के घर पर आना जाना था। जिस दिन वह लापता हुआ है उस दिन भी गांव वालों ने उसे उसी घर में देखा था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गांव बरखेड़ा निवासी कोमिल पुत्र लटूरी, रामपाल पुत्र लटूरी, कल्लू पुत्र दोदराम, सुखदेई पत्नी कोमिल आदि के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने नामजदों को हिरासत में लिया है।

शनिवार को कंकाल मिलने की सूचना पर वजीरगंज थाना प्रभारी प्रकाश सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे तो यहां आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने उन पर और हमराह सिपाहियों पर हमला बोल दिया। थाना प्रभारी को खींचकर लोगों ने बुरी तरह लाठी डंडों से पीटा। वे जान बचाकर वहां से भागे, इसके बाद ग्रामीणों के हाथ सिपाही लगे। उन्हें भी जमकर पीटा गया।

# दरोगा पर रेप का आरोप लगा लड़की ने खाया जहर

## मुकदमा दर्ज; थानेदार भी लाइन हाजिर



वाराणसी। वाराणसी के सारनाथ क्षेत्र की 27 साल की एक लड़की ने पुराना पुल चौकी प्रभारी संग्राम सिंह पर रेप का आरोप लगाकर जहर खा लिया। इस घटना के बाद पुलिस कमिश्नर के आदेश पर सारनाथ थाने में दरोगा के खिलाफ रेप और अन्य धाराओं में मुकदमा कायम कर दिया गया है। इसके साथ पुलिस कमिश्नर ने थाना प्रभारी अर्जुन सिंह को लाइन हाजिर कर दिया है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय को आफिस से अटैच कर दिया है। एसीपी रत्नेश्वर सिंह बनाये गये हैं। इंस्पेक्टर धर्मपाल सिंह को नया थाना प्रभारी बनाया गया है। लड़की शाम को पुलिस चौकी पहुंची थी। वहां पहुंचते ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। उसने चौकी जाने से पहले ही जहर खा लिया था। पुलिस ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। युवती का आरोप है कि चौकी प्रभारी ने शादी का झांसा देकर दुराचार किया है। जब वह चौकी पर पहुंची तो वह मौजूद नहीं था। प्रकरण का पुलिस आयुक्त ने गंभीरता से लिया है।

# भाजपा में हर कार्यकर्ता के लिये काम और योजना निर्धारित : स्वतंत्र देव

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए कार्य और प्रत्येक कार्य के लिए कार्यकर्ता की योजना निर्धारित है।

ताजनगरी आगरा मे भाजयुमों के तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि भाजपा राष्ट्रवादी राजनैतिक दल है जो देश को सुदृढ़, समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए कृत संकल्पित है।

उन्होंने युवा मोर्चा को सम्बोधित करते हुए कहा यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है कि यहां बैठे आप सभी युवाओं में से कल कोई पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनकर मेरे स्थान पर खड़ा हो सकता है। भाजपा में हम सभी विचारधारा के लिए कार्य करते हैं और उस विचारधारा के लिए कार्य करना तथा उस विचारधारा को सर्वग्राही, सर्वस्पर्शी व सर्वव्यापी बनाना हम सभी का कर्तव्य है। हमारा राष्ट्रवाद, हमारी सामाजिकता, हमारा सामूहिक धर्म हमारे व्यवहार से प्रकट होता है।

श्री सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण हमारे संगठन की पुरातन परम्परा है। प्रशिक्षण के माध्यम से जनआकांक्षाओं की पूर्ति तथा जनता की सेवा करने के लिए उन्मुख कार्यकर्ताओं का निर्माण किया जाता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों की राजनीति के मूल में परिवारवाद, जातिवाद व क्षेत्रवाद है। वहीं भाजपा सिद्धान्तों व आदर्शो पर आधारित राजनैतिक दल है जो जन-जन की समृद्धि से राष्ट्र को समृद्ध बनाने के संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ रहा है। हमारे संगठन के लिए हमारी कार्यपद्धति अनिवार्य है।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित होंगी पद्म सम्मानित विभूतियां

लखनऊ। देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने के मौके को यादगार बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार पद्म पुरस्कार विजेताओं को पहली बार आमंत्रित कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को बताया कि पद्म पुरस्कार विजेताओं को स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन तथा शहीद सैनिकों के परिजनों के साथ मुख्य समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इसके लिए खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को विशेष रूप से कहा है। इसके लिये तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। गौरतलब है कि यूपी के कुल 14 विभूतियों को 2021 के पद्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इनमें दो विभूतियां दिवंगत हो चुकी हैं, जबकि 12 विभूतियों को सरकार मुख्य समारोह में ससम्मान आमंत्रित करेगी।

# कानपुर में हुए सिख दंगे के दो और आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल

एजेंसी

**कानपुर।** सिख दंगा की जांच कर रही एसआईटी ने अरमापुर स्टेट में छापेमारी कर दो और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया हैं। इसी के साथ गिरफ्तार होने वाले आरोपितों की संख्या 33 पहुंच गई है। सन 1984 सिख दंगो में अरमापुर स्टेट ऑर्डनेंस फैक्ट्री पर भी हमला किया गया था। इस दौरान दंगाइयों ने सिख समुदाय के वजीर सिंह और सतनाम सिंह उर्फ सिम्मी को जान से मार दिया था। इस मामले में फैक्ट्री के सिक्योरिटी सुपरवाइजर देवी दत्त उपाध्याय ने अरमापुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी।



इस मामले में एसआईटी ने आवास विकास पनकी 3 निवासी बृजेश दुबे और बी ब्लॉक पनकी निवासी राजेंद्र कुमार जायसवाल उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार कर लिया। एसआईटी ने दोनो को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। इससे पहले 1984 के सिख विरोधी कानपुर दंगों के दौरान सामूहिक हत्याओं की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने शहर के किदवई नगर इलाके में हुई तिहरे हत्याकांड के सिलसिले में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार पांच लोगों की पहचान अनिल कुमार, राम उर्फ बगगड़, मुस्तकिम, अब्दुल वहीद और इरशाद के रूप में हुई है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपितों की उम्र 60 साल से ऊपर है।

31 अक्टूबर 1984 को तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद शहर में दंगों के दौरान 127 सिखों की हत्या कर दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 2019 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित एसआईटी पिछले तीन वर्षों से शहर में सिख विरोधी दंगों के मामलों की जांच कर रही है। जांच दल ने 96 लोगों की पहचान प्रमुख संदिग्धों के रूप में की है, जिनमें से 23 की मौत हो चुकी है। अधिकारी ने कहा कि तीन दर्जन से अधिक संदिग्धों का विवरण एकत्र किया गया और इससे एसआईटी को 27 लोगों को पकड़ने में मदद मिली।

# योगी सरकार ने 12 आईएएस अफसरों का किया तबादला

**लखनऊ।** यूपी की प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने के मकसद से योगी आदित्यनाथ सरकार ताबड़तोड़ तबादले जारी रखे हुए है। इसी क्रम में शनिवार को 12 आईएएस अफसरों को इधर से उधर किया गया है। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के विशेष सचिव सुरेन्द्र प्रसाद सिंह अब कानपुर नगर के अपर श्रमायुक्त बनाए गए हैं।

प्रतीक्षारत आशुतोष निरंजन, नियोजन विभाग के विशेष सचिव होंगे। प्रतीक्षारत राकेश कुमार मिश्रा विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग होंगे।

प्रतीक्षारत वैभव श्रीवास्तव, गृह तथा कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग के विशेष सचिव होंगे। नियोजन विभाग तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग के विशेष सचिव राम नारायन सिंह यादव कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा के विशेष सचिव होंगे।

नियोजन विभाग के विशेष सचिव विवेक गृह तथा कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग के विशेष सचिव होंगे। प्रतीक्षारत अमृत त्रिपाठी नियोजन विभाग के विशेष सचिव होंगे। खाद्य एवं रसद विभाग के विशेष सचिव ओम प्रकाश वर्मा वाणिज्य कर विभाग के अपर आयुक्त होंगे। गृह तथा कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग के विशेष सचिव अटल कुमार राय कानपुर में उद्योग विभाग के अपर आयुक्त होंगे। गृह विभाग के विशेष सचिव रविन्द्र पाल सिंह माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव होंगे। कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा के विशेष सचिव संदीप कौर महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के विशेष सचिव होंगे। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के विशेष सचिव डा.अरविंद कुमार चौरसिया, कृषि उत्पादन आयुक्त शाखा के विशेष सचिव होंगे।

### बलात्कार के आरोपी को 20 साल की कैद

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले की एक अदालत ने किशोरी के साथ बलात्कार के एक मामले में आरोपी को 20 साल सश्रम कारावास और एक लाख रुपए की सजा सुनायी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कोतवाली नानपारा क्षेत्र के बंजारन टांडा भटेहटा गांव निवासी फजल खां ने 12 वर्षीया नाबालिक के साथ बाग में ले जाकर दुष्कर्म किया था। 21 अप्रैल 2016 को हुए अपराध के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया था। दीवानी न्यायालय के विशेष जिला शासकीय अधिवक्ता पोस्को संत प्रताप सिंह ने बताया कि शनिवार को दुष्कर्म के मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉस्को कोर्ट के जज वरुण मोहित निगम ने मामले की सुनवाई की। न्यायधीश ने दुष्कर्म को जघन्य मानते हुए आरोपी फजल खां को 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

# मूक-बधिर बच्चों की जांच में सर्जरी के लिए चुना गया 10 बच्चों को

झांसी। उत्तर प्रदेश के झांसी में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं डॉ एस एन मेहरोत्रा फाउंडेशन कानपुर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को आयोजित कैंप में सर्जरी के लिए 10 बच्चों को चिंहित किया गया। इस दौरान 22 बच्चों की जांच की गयी।

यहां जिला अस्पताल में आयोजित किये गये इस शिविर के बारे मे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ़ सुधाकर पांडे ने बताया कि प्रत्येक वर्ष आरबीएसके और डॉ एस एन मेहरोत्रा फाउंडेशन कानपुर के सहयोग से मूक बधिर बच्चों की स्क्रीनिंग हेतु कैंप आयोजित किया जाता है। इस दौरान चिन्हित किए बच्चों की निशुल्क सर्जरी कराई जाती है। यदि कोई निजी अस्पताल में इस तरह की सर्जरी कराता है तो उसके करीब पांच से छह लाख रुपए तक खर्च होते हैं लेकिन आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत ऐसे बच्चो का निःशुल्क उपचार मेहरोत्रा फाउंडेशन के सहयोग से किया जाता है। इस दौरान सर्जरी में अभिभावक को कोई पैसा नहीं देना पड़ता है। इस शिविर में हिस्सा लेने वाली डॉ़ नीलमलता आनंद ने बताया कि आज लगाए गये शिविर में सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक 0 से 05 साल की उम्र के जन्म से ही मूक बधिर बच्चों की स्क्रीनिंग के लिए जांच की गयी और 22 मे से 10 बच्चों को सर्जरी के लिए चुना गया। आरबीएसके डीईआईसी मैनेजर डॉ रामबाबू कुमार ने बताया कि जन्म से ही मूक बधिर बच्चों की स्क्रीनिंग के लिए सभी उपाय किए जा रहे हैं।

### भाजपा सरकार को नहीं दिखती महंगाई

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जबसे भाजपा सत्ता में आई है जनता के हिस्से में सिर्फ महंगाई, तबाही आयी है। महंगाई की मार से गरीब-मध्यमवर्ग सबसे ज्यादा परेशान है। घरेलू अर्थव्यवस्था चौपट है लेकिन हैरत है कि सत्ताधारी दल को महंगाई नहीं दिखाई देती है। उन्होने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि भाजपा राज में रसोई से जुड़ा हर सामान महंगा हो गया है। गैस सिलेण्डर, दूध, दही, पनीर, आटा, दाल, सब्जी, तेल सब महंगा हो गया है। आटा, दाल, सब्जी प्रतिदिन एक रूपए मंहगी हो रही है। एक छह वर्षीय बच्ची ने प्रधानमंत्री जी को पत्र लिखकर पेंसिल, रबर और मैगी के दामों में बढ़ोत्तरी की ओर ध्यान दिलाया है।

# कबाड़ देख भड़के बिजली विभाग के एमडी

## लखनऊ के डालीगंज स्टोर का किया निरीक्षण, सामान पर्याप्त मिला लेकिन समय से कनेक्शन नहीं मिल रहा

**लखनऊ।** समय से बिजली कनेक्शन न मिलने, खराब पोल न बदले जाने समेत कई समस्याओं से आखिरकार पावर कॉर्पोरेशन के एमडी भी परेशान हो गए हैं। शनिवार को एमडी एम देवराज अचानक डालीगंज स्थित लेसा के स्टोर पर औचक निरीक्षण करने पहुंच गए।



यहां उन्होंने देखा कि बिजली के उपकरण बेतरतीब रखे हुए हैं। यहां तक की कई सामान धीरे-धीरे खराब होने की स्थिति में पहुंच रहे थे। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि बड़े स्तर पर कबाड़ रखा गया था। यहां तक कि स्टोर पर कबाड़ का पहाड़ देख एमडी भड़क उठे। उन्होंने एक महीने में स्क्रैप नीलाम कर यहां पर्याप्त साफ सफाई बनाने को कहा है। एमडी ने एसई स्टोर से आवश्यक सामान के बारे में जानकारी ली। एसई स्टोर ने बताया सामान की कोई कमी नहीं है। हालांकि पिछले दो महीने से लखनऊ में फॉल्ट से लेकर नए कनेक्शन लेने में लोगों को काफी परेशानी हो रही है। स्थिति यह है कि 7 दिन में मिलने वाला कनेक्शन एक महीने से ज्यादा समय गुजरने के बाद भी नहीं मिल रहा है। एमडी ने 10 सितंबर तक स्क्रैब खत्म करने का निर्देश दिया है।

### मीटर नहीं होने से कनेक्शन नहीं मिल रहा

विभाग में कनेक्शन देने के लिए मौजूदा समय मीटर का अभाव है। उपकेंद्र पर मीटर न होने की बात कर जेई और एसडीओ कनेक्शन देने से मना कर देते हैं। ऐसे में कनेक्शन लेने वाला व्यक्ति महीनों बिजली घर का दौड़ लगा रहे हैं।

# अमरोहा में जहरीला चारा खाकर 64 गोवंश की मौत

## हिरासत में लिए गए 8 लोग, चारा विक्रेता ताहिर फरार; मुरादाबाद कमिश्नर कर रहे जांच

अमरोहा। अमरोहा के सांथलपुर गोशाला में अब तक 64 गोवंश की मौत हो चुकी है। वहीं, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली प्रयोगशाला से चारे की जांच रिपोर्ट आ गई है। रिपोर्टम में पाया गया कि चारा में नाइट्रेट/नाइट्रेट खाद की मात्रा अधिक होने के चलते गोवंश की मौत हुई है।



अमरोहा पुलिस ने गौवंश पशुओं की मौत के मामले में 8 लोगों को हिरासत में लिया है। इन 8 लोगों का पशु क्रूरता अधिनियम के तहत चालान किया गया है। जबकि इस प्रकरण का मुख्य आरोपी चारा विक्रेता ताहिर फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें लगी हुई है।

### पशुओं की मौत का सिलसिला

गोशाला में गुरुवार से शुरू हुई गोवंश पशुओं की मौत की संख्या बढ़ती जा रही है। 36 घंटे में गोवंश पशुओं की मौत की संख्या 64 हो चुकी है। दरअसल बीते गुरुवार की सुबह चारा खाने के बाद शाम तक एक के बाद एक लगभग 25 गोवंश पशुओं की मौत हुई। उसी दिन शाम से रात तक मौतों का आंकड़ा 61 तक पहुंच गया। जबकि आज दोपहर 12 बजे तक तीन पशुओं की ओर मौत हो गई है।

### प्रयोगशाला से आई चारे की जांच रिपोर्ट

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली प्रयोगशाला से चारे की जांच रिपोर्ट आई है। जिसमें नाइट्रेट/नाइट्रेट की मात्रा अधिक बताया गया है। इसी के चलते गोवंश पशुओं की मौत हो हुई है। साथ ही बताया जा रहा है कि पशुओं को दिए गए हरे चारे में नाइट्रेट की मात्रा ज्यादा थी। जिसे खाने की वजह से गोवंश पशुओं की मृत्यु की वजह माना गया है।

### मुख्य आरोपी ताहिर की तलाश

गोवंश पशुओं की मौत को गंभीरता से लेते हुए सीएम योगी के आदेश पर मुरादाबाद कमिश्नर और पशुधन विभाग के सचिव डॉ. रजनीश दूबे उच्च स्तरीय जांच कर रहे है। जिसकी जांच रिपोर्ट आज वह सीएम योगी को सौंपेंगे। साथ ही अंदेशा जताया जा रहा है कि जांच रिपोर्ट देखने के बाद सीएम योगी कई जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई कर सकते हैं।

### गोवंश पशुओं की मौत के मामला

जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने बताया कि गोवंश पशुओं की मौत के मामले में जांच की जा रही है।

गोवध निवारण अधिनियम की धारा 3 व 8, के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।अभी तक इस प्रकरण में 8 आरोपियों का चालान कर दिया गया है। जबकि मुख्य आरोपी चारा विक्रेता ताहिर की तलाश में दबिश जारी है। उसकी तलाश में पुलिस की कई टीमें लगी है।

# 24 घंटे पहले नदी में डूबे युवक का शव बरामद

बांदा। बांदा में 24 घंटे पहले नदी में डूबे युवक का शव आज NDRF की टीम की मदद से पुलिस ने बरामद कर लिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। युवक अपने तीन दोस्तों के साथ नदी में नहाने गया था उसी दौरान तीनों डूबने लगे थे। जिसमें दो लोगों को मौके पर मौजूद गोताखोरों द्वारा बचा लिया गया था। लेकिन एक युवक डूब गया था जिसका शव आज बरामद कर लिया गया है। घटना पैलानी डेरा के क्योट्रा घाट में तीन दोस्त नहा रहे थे। नदी का बहाव तेज होने के कारण उसने से राजेश श्रीवास उम्र 17 साल पुत्र मुन्नी लाल श्रीवास डूब गया था। जिसका शव लाख कोशिश के बाद नहीं मिला था। जिसके बाद पुलिस ने एनडीआरएफ की मदद से आज शव को निकाल कर पुलिस को सौप दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए भेज दिया है। वही मेघराज सिंह की अगवाई में एक दर्जन NDRF के जवानों की टीम ने स्ट्रीम फंडिंग कर 15 फीट नीचे से शव को ढूंढ निकाला। घटना स्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारीयो ने मृतक के पिता को संतावना दी है और हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है। क्षेत्रधिकारी पुलिस ने कहा कि मृतक के आश्रितों को आर्थिक मदद दिलाई जाएगी।

पुलिस ने ये भी बताया कि पिता की तरफ से तहरीर मिली है । उसका बेटा नहाने गया था और डूब कर उसकी मौत हो गई है। शव को नदी से बाहर निकला लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

वही सीओ सदर आनंद कुमार पाण्डेय ने बताया कि कल नहाते समय राकेश श्रीवास डूब गया था। उसको ढूंढने के लिए गोताखोर को लगाया गया था।

# एसबीआई का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 6.70 प्रतिशत घटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। ब्याज मार्जिन में गिरावट के बीच देश के सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में 6,068 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दिखाया है जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में 6.70 प्रतिशत कम है और इस वर्ष जनवरी-मार्च की तिमाही की तुलना में शुद्ध लाभ 33.42 प्रतिशत की गिरावट दिखी।

एसबीआई ने वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में 6,504 करोड़ रुपये और चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2022) में 9,114 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था।

बैंक के शनिवार को जारी तिमाही वित्तीय परिणामों के अनुसार चालू वित्त वर्ष की प्रथम तिमाही में बैंक की ब्याज आय वार्षिक आधार पर 10.85 प्रतिशत बढ़कर 72,676 करोड़ रुपये रही। इसी दौरान इसका ब्याज खर्च 9.37 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 41,480 करोड़ रुपये रहा। इस तरह आलोच्य तिमाही में एसबीआई की शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) वार्षिक आधार पर 12.87 प्रतिशत बढ़कर 31,196 करोड़ रुपये रही। बीते वर्ष इसी तिमाही में बैंक की ब्याज आय 65,564 करोड़ रुपये, ब्याज खर्च 37,926 करोड़ रुपये और शुद्ध ब्याज आय 27,638 करोड़ रुपये थी।

चालू वित्त वर्ष की प्रथम तिमाही में बैंक का शुद्ध ब्याज मार्जिन (घरेलू) 3.23 प्रतिशत रहा जबकि इससे पिछले वर्ष इसी दौरान यह 3.15 प्रतिशत और जनवरी-मार्च 2022 की तिमाही में 3.40 प्रतिशत था।

State Bank of India

वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में बैंक का परिचालन लाभ 12,753 करोड़ रुपये रहा जो एक साल पहले के 18,975 करोड़ रुपये की तुलना में 32.79 प्रतिशत कम है और इससे ठीक पहले की तिमाही से तुलना करे तो परिचालन लाभ 35.32 प्रतिशत नीचे रहा। जनवरी-मार्च 2022 तिमाही में बैंक का परिचालन लाभ 19,717 करोड़ रुपये था।

आलोच्य तिमाही में बैंक को ऋण पर हानि के लिए 4,268 करोड़ रुपये का अपेक्षाकृत कम प्रावधान करना पड़ा। यह पिछले वर्ष अप्रैल-जून में इस मद पर 5,030 करोड़ रुपये के प्रावधान से 15.14 प्रतिशत कम है। लेकिन ठीक इससे पिछली तिमाही के 3,262 करोड़ रुपये की तुलना में 30.86 प्रतिशत अधिक है।

आलोच्य तिमाही में बैंक द्वारा दिए गए सकल ऋण में सालाना आधार पर 14.93 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी और यह एक साल पहले के 25,23,793 करोड़ रुपये से बढ़कर 29,00,636 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इससे पिछली तिमाही की तुलना में सकल ऋण में वृद्धि 2.91 प्रतिशत रही। बैंक का आवास ऋण पोर्टफोलियो जून 2022 के अंत में 5,75,075 करोड़ रुपये था जो सालाना आधार पर 13.17 प्रतिशत अधिक है।

अप्रैल-जून 2022 तिमाही में बैंक का लेखा-जोखा 50 लाख करोड़ रुपये से ऊपर पहुंच गया है।

पहली तिमाही के अंत में बैंक में जमा कुल राशि 40,45,696 करोड़ रुपये थी जो एक साल पहले के 37,20,987 करोड़ रुपये की तुलना में 8.73 प्रतिशत ज्यादा है। वैसे ठीक पिछली तिमाही की तुलना में बैंक की जमा में 0.14 करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गयी है।

बैंक की जमा में चालू खाते और बचत खाते (सीएएसए) में जमा का अनुपात 45.33 प्रतिशत रहा जबकि एक साल पहले सीएएसए का जमा में अनुपात 45.97 प्रतिशत था।

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बैंक के ऋण वसूली में सुधार दिखा और इसका शुद्ध अवरुद्ध ऋण (एनपीए) घटकर एक प्रतिशत पर आ गया जबकि एक साल पहले यह 1.77 प्रतिशत और इससे ठीक पिछली तिमाही 1.02 प्रतिशत था। इस दौरान बैंक का सकल एनपीए 3.91 प्रतिशत रहा जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के अंत में यह 5.32 प्रतिशत और जनवरी-मार्च 2022 तिमाही में 3.97 प्रतिशत थी।

एसबीआई का पूंजी पर्याप्ता अनुपात (सीएआर) 13.43 प्रतिशत था जबकि एक वर्ष पहले यह अनुपात 13.66 प्रतिशत था।

# गोदरेज कोर्बर की आगामी पांच वर्षों में 18 प्रतिशत वृद्धि की योजना

**नयी दिल्ली।** गोदरेज कोर्बर ने वित्त वर्ष 2021-22 में अपने बुक हुए ऑर्डर के लक्ष्य को पार करते हुए अगले पांच वर्षों में व्यापार में 18 प्रतिशत की वृद्धि का लक्ष्य रखा है।

गोदरेज समूह की प्रमुख कंपनी गोदरेज एंड बॉयस और जर्मनी स्थित कोर्बर सप्लाई चेन के बीच एक संयुक्त उद्यम गोदरेज कोर्बर ने अलग-अलग ऑटोमेशन (स्वचालन) समाधानों की पेशकश करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में इंट्रालॉजिस्टिक्स की भूमिका निभाएगी।

गोदरेज कोर्बन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि कोविड महामारी के बाद से उद्योग में ऑटोमेशन को अपनाने की दिशा में बड़ा बदलाव आया है।

आपूर्ति श्रृंखला स्वचालन में विकास इंजन के रूप में उभर रहे एशिया के अलावा कोर्बर सप्लाई चेन का इरादा अपनी भारतीय सहायक कंपनी, गोदरेज कोर्बर के जरिए वित्त वर्ष 2022-23 में भारत में निवेश बढ़ाने का है।

संयुक्त उद्यम ने कहा कि वैश्विक वेयरहाउस (कारखाना) ऑटोमेशन बाजार वित्त वर्ष 2024-25 तक बढ़कर 19.5 अरब डॉलर होने की उम्मीद है और महामारी ने इस खंड के महत्व को बढ़ाया है।

विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि, फार्मा, खुदरा, ई-कॉमर्स और खाद्य सेवा व्यवसायों के विकास के साथ-साथ खपत पैटर्न में बदलाव के कारण सरकार कोल्ड चेन और कोल्ड स्टोरेज संयंत्रों में निवेश कर रही है। इसे ध्यान में रखते हुए, गोदरेज कोर्बर प्रमुख निजी खिलाड़ियों के साथ-साथ सार्वजनिक-निजी भागीदारी परियोजनाओं के लिए स्वचालन उद्योग में थोक प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

गोदरेज कोर्बर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं व्यापार प्रमुख सुनील डबराल ने कहा, गोदरेज कोर्बर एक सिस्टम इंटीग्रेटर है और स्टैकर क्रेन एवं शटल आधारित एएस या आरएस समाधानों सहित ऑटोमेशन समाधानों की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है जो आपको सभी पैलेटाइज्ड वस्तुओं के भंडारण को पूरी तरह से नियंत्रित करने देता है। व्यापक प्रौद्योगिकियों और विशेषज्ञता की पेशकश करते हुए हमारा लक्ष्य भारत में सभी क्षेत्रों में आपूर्ति श्रृंखला की जटिलता पर विजय प्राप्त करना है।

कोर्बर सप्लाई चेन (एशिया) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, विन थियानचाई ने कहा, कोर्बर इंट्रालॉजिस्टिक्स विकास के लिए स्थानीय और वैश्विक दोनों अनुमानों को आगे बढ़ाने का इरादा रखता है। गोदरेज एंड बॉयस के साथ हमारी साझेदारी हमें इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए मिलकर काम करने में सक्षम बनाएगी।

# प्राइवेट बैंक ने दी खुशखबरी, जमा रकम पर बढ़ा दी ब्याज दर

एजेंसी

नई दिल्ली। प्राइवेट सेक्टर के फेडरल बैंक ने बचत खाताधारकों को खुशखबरी दी है। दरअसल, बैंक ने डिपॉजिट पर ब्याज दर बढ़ा दी है। इसका फायदा उन ग्राहकों को होगा, जिन्होंने बैंक में पैसे जमा कर रखे हैं। बैंक की आधिकारिक वेबसाइट के मुताबिक नई दरें 6 अगस्त, 2022 से प्रभावी हैं।

### फेडरल बैंक की ब्याज दरें

5 करोड़ रुपये या उससे कम के बचत खाते पर फेडरल बैंक की ब्याज दर 3 फीसदी है। वहीं, 5 करोड़ रुपये और उससे अधिक की बचत बैंक जमाओं पर बैंक द्वारा दी जाने वाली ब्याज दर, 1 लाख रुपये तक की राशियों के लिए आरबीआई द्वारा निर्धारित रेपो दर से 2.40 कम होगी। वहीं, आरबीआई द्वारा निर्धारित रेपो दर से 1.15 प्रतिशत कम होगी।

आपको बता दें कि रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को रेपो रेट को 50 आधार अंकों से बढ़ाकर 5.40 प्रतिशत कर दिया, जो मई के बाद से लगातार तीसरी वृद्धि है। 04 मई, 2022 को आरबीआई ने रेपो दर में 40 बीपीएस की वृद्धि की।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमत घट जाने के बावजूद देश में शनिवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में अभी भी कोई बदलाव नहीं किया।

देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में स्थिरता होने से आम आदमी के लिए राहत बनी हुयी है।

सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमश: 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 94.92 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.01 प्रतिशत गिरकर 88.53 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा।

देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है।

# कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात में 31 प्रतिशत का उछाल

नयी दिल्ली। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में 31 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 740.8 करोड़ डॉलर का रहा जो पिछले वित्त वर्ष की इसी समान अवधि में 566.3 करोड़ डॉलर था।

अप्रैल-जून 2022 तिमाही के लिए निर्यात का लक्ष्य 589 करोड़ डॉलर निर्धारित किया गया था।

वाणिज्?य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण(एपीडा) ने कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के लिए वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 23.56 अरब डॉलर का निर्यात लक्ष्य निर्धारित किया है जिसका 30 जून 2022 को समाप्त हुयी तिमाही में 31.4 प्रतिशत हिस्सा हासिल कर लिया गया है। डीजीसीआईएंडएस के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य तिमाही में ताजे फल और सब्जियों का निर्यात चार प्रतिशत की बढ़कर 40.9 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया जो वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में 39.4 करोड़ डॉलर था। इसी तरह प्रसंस्कृत फलों और सब्जियों का निर्यात 59.71 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 49 करोड़ डॉलर रहा जो 30.7 करोड़ डॉलर था।

इस तिमाही में अनाज और विविध प्रसंस्कृत वस्तुओं जैसे प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों ने पिछले वर्ष की पहली तिमाही की तुलना में 37.66 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की।

वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में 115.7 करोड़ डॉलर के बासमती चावल का निर्यात हुआ जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में निर्यात हुए 92.2 करोड़ डॉलर के बासमती चावल से 25.54 प्रतिशत अधिक है, जबकि चालू वित्त वर्ष के पहले तीन महीनों में गैर-बासमती चावल का निर्यात बढ़कर 156.6 करोड़ डॉलर हो गया जो पिछले वर्ष के इन्हीं महीनों में 149.1 करोड़ डॉलर था।

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मांस, डेयरी और पोल्ट्री उत्पादों के निर्यात में 9.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई और अन्य अनाजों के निर्यात में 29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। एकमात्र डेयरी उत्पादों ने 67.15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की क्योंकि इसका निर्यात चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में बढ़कर 19.1 करोड़ डॉलर हो गया, जो पिछले वर्ष के इसी महीनों में 11.4 करोड़ डॉलर था।

अन्य अनाजों का निर्यात पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के आंकड़े 23.7 करोड़ डॉलर से बढ़कर अप्रैल-जून 2022 तिमाही में 30.6 करोड़ डॉलर हो गया। इसी तरह पशुधन उत्पादों का निर्यात 102.2 करोड़ डॉलर से बढ़कर 112 करोड़ डॉलर हो गया।

एपीडा के अध्यक्ष डॉ एम.अंगमुथु ने कहा, हम देश से अद्वितीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कृषि उत्पाद मूल्य श्रृंखला में विभिन्न हितधारकों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करना जारी रखे हुए हैं।

# शक्कर में लिवाली, खाद्य तेलों में तेजी, दलहन मजबूत, दालें महंगी, चावल सामान्य

इंदौर। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में लिवाली रही। खाद्य तेल मजबूती लिए रहे। सोयाबीन रिफाइंड ऊंचा बिका। तिलहन में पूछपरख रही। दलहनो में तेजी दर्ज की गई। दालों में भी भाव बढ़े रहे। चावल में कामकाज सामान्य बताया गया।

### किराना बाजार

शक्कर में उठाव रहा। आज शक्कर में कामकाज 3630 से 3670 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। खोपरा गोला, खोपरा बूरा, हल्दी तथा साबूदाना में उठाव बताया गया।

### तेल -तिलहन

खाद्य तेल मजबूती लिए रहे। आज सोयाबीन रिफाइंड में बढ़त दर्ज की गई इससे महंगा बिका। तिलहन में प्लान्टो की लिवाली से मजबूती बनी बताई गई।

स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन मजबूती लिए रहे। आज तुअर बढ़कर बिकी। दालों में मांग रही। इससे भाव ऊंचे बोले गए। आज चावल में पूछपरख बढ़त लिए बताई गई।

### किराना

शक्कर 3630 से 3670 रुपये प्रति क्विंटल।

खोपरा गोला 180 से 205 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2000 से 3500 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 100 से 162 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6000 से 7800, पैकिंग में 8000 से 8200 रुपये प्रति क्विंटल।

### तिलहन

सरसों निमाड़ी 5800 से 6000, रायडा 5700 से 5900 रुपये प्रति क्विंटल।

### तेल

मूंगफली तेल इंदौर 1630 से 1650, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 1240 से 1245, सोयाबीन साल्वेंट 1200 से 1205, पाम तेल 1290 से 1295 रुपये प्रति 10 किलो।

### दलहन

चना (कांटा) 4950 से 5000, मसूर 6650 से 6700, तुअर निमाड़ी 7000 से 7800, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 8000 से 8200, तुअर (कर्नाटक) 8100 से 8300, मूंग 6500 से 6600, मूंग हल्की 5500 से 6000, उड़द 7600 से 8000, उड़द मीडियम 6300 से 6800, उड़द नया 7000 से 7600, हल्का 2500 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल।

### दाल

चना दाल 6290 से 6700, तुअर दाल सवा नंबर 10000 से 10100, तुअर दाल फूल 10200 से 102400, तुअर दाल बोल्ड 10700 से 11400, आयातित तुअर दाल 9800 से 9900, मसूर दाल 7850 से 8150, मूंग दाल 8750 से 9050, मूंग मोगर 9050 से 9350, उड़द दाल 9200 से 9500, उड़द मोगर 10000 से 10300 रुपये प्रति क्विंटल।

### चावल-पोहा

बासमती 10500 से 11500, तिबार 8500 से 9500, दुबार 7500 से 8500, मिनी दुबार 6500 से 7500, मोगरा 4000 से 6000, बासमती सैला 7500 से 9500, कालीमूंछ 7500 से 8000, राजभोग 6500 से 7000, दूबराज 3500 से 4500, परमल 2550 से 2700, हंसा सैला 2500 से 2675, हंसा सफेद 2450 से 2500, पोहा 4200 से 4600 रुपये प्रति क्विंटल।

### रवा-मैदा

रवा 1520 से 1530, मैदा 1490 से 1500, आटा 1370 से 1380, चना बेसन 3375 से 3400 रुपये प्रति 50 किलोग्राम।

# अलीबाबा ने 10 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

नई दिल्ली। चीनी तकनीकी समूह अलीबाबा ने देश में सुस्त बिक्री और धीमी अर्थव्यवस्था के बीच खर्च में कटौती करते हुए लगभग 10,000 कर्मचारियों को अलविदा कह दिया है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के अनुसार, कंपनी ने अपने कुल कर्मचारियों की संख्या को घटाकर 245,700 कर दिया। जून तिमाही के दौरान 9,241 से अधिक कर्मचारियों को हांग्जो स्थित अलीबाबा को छोड़ दिया।

### कर्मचारियों की संख्या में गिरावट

रिपोर्ट में कहा गया है, अलीबाबा के कर्मचारियों की संख्या में छह महीने से जून तक 13,616 की कमी आई है, जो मार्च 2016 के बाद से पेरोल आकार में फर्म की पहली गिरावट है। अलीबाबा ने जून तिमाही में शुद्ध आय में 50त्न की गिरावट के साथ 22.74 बिलियन युआन (3.4 बिलियन डॉलर) की गिरावट दर्ज की, जो पिछले साल की समान अवधि में



45.14 बिलियन युआन थी। रिपोर्ट में कहा गया है, दुनिया के सबसे बड़े ई-कॉमर्स बाजार चीन में निरंतर नियामक दबाव, सुस्त खपत और धीमी अर्थव्यवस्था का सामना कर रहा है। अलीबाबा के चेयरमैन और सीईओ डेनियल झांग योंग ने कहा कि कंपनी इस साल करीब 6,000 नए यूनिवर्सिटी ग्रेजुएट्स को अपने हेडकाउंट में जोड़ेगी। पिछले महीने, रिपोर्टें सामने आईं कि अरबपति जैक मा सरकारी नियामकों के दबाव के बीच एंट ग्रुप का अपना नियंत्रण छोड़ने की योजना बना रहे हैं। बता दें कि पिछले साल से चीनी नियामक प्राधिकरण अलीबाबा और एंट जीआर जैसे घरेलू तकनीकी दिग्गजों पर कड़ी कार्रवाई कर रहे हैं।


## जून तिमाही के दौरान पेटीएम का घाटा बढ़ा

नई दिल्ली। डिजिटल वित्तीय सेवा फर्म वन97 कम्युनिकेशंस को एक बार फिर घाटा हुआ है। 30 जून को समाप्त तिमाही के दौरान कंसोलिडेटेड लॉस बढ़कर 644.4 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी को एक साल पहले समान अवधि में 380.2 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। बता दें कि वन97 कम्युनिकेशंस पेटीएम ब्रांड के तहत काम करती है। पेटीएम ने कहा कि उसका योगदान लाभ जून 2022 की तिमाही में तीन गुना बढ़कर 726 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 245 करोड़ रुपये था। कंपनी ने बताया कि उसकी परिचालन आय जून 2022 तिमाही में 89 प्रतिशत बढ़कर 1,680 करोड़ रुपये हो गई। लोन देने के मामले में कंपनी ने कहा कि जून तिमाही के दौरान 492 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कंपनी ने कुल 85 लाख लोन वितरण किए हैं। तिमाही के दौरान वितरित किए गए लोन का मूल्य सालाना आधार पर 779 प्रतिशत बढ़कर 5,554 करोड़ रुपये हो गया।

# अनिल अंबानी की कंपनी की बिक्री प्रक्रिया में देरी

एजेंसी

नई दिल्ली। कर्ज में डूबी अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल की बिक्री प्रक्रिया में देरी तय मानी जा रही है। दरअसल, रिलायंस कैपिटल की समाधान योजना जमा करने की तारीख बढ़ाया जा रहा है। इस खबर के बीच बीते शुक्रवार का निवेशकों ने रिलायंस कैपिटल के शेयर की जबरदस्त खरीदारी कर डाली।



### क्या है शेयर भाव

रिलायंस कैपिटल का शेयर भाव करीब 5 फीसदी की तेजी के साथ 14.34 रुपये के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, मार्केट कैपिटल की बात करें तो 362.38 करोड़ रुपये है। बता दें कि शेयर 1 अगस्त को 12 रुपये के भाव पर था, जो अब 14 रुपये के स्तर को पार कर चुका है। इस शेयर का लो लेवल 11.62 रुपये है जो 21 जून 2022 को था।

### बिक्री प्रक्रिया में देरी की वजह

रिलायंस कैपिटल लिमिटेड के लिए समाधान योजना जमा करने की अब नई डेडलाइन 28 अगस्त है, जबकि पिछली तारीख 10 अगस्त थी। रिलायंस कैपिटल को शुरुआत में 54 अभिरुचि पत्र (ईओआई) मिले थे, लेकिन अब केवल 5-6 बोलीदाता ही सक्रिय हैं। ठंडी प्रतिक्रिया के कारण सीओसी ने पहली समयसीमा में 75 करोड़ रुपये बयाना जमा करने की शर्त को भी खत्म कर दिया।

## शार्ट न्यूज

### आदित्य बिड़ला फैशन व रिटेल का पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 94 करोड़

नयी दिल्ली। आदित्य बिड़ला फैशन एवं रिटेल लिमिटेड का वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 94 करोड़ रुपये रहा जबकि कंपनी को पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 352 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। कंपनी ने कोरोना से पूर्व स्तर के आंकड़ों को पार कर लिया है। कंपनी ने शनिवार को जारी अपने तिमाही परिणामों में बताया कि आलोच्य तिमाही में उसका राजस्व 254 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि के साथ 2,875 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में कंपनी का राजस्व 812 करोड़ रुपये था। गत 30 जून 2022 को समाप्त हुयी तिमाही में उसका परिचालन लाभ (एबिटडा) 500 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी का इससे पिछले वर्ष की समान तिमाही में यह आंकड़ा नकारात्मक 145 करोड़ रुपये पर था।

### ट्रेन में बच्चों के लिए मंगवा सकते हैं गर्म दूध

नयी दिल्ली। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) से मान्यता प्राप्त ट्रेनों में खाना उपलब्ध कराने वाली कंपनी रेल रेस्ट्रो ने चलती ट्रेनों में छोटे बच्चों के लिए खाना डिलीवर करना शुरू कर दिया है। जिसे यात्री रेल रेस्ट्रो ऐप से ऑर्डर कर सकते हैं। रेल रेस्ट्रो की टीम ने शनिवार को बताया कि बच्चों के लिए उपलब्ध खाने में गर्म दूध, खिचड़ी, फल-सलाद आदि शामिल है। इसके साथ ही बेकरी उत्पादों को भी डिलीवर किया जा रहा है। ट्रेनों में इस सुविधा के बहाल हो जाने से अब किसी भी माता-पिता को अपने बच्चों को दूध पिलाने में असुविधा नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि रेल रेस्ट्रो देशभर के रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न प्रकार के व्यंजन डिलीवर कर रहा है। कंपनी के मुताबिक अब तक 30 लाख से अधिक रेल यात्रियों को उनके मनमुताबिक खाना यात्रा के दौरान डिलीवर किया जा चुका है। साथ ही अब तक 50 लाख भोजन रेल यात्रियों को उनकी सीट पर ही पहुंचाए जा चुके हैं।

### मोदी आज करेंगे नीति आयोग की संचालन परिषद की बैठक की अध्यक्षता

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीति आयोग के संचालन परिषद (गवर्निंग काउंसिल) की रविवार को यहां सातवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। नीति आयोग ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि यह बैठक केन्द्र सरकार और राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के बीच साझेदारी और सहयोग के एक नए युग की दिशा में तालमेल का मार्ग प्रशस्त करेगी। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली इस बैठक के एजेंडे में अन्य बातों के साथ-साथ फसलों के विविधीकरण और तिलहन, दालों तथा कृषि-समुदायों के मामले में आत्मनिर्भरता हासिल करने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-स्कूली शिक्षा का कार्यान्वयन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-उच्च शिक्षा का कार्यान्वयन और शहरी प्रशासन संबंधी विषय शामिल हैं। जुलाई 2019 के बाद से संचालन परिषद की यह पहली रूबरू होने वाली बैठक होगी। बीच में कोविड के कारण इस तरह की बैठक नहीं हो सकी थी। इस बैठक में संघीय प्रणाली की दृष्टि से भारत की अध्यक्षता के महत्व और जी-20 के मंच पर अपनी प्रगति को उजागर करने में राज्यों की भूमिका पर भी जोर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस बैठक की तैयारियों के तहत जून 2022 में धर्मशाला में विभिन्न राज्यों के मुख्य सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया, जोकि केन्द्र और राज्यों की छह महीने चली कड़ी कवायद की परिणति थी। इस सम्मेलन की अध्यक्षता प्रधानमंत्री ने की थी और इसमें सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों के साथ-साथ केन्द्र तथा राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया था।

### जापान एयरलाइंस ने बढ़ाई बेंगलुरु, टोक्यो के बीच उड़ानों की संख्या

बेंगलुरु। जापान एयरलाइंस (जेएएल) ने शनिवार से बेंगलुरु और टोक्यो के बीच उड़ानों की संख्या को दो से बढ़ाकर तीन कर दिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह अतिरिक्त उड़ान जापान से आने-जाने वाले और अमेरिका एवं कनाडा की यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए सुविधाजनक विकल्प होगा ।जेएएल ने मार्च 2020 में अपनी पहली बेंगलुरु से टोक्यो के बीच सीधी उड़ान सेवा शुरू की थी लेकिन कोविड महामारी के आने से एयरलाइन सिर्फ आवश्यक होने पर विशेष उड़ानों का संचालन करती थी। भारत सरकार के एयर बब्ल समझौते के तहत मार्च 2021 से जेएएल ने सप्ताह में एक दिन उड़ान सेवा प्रारंभ की थी। महामारी से समान्य हो रहे हालातों के बीच जेएएल उड़ानों की संख्या में वृद्धि कर रही है। कंपनी ने कहा,एयरलाइन की नवीनतम समय सारणी में सप्ताह में तीन बार आने-जाने के लिए उड़ानों का संचालन होगा और हम अपनी मूलभूत योजना दैनिक आधार पर एक उड़ान की ओर बढ़ रहे हैं। जापान एयरलाइंस की भारत में उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय प्रबंधक शिन्या नारुसे ने कहा,हम जापान के लिए अधिक सुविधाजनक उड़ानों के साथ बेंगलुरू में बेहतर सेवा प्रदान करने के उद्देश्य में इस प्रगति के लिए बहुत उत्साहित हैं और इसके साथ ही हम उत्तरी अमेरिका से जुड़ने के लिए अधिक विकल्प भी प्रदान कर रहे हैं। इसलिए उत्तरी अमेरिका से जुड़ने के लिए अधिक विकल्प भी प्रदान कर रहे हैं। जेएलएल ने इस मार्ग पर बोइंग 787-8 विमान को लगा रहा है जिसमें 30 बिजनेस क्लास और 156 इकोनॉमी सीटें हैं।

### एनएमडीसी के पहली तिमाही नतीजों में गिरावट

नयी दिल्ली। सरकारी क्षेत्र की खनिज उत्पादक कंपनी राष्ट्रीय खनिज विकास निगम लिमिटेड (एनएमडीसी) का वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ घटकर 1,469 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में शुद्ध लाभ 3,193 करोड़ रुपये था। इस्पात मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि आलोच्य तिमाही में एनएमडीसी का टर्नओवर 4,767 करोड़ रुपये और कर पूर्व लाभ 1,946 करोड़ रुपये रहा जो वित्त वर्ष 2021-22 की इसी तिमाही में 6512 करोड़ रुपये और 4,213 करोड़ रुपये था। एनएमडीसी ने वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में 89.2 लाख टन लौह अयस्क का उत्पादन किया और 78 लाख टन की बिक्री की। पिछले वर्ष की इसी अवधि में एनएमडीसी ने 89.1 लाख टन उत्पादन और 94.5 लाख टन बिक्री दर्ज की थी। एनएमडीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सुमित देब ने कहा, शुरुआती मानसून और मांग में कमी के कारण पहली तिमाही धीमी रही। यह सकारात्मक तथ्य है कि हमारे निरंतर तकनीकी, डिजिटल और वित्तीय विकास के परिणाम स्वरूप हम इस बात के प्रति आश्वस्त हैं कि कंपनी मौजूदा चुनौतियों को कम करेगी और वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करेगा।

### आयकर विभाग की मुंबई में पूर्व फंड मैनेजर के खिलाफ कार्रवाई

नयी दिल्ली। आयकर विभाग ने मुंबई में एक प्रमुख म्यूचुअल फंड हाउस के पूर्व फंड मैनेजर और इक्विटी के मुख्य ट्रेडर और इससे संबंधित शेयर ब्रोकर, बिचौलियों और एंट्री ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई की है। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि तलाशी अभियान में दस्तावेजों और डिजिटल डेटा के रूप में विभिन्न आपत्तिजनक सबूत मिले हैं जिन्हें जब्त कर लिए गया। इस दौरान एकत्र किए गए इन साक्ष्यों सहित विभिन्न व्यक्तियों के शपथ-पत्रों के बयानों से काम करने के तौर-तरीकों का पता चला है। कार्रवाई में उक्त फंड मैनेजर और मुख्य ट्रेडर विशेष व्यापार संबंधी जानकारी ब्रोकर या बिचैलियों और कुछ विदेशी अधिकार क्षेत्र में स्थित व्यक्तियों के साथ साझा कर रहे थे। इन व्यक्तियों ने इस तरह की सूचनाओं का इस्तेमाल अपने स्वयं के खाते या अपने ग्राहकों के खाते में इस तरह के शेयरों में व्यापार करके शेयर बाजार में अनुचित लाभ के लिए किया। फंड मैनेजर के परिवार के सदस्यों सहित इन व्यक्तियों ने अपने बयानों में स्वीकार किया है कि उपरोक्त कार्यों से उत्पन्न बेहिसाब नकदी मुख्य रूप से कोलकाता स्थित शेल कंपनियों के माध्यम से उनके बैंक खातों में भेजी गई थी। इन बैंक खातों से, रकम भारत में निगमित कंपनियों तथा संस्थाओं और अन्य कर क्षेत्राधिकारों के बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया गया है। जब्त किए गए सबूतों के बटोरने से पूर्व फंड मैनेजर, बिचैलियों, शेयर ब्रोकर और एंट्री ऑपरेटरों के बीच सांठगांठ का पर्दाफाश हुआ है। नकद ऋण, सावधि जमा, अचल संपत्तियों और उनकी मरम्मत आदि में बड़े पैमाने पर बेहिसाब निवेश के सबूत भी मिले हैं।

## शार्ट न्यूज

### प्रियंका गोस्वामी ने रेस वॉक में जीता ऐतिहासिक रजत

बर्मिंघम। टोक्यो 2020 ओलंपियन भारत की प्रियंका गोस्वामी ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को महिला 10 किमी रेस वॉक में ऐतिहासिक रजत पदक हासिल किया। प्रियंका ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 10,000 मीटर की दूरी को 43 : 38.00 मिनटों में पूरा किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया की जेमीमा मॉनटाग ने 42 : 34.00 के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रियंका ने सीटी बजते ही ट्रैक पर बढ़त हासिल कर ली और 4,000 मीटर के बाद वह पहले स्थान पर थीं। इसके कुछ देर बाद ही वह जेमीमा और केन्या की एमिली वामुस्यी एन्जी से पिछड़ गयीं। जब प्रतियोगिता में सिर्फ दो किमी की दूरी बची थी, तब प्रियंका ने शानदार वापसी करते हुए केन्या की प्रतिद्वंदी को पछाड़ा और रजत पदक हासिल किया।यह ट्रैक एंड फील्ड आयोजनों में मुरली श्रीशंकर (लंबी कूद में रजत) और तेजस्विनी शंकर (ऊंची कूद में कांस्य) के बाद भारत का तीसरा पदक है। इसी के साथ प्रियंका रेसवॉकिंग में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला भी बन गयीं। वह इस खेल में राष्ट्रमंडल पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी भी हैं। इससे पहले, हरमिंदर सिंह ने दिल्ली 2010 खेलों की 20 किमी रेसवॉकिंग प्रतियोगिता में कांस्य जीता था।

### दिव्या और मोहित ने जीते कांस्य

बर्मिंघम। दिव्या काकरान (महिला 68) और मोहित ग्रेवाल (पुरुष 125) ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीत लिए हैं। दिव्या काकरान ने शुक्रवार को टोंगा की टाइगर लिली लेमाली को मात देकर कांस्य पदक जीता। दिव्या ने कांस्य पदक मैच में टाइगर लिली को हराने के लिये सिर्फ 26 सेकंड का समय लिया। दिल्ली स्टेट चैंपियनशिप में 60 पदक जीत चुकी दिव्या ने मैच शुरू होते ही टाइगर लिली को अपनी गिरफ्त में कस लिया और उन्हें चित्त (विन बाई फॉल) करके मुकाबला जीता। मोहित ग्रेवाल ने 125 किग्रा के कांस्य पदक मैच में जमैका के आरोन जॉनसन को चित्त करके कांस्य पदक प्राप्त किया। भारत बर्मिंघम 2022 में अब तक 27 पदक जीत चुका है, जिसमें से छह पदक कुश्ती से आये हैं। साथ ही भारत नौ स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में पांचवें स्थान पर आ गया है।

### अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप : सेल्वा ने त्रिकूद में जीता रजत

कैली (कोलंबिया)। भारत के सेल्वा पी थिरुमारन ने विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद प्रतियोगिता में रजत पदक जीता। सेल्वा शुक्रवार को 16.15 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ जमैका के जेडन हिबर्ट के पीछे रहे, जिन्होंने 17.27 मीटर की छलांग लगाई और स्वर्ण हासिल करने के साथ-साथ चैंपियनशिप रिकॉर्ड भी स्थापित किया। थिरुमन के छह प्रयासों में से सिर्फ शुरुआती तीन ही वैध करार दिये गये, जबकि बाकी तीन को फाउल घोषित किया गया। 17 वर्षीय भारतीय ने अपने दूसरे प्रयास में पदक जीतने वाली कूद लगायी। इससे पहले, भार ने 4×400 मीटर मिश्रित रिले में कांस्य पदक और महिला 400 मीटर दौड़ में रूपल चौधरी की बदौलत रजत पदक जीता था। इस जीत के साथ रूपल विश्व चैंपियनशिप के एक आयोजन में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय भी बन गयी थीं।

### पंघल, नीतू के बाद निखत भी फाइनल में

बर्मिंघम। भारतीय मुक्केबाज निखत ज़रीन, अमित पंघल और नीतू घंघस ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को अपने-अपने वर्ग के मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनायी। विश्व चैंपियन निखत ने महिला 50 किग्रा लाइट फ्लाइवेट सेमीफाइनल में इंग्लैंड की सवानाह अल्फिया स्टब्ली को 5-0 से रौंदा। पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों में हिस्सा ले रही निखत ने क्वार्टरफाइनल में वेल्स की हेलेना जोन्स को भी 5-0 से मात दी थी। पंघल ने 51 किग्रा फ्लाइवेट सेमीफाइनल मैच में ज़ाम्बिया के पैट्रिक चिनयेंबा को सर्वसम्मत निर्णय से मात दी। पंघल लगातार दूसरी बार राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में पहुंचे हैं। इससे पहले उन्होंने गोल्डकोस्ट 2018 खेलों में रजत पदक जीता था। उनका फ़ाइनल में वेल्स के कियारन मैक्डोनाल्ड से रविवार को मुकाबला होगा। दूसरी ओर, नीतू ने महिला 48 किग्रा सेमीफाइनल में कनाडा की प्रियंका ढिल्लन को मात दी। इस जीत के साथ उन्होंने अपने लिये रजत पदक पक्का कर लिया है।

### पुरुष फोर्स लॉन बॉल में भारत को मिला रजत

बर्मिंघम। भारतीय पुरुष फोर्स लॉन बॉल टीम ने राष्ट्रमंडल खेल 2022 में शनिवार को फाइनल में नॉर्थर्न आइलैंड से हारने के बाद रजत से संतोष किया। नॉर्थर्न आइलैंड ने भारत को 15-8 से मात देकर स्वर्ण पदक हासिल किया। भारतीय टीम मैच के ज्यादातर हिस्से में मुकाबले से बाहर नज़र आयी, जबकि नॉर्थर्न आइलैंड ने एक के बाद एक पॉइंट स्कोर किया। यह बर्मिंघम 2022 के लॉन बॉल आयोजन में भारत का दूसरा पदक है। इससे पहले भारतीय महिला फोर्स लॉन बोल टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को मात देकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक हासिल किया था। भारत अब तक राष्ट्रमंडल खेल 2022 में नौ स्वर्ण, 10 रजत और नौ कांस्य सहित 28 पदक जीत चुका है।

### इंग्लैंड पर रोमांचक जीत से भारत महिला क्रिकेट के फ़ाइनल में

बर्मिंघम। भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने मेजबान इंग्लैंड को शनिवार को रोमांचक सेमीफाइनल में चार रन से हराकर महिला क्रिकेट के फ़ाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत ने स्मृति मंधाना (61) और जेमीमाह रॉड्रिगेज़ (44) की पारियों की बदौलत पांच विकेट पर 164 रन बनाये और फिर इंग्लैंड की चुनौती को 20 ओवर में छह विकेट पर 160 रन पर रोक लिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मृति ने भारत को मज़बूत शुरुआत दिलायी। उनकी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने पावरप्ले में 64 रन जोड़े। भारत का पहला विकेट 76 रन पर शफाली वर्मा के रूप में गिरा जिन्होंने 17 गेंदों पर 15 रन बनाये। इसके फौरन बाद ही स्मृति भी 32 गेंदों पर 61 रन बनाकर पवेलियन लौट गयीं। कप्तान हरमनप्रीत कौर (20) के आउट होने के बाद पारी की कमान जेमीमाह और दीप्ति शर्मा ने संभाली। दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिये 38 गेंदों पर 53 रन जोड़े। दीप्ति 20 गेंदों पर दो चौकों की बदौलत 22 रन बनाकर आउट हो गयीं, जबकि रॉड्रिगेज़ ने 31 गेंदों पर सात चौके लगाकर 44 रन की नाबाद पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से फ्रेया केंप ने दो विकेट लिये जबकि कैथरीन ब्रंट और कप्तान नैटली सिवर ने एक-एक विकेट लिया।

### वायुसेना को मिले पूरे अंक

नयी दिल्ली। मैच के श्रेष्ठ खिलाड़ी अजय सिंह रावत की शानदार तिकड़ी की मदद से फ्रेंड्स यूनाइटेड ने तरुण संघा को 3-3 की बराबरी पर रोक कर अंक बांट लिए। दिन के दूसरे मैच में वायुसेना ने विवेक के गोल से रॉयल रेंजर्स को 2-1 से हराया। वायुसेना के मोहम्मद आकिब को श्रेष्ठ खिलाड़ी आंका गया। अंक तालिका में पिछड़ रही तरुण संघा के तेवर आज बदले हुए नजर आए। उसकी फारवर्ड लाइन ने आज मौकों का फायदा उठाने में कोई चूक नहीं की। आशीष और अमन भाटी ने दर्शनीय गोल लिए तो एक सेल्फ गोल फ्रेंडस यूनाइटेड के रक्षक हर्षित पांडे की चूक से हुआ। तरुण संघा ने दो बार मज़बूत बढ़त लेने के बाद खेल पर पकड़ ढीली की और कीमत चुकाई। अजय रावत ने आखिरी 25 मिनट में तीन बेहतरीन गोल जमाकर तरुण संघ को जीत से वंचित कर दिया। भारतीय वायुसेना को हमेशा की तरह जमने में समय लगा। तब तक रोयल रेंजर्स के लिए काँगो मूल के सफीला डेली गोल जमानेमें सफल हो चुके थे। लेकिन वायुसेना ने चार मिनट बाद सूरज साधुखान के गोल से हिसाब चुकता कर लिया।वायुसेना के तोम्बिंग को लाल कार्ड देखना पड़ा। वायुसेना के स्टार स्ट्राइकर विवेक ने विजयी गोल दाग कर अपनी टीम को जीत दिलाई।

# राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और खेल मंत्री ने दी पहलवानों को बधाई

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में पदक विजेता पहलवानों को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए बधाई दी है। भारतीय कुश्ती दल ने खासा असाधारण प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रमंडल खेलों के 8वें दिन 6 पदक जीते जिनमें 3 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य शामिल है।

पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किग्रा कुश्ती में बजरंग पुनिया, पुरुषों की फ्रीस्टाइल 86 किग्रा कुश्ती में दीपक पूनिया और महिला फ्रीस्टाइल 62 किग्रा कुश्ती में साक्षी मलिक ने स्वर्ण पदक जीते हैं। अंशु मलिक ने महिला फ्रीस्टाइल 57 किग्रा कुश्ती में रजत, जबकि महिला फ्रीस्टाइल 68 किग्रा कुश्ती में दिव्या काकरान ने और पुरुषों की फ्रीस्टाइल 125 किग्रा कुश्ती में मोहित ग्रेवाल ने कांस्य पदक जीते। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर और देश के कोने-कोने से भारत के लोगों ने इन पदक विजेताओं को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाइयां दी है।

राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, साक्षी मलिक ने राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कड़ी चुनौती को पार किया और भारतीयों को गौरवान्वित किया। आप हमारे युवाओं, खासकर लड़कियों के लिए एक आदर्श हैं। आप कामयाबी की और सीढ़ियां चढ़ें। हार्दिक बधाई!

एक अन्य ट्वीट में राष्ट्रपति ने कहा, राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती में लगातार दूसरा स्वर्ण जीतने और इतिहास रचने के लिए बजरंग पुनिया को बधाई। आपकी निरंतरता, समर्पण और उत्कृष्टता हमारे युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। आपके स्वर्ण पदक दरअसल सर्वश्रेष्ठ बनने की आपकी ललक और नए भारत की भावना को दर्शाते हैं।

दीपक को बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, हमारे युवा पहलवान दीपक पूनिया को राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के लिए बधाई। आपका आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण देखने में बेहद प्रभावशाली था। आपने भारत को बहुत खुशी और मान दिलाया है।

अंशु को बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती में रजत पदक जीतने के लिए अंशु मलिक को बधाई। आपने सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय पहलवानों में से एक के तौर पर अपनी योग्यता साबित की है। आपके सभी भावी प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।

दिव्या को बधाई देते हुए राष्ट्रपति ने ट्वीट में कहा, दिव्या काकरान को राष्ट्रमंडल खेलों में कुश्ती में कांस्य पदक जीतने के लिए बधाई। आपकी अचूक दृढ़ता और फुर्ती ने भारत को दिल खुश करने वाली जीत दिलाई। आप जैसे हमारे युवा पहलवान भारतीय खेलों के भविष्य के लिए संभावनाओं से भरपूर हैं।

राष्ट्रपति ने ट्वीट किया, एक और प्रतिभाशाली युवा पहलवान मोहित ग्रेवाल ने राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया है। आप जहां हैं वहां पहुंचने के लिए आपने कई चुनौतियों को पार किया है। ये देश कामना करता है कि आप भविष्य में ऐसे कई और सम्मान लाएंगे।

## शिखर धवन ने किया अपनी स्पोर्ट्स अकादमी का शुभारंभ

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन ने अपनी खेल शिक्षा और प्रशिक्षण संस्था द वन स्पोर्ट्स का शुभारंभ किया है। द वन स्पोर्ट्स जमीनी स्तर से ही छोटे बच्चों के लिए उल्लेखनीय प्रशिक्षण स्थापित करने की दिशा में काम करता है। द वन स्पोर्ट्स हर एथलीट और खेल प्रशिक्षकों के लिए बेहतर भविष्य के लिए सीखने के प्रचुर अवसर पैदा करेगा। द वन स्पोर्ट्स का उद्देश्य एक सुरक्षित सीखने का माहौल बनाना और बच्चों को उनके खेल-समय का आनंद लेने के लिए मार्गदर्शन करना है।अकादमी ने 'ग्रासरूट इनोवेशन प्रोग्राम' और 'स्पोर्ट्स ट्रेनिंग प्रोग्राम ' जैसे विभिन्न कार्यक्रम शुरू किए हैं और आधार स्तर पर एक खेल संस्कृति विकसित करने और अंतत: स्कूलों और अकादमियों के साथ हाथ मिलाने पर ध्यान केंद्रित करेगी। द वन स्पोर्ट्स, प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित करता है जो व्यक्तिगत प्रदर्शन, प्रगति और कौशल वृद्धि पर नज़र रखेगा।




अकादमी ग्रासरूट और इलीट स्तर पर आठ खेलों का प्रशिक्षण देगी। साथ ही, कोच शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से 500 कोचों को शिक्षित करने के साथ-साथ 4 सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस विकसित करेगी। उनके खेल और कल्याण कार्यक्रम का उद्देश्य अगले 5 वर्षों में 10,00,000 एथलीटों को प्रभावित करना है। शिखर धवन, संस्थापक, द वन स्पोर्ट्स,ने कहा, मुझे लगता है कि क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और इसे जीवित रखने की दिशा में मैं अपने प्रयास देना चाहता हूं और अपनी भूमिका निभाना चाहता हूं। मैं इस संगठन के माध्यम से अपने ज्ञान और अनुभव को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना चाहता हूं। मेरा मानना है कि अगर हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करें तो हम अपने सपनों को हकीकत में बदल सकते हैं। हम अच्छी गुणवत्ता प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए पूरे भारत से सर्वश्रेष्ठ कोचों का चयन कर रहे हैं। मैं हर उस व्यक्ति को सौंपता हूं जो द वन स्पोर्ट्स का हिस्सा है और भारत को खेलों में एक महाशक्ति राष्ट्र बनाने के एक साझा लक्ष्य के साथ आया है।

## 8000 वनडे रन बनाने वाले पहले बांग्लादेशी बने तमीम

हरारे। बांग्लादेश के वनडे कप्तान तमीम इकबाल इस समय शानदार फ़ॉर्म में चल रहे हैं। वेस्टइंडीज़ के खिलाफ़ हुई बांग्लादेश की पिछली वनडे सीरीज़ में वह प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ थे। जनवरी 2021 से नियमित वनडे कप्तान बनने के बाद से उन्होंने बांग्लादेश को सात में से छह सीरीज़ जिताए हैं। उन्होंने पिछला पांच वनडे सीरीज़ लगातार जीता है। तमीम ने 2007 में अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी और वह बांग्लादेश के महानतम सलामी बल्लेबाज़ हैं। 229 वनडे मैचों में उन्होंने बांग्लादेश के लिए सर्वाधिक 8005 रन बनाए हैं। इसके अलावा वह मुश्फ़िकुर रहीम के बाद बांग्लादेश के लिए दूसरे सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज़ भी हैं। तमीम इससे पहले बांग्लादेश के लिए सबसे पहले 5000, 6000 और 7000 वनडे रन बनाने वाले भी पहले बल्लेबाज़ बने थे। 7000 से 8000 रन तक पहुंचने के लिए तमीम ने 23 पारियां ली और दो शतक लगाए। हालांकि कम वनडे मैच होने के कारण उन्हें इस उपलब्धि पर पहुंचने में दो साल से अधिक का समय लग गया।

## प्रीमियर बैडमिंटन लीग का छठा सीजन 17 दिसंबर से होगा शुरू

नयी दिल्ली। प्रीमियर बैडमिंटन लीग (पीबीएल) की बहुप्रतीक्षित छठे सीजन के साथ वापसी हो रही है। यह सीजन 17 दिसंबर से 14 जनवरी तक आयोजित होगा। पीबीएल दुनिया की शीर्ष बैडमिंटन लीग्स में से एक है। इसका आयोजन भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के तत्वावधान में लीग के आधिकारिक लाइसेंस धारक-स्पोर्टसलाइव द्वारा किया जाता है।

महामारी के कारण लीग का छठा संस्करण दो बार के ब्रेक के बाद आयोजित किया जा रहा है। अब यह लीग एक बार फिर प्रशंसकों के लिए रोमांचक विश्व स्तरीय बैडमिंटन एक्शन लेकर आएगी। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के अध्यक्ष डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, हम पीबीएल की वापसी से रोमांचित हैं। यह भारतीय बैडमिंटन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसने देश में खेल के विकास में योगदान दिया है। इसने हमारे युवा खिलाड़ियों को इतने बड़े वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक बहुत ही आवश्यक मौका प्रदान किया है, और इसकी वापसी का इंतजार पूरी बैडमिंटन बिरादरी को था। प्रीमियर बैडमिंटन लीग 2016 में अपनी शुरुआत के बाद से भारतीय बैडमिंटन उत्थान के मामले में एक गेम चेंजर के रूप में उभरा है।

बीएआई सचिव संजय मिश्रा ने कहा, भारतीय शटलरों को पीबीएल में दुनिया के महानतम खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए बहुत फायदा हुआ है। नवोदित खिलाड़ी सीनियर खिलाड़ियों से घुले-मिले हैं और इससे उनके आत्मविश्वास और अनुभवों में इजाफा हुआ है। मुझे दृढ़ विश्वास है कि लीग आने वाले समय में बहुत अधिक बेंच स्ट्रेंथ बनाने के लिए बीएआई को एक मजबूत मंच प्रदान करेगी।

लीग के पिछले पांच संस्करणों में दुनिया के सबसे बड़े नामों जैसे भारतीय सितारों-सायना नेहवाल, पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत के साथ-साथ ओलंपिक चैंपियन स्पेन की कैरोलिना मारिन, डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसन, ताइवान की ताई त्जु-यिंग और मलेशिया के ली चोंग वेई ने हिस्सा लिया है।

स्पोर्टसलाइव के प्रबंध निदेशक प्रसाद मांगिपुडी ने कहा, यह हम सभी के लिए एक कठिन दौर था। हम बहुत भाग्यशाली हैं कि लोगों ने प्यार किया है और उनका प्यार इस लीग को बैडमिंटन की दुनिया की सबसे बड़े आयोजनों में से एक बनाता है। लीग की शुरुआत से लेकर आज की तारीख तक, भारत में खेल का स्तर काफी ऊपर चला गया है।

हम भारत में बैडमिंटन के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस प्रकार, प्रीमियर बैडमिंटन लीग की वापसी की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। हम इस सीजन के दौरान प्रशंसकों के लिए हमेशा की तरह रोमांचक खेल का वादा करते हैं।

# चीन में कोरोना बेकाबू, सान्या सिटी में 80 हजार से ज्यादा टूरिस्ट फंसे

## हालात पर काबू पाने को लगा लॉकडाउन



एजेंसी

बीजिंग। चीन में कोरोना एक बार फिर से बेकाबू हो गया है। चीन के 'हवाई' कहे जाने वाले सान्या शहर में शनिवार को अधिकारियों ने लॉकडाउन लगा दिया। इसके चलते वहां पर करीब 80 हजार पर्यटक फंस गए हैं। अधिकारियों ने पूरे शहर में एहतियात बरतने के निर्देश दिए हैं। शनिवार सुबह से सान्या शहर में पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर पाबंदी लगा दी गई है और लोगों की आवाजाही पर भी रोक लगा दी गई है। सान्या शहर की आबादी 10 लाख से ज्यादा है।

देश के दक्षिणी तट पर स्थित हैनन प्रांत की राजधानी सान्या एक टूरिस्ट स्पॉट है। कोरोना के मामलों में आए इस अचानक उछाल ने चीन के लिए चुनौतियां बढ़ा दी हैं। अब उसके लिए जीरो कोविड और इकॉनमिक ग्रोथ की पॉलिसी के बीच बैलेंस बनाने में खासी मशक्कत करनी होगी। वहीं इस नए लॉकडाउन के बाद आशंका है कि घरेलू पर्यटन पर काफी बुरा असर पड़ेगा। बता दें कि एक अगस्त से शनिवार सुबह तक सान्या शहर में कुल 455 कोरोना केस मिले थे। लेकिन बड़े पैमाने पर टेस्ट की शुरुआत होने के बाद अचानक से कोरोना विस्फोट के हालात बन गए। हैनान प्रांत के स्वास्थ्य कमीशन ली वेंग्जिउ ने ग्लोबल टाइम्स को बताया कि यहां पर बीए5.1.3 वैरिएंट है। यह स्थानीय स्तर पर पहली बार पकड़ में आया था और इसकी संक्रमण दर भी काफी ज्यादा है।

### हवाई टिकट हुए काफी महंगे

इसके बाद शनिवार सुबह अधिकारियों ने इस हालात को बेहद गंभीर बताते हुए प्रतिबंध लागू कर दिए। सान्या शहर में सोशल मीडिया के जरिए आम लोगों और पर्यटकों से अपील की गई है कि वह हालात को समझें और सरकार को इस काबू पाने में अपना समर्थन दें। सरकारी मीडिया के मुताबिक सान्या के डिप्टी मेयर हे शिगैंग ने बताया कि फिलहाल सान्या में 80 हजार से ज्यादा पर्यटक रुके हुए हैं। उन्होंने कहा कि सान्या छोड़ने से पहले लोग सुनिश्चित करें कि 48 घंटे के अंदर उनके दो निगेटिव पीसीआर टेस्ट हो चुके हों। इस बीच हवाई टिकटों के दाम अचानक से बढ़ने लगे हैं और यह स्पष्ट नहीं है कि शहर में फंसे सभी लोग यहां से कैसे निकल पाएंगे।

## आईएस ने काबुल विस्फोट की जिम्मेदारी ली

काबुल। कुख्यात आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में एक रिहायशी इलाके में हुए एक घातक विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। काबुल के पश्चिमी छोर पर सर-ए-करिज में शुक्रवार को हुए विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गयी जबकि 18 अन्य घायल हुए हैं। राहगीरों को निशाना बनाने के लिए विस्फोटक उपकरण एक हाथ ठेले में रखा गया था। दूसरी तरफ आईएस ने विस्फोट में 20 लोगों के मरने और बहुत से लोगों के घायल होने का दावा किया है। वर्ष 2014 से अफगानिस्तान में सक्रिय आईएस को देश की सबसे गंभीर सुरक्षा चुनौती के रूप में देखा जाता है।

## आग बुझाने पहुंचा दमकलकर्मी रह गया सन्न, रिश्तेदार के घर में उसके 2 बच्चों समेत 10 लोग जलकर खाक

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पेनसिल्वेनिया राज्य में एक मकान में आग लगने से तीन बच्चों समेत 10 लोगों की मौत हो गई है। आग बुझाने के लिए आया दमकलकर्मी उस समय हक्का बक्का रह गया जब उसे मालूम चला कि आग उसके रिश्तेदार के घर में लगी है और मृतकों में उसका बेटा, बेटी, ससुर, पत्नी का भाई व अन्य रिश्तेदार शामिल हैं। पेनसिलवेनिया पुलिस ने बताया कि हादसे में मारे गए तीन बच्चों की उम्र क्रमश: पांच, छह और सात साल है।

नेस्कोपेक वालंटियर फायर कंपनी के दमकलकर्मी हेरोल्ड बेकर ने फोन पर बताया कि 10 मृतकों में उसका बेटा, बेटी, ससुर, पत्नी का भाई, बहन व पांच अन्य रिश्तेदार शामिल हैं। बेकर ने बताया कि शुरुआत में उन्हें जो पता दिया गया था, वह पड़ोस के एक घर का था लेकिन घटनास्थल पर पहुंचने के बाद उसे मालूम चला कि यह उसके रिश्तेदार का घर है। उसने बताया कि दो मंजिला मकान में 13 कुत्ते भी रहते थे लेकिन उन्होंने यह नहीं बताया कि उनमें से कोई जीवित बचा या नहीं।

### रात ढाई बजे मकान में लगी आग

नेस्कोपेक के इस मकान में शुक्रवार देर रात ढाई बजे के बाद आग लगी। आपातकर्ताओं के पहुंचने के तुरंत बाद एक व्यक्ति घर के अंदर मृत मिला। सुबह दो अन्य लोगों के शव मिले। राज्य की पुलिस और आपराधिक जांचकर्ता इस मामले की जांच कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि कुछ लोग जलते हुए मकान में से बाहर निकलने में सफल रहे।

दमकल कंपनी की सचिव हेदी नोर ने बताया कि मृतकों में से एक 19-वर्षीय डेल बेकर दमकलकर्मी था, जो 16 साल की उम्र में कंपनी में शामिल हुआ था। उन्होंने बताया कि डेल बेकर के दोनों माता-पिता दमकल सेवा के सदस्य थे और यह परिवार जरूरतमंदों की मदद करने में हमेशा आगे रहता था।

### घर में रह रहे थे 14 लोग

हादसे में बेकर के परिजनों की मौत के कारण उन्हें छुट्टी दे दी गई। बेकर ने बताया कि इस घर में 14 लोग रह रहे थे। उनमें से एक अखबार बांटने के लिए घर से बाहर था और तीन अन्य बच गए। बेकर ने बताया कि वहां बच्चे थे और मेरे दो बच्चे अपने नाना और नानी से मिलने गए थे।

### बंगलादेश में ईंधन के दामों में तेजी से बढ़ोतरी

ढाका। बंगलादेश में ईंधन की खुदरा कीमत 1971 में देश की आजादी के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार सरकार ने शुक्रवार रात ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की। ईंधन की कीमतों में 51.7 प्रतिशत तक की वृद्धि की गयी है जो शनिवार से तत्काल प्रभावी हुई। बिजली, ऊर्जा एवं खनिज संसाधन मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार यहां एक लीटर ऑक्टेन की कीमत अब 135 टका (यानी 1.43 डॉलर) है, जो इससे पहले 89 टका (0.94 डॉलर) प्रति लीटर था। जिसमें 51.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वहीं, डीजल और केरोसिन के दाम में 42.5 फीसदी की बढ़ोतरी होने से इसके दाम 114 टका (1.20 डॉलर) प्रति लीटर हो गए हैं।

### वांग यी की बंगलादेश दौरे में भू-राजनीति पर विशेष चर्चा

ढाका। चीनी विदेश मंत्री वांग यी अपनी निर्धारित दो दिवसीय यात्रा पर शनिवार को बंगलादेश पहुंचकर उनके नेताओं के साथ द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने वाले हैं। राजनायिक सूत्रों के मुताबिक यात्रा के दूसरे दिन वह अपने बंगलादेश के विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमेन से मुलाकात करेंगे। श्री यी श्री मोमेन के साथ द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा चीन की नजर भू-राजनीति और रणनीतिक सहायता पर होगी। बंगलादेश अपने पक्ष में व्यापार बढ़ाने, विभिन्न विकास परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन और रोहिंग्या प्रत्यावर्तन पर ध्यान केंद्रित करेगा। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने संवाददाताओं को बताया कि रविवार सुबह चीनी विदेश मंत्री श्री मोमेन से मुलाकात के बाद कम से कम पांच दस्तावेजों और एमओयू पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। बाद में, श्री यी प्रधानमंत्री शेख हसीना से शिष्टाचार भेंट करेंगे।

### दक्षिण कोरिया में कोरोना संक्रमण के एक लाख से अधिक नये मामले

सोल । दक्षिण कोरिया में कोरोना संक्रमण की रफ्तार फिर से लगातार जोर पकड़ते जा रही है और पिछले 24 घंटों में एक लाख 10 हजार 666 नये मामले सामने आये हैं। कोरिया रोग नियंत्रण और रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक दैनिक मामलों की संख्या एक दिन पहले एक लाख 12 हजार 901 रही जबकि पिछले सप्ताह संक्रमण के मामलों की दैनिक औसत संख्या 97,334 थी। नये मामलों के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर दो करोड़ 03 लाख 83 हजार 621 हो गयी है। पिछले 24 घंटों में 45 और कोरोना मरीज अपनी जान गंवा बैठे , जिससे इस बीमारी से मरने वालों की संख्या बढ़कर 25,236 हो गयी है।

### कनाडा में मंकीपॉक्स के 957 मामले

ओटावा। कनाडा में मंकीपॉक्स संक्रमण के अब तक 957 मामलों की पुष्टि की गयी है। जन स्वास्थ्य एजेंसी (पीएचएसी) के मुताबिक इनमें ओंटारियो में 449, क्यूबेक में 407, ब्रिटिश कोलंबिया में 81 , अल्बर्टा में 16 तथा सस्केचेवान और युकोन में दो-दो मामले दर्ज किये गये हैं। पीएचएसी ने इम्वाम्यून वैक्सीन की 80,000 से अधिक खुराक प्रांतों और क्षेत्रों में उपलब्ध करायी है तथा देश भर में लैब भागीदारों को नियंत्रण सामग्री और विकेन्द्रीकृत परीक्षण की सुविधाएं सुलभ करायी गयी है।

### इमरान को 23 अगस्त को ईसीपी के समक्ष पेश होने के लिए नोटिस

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को निषिद्ध धन मामले में आगामी 23 अगस्त को पेश होने के लिए नोटिस जारी किया है। ईसीपी वेबसाइट के अनुसार आयोग के दो अगस्त-2022 के फैसले के अनुपालन में राजनीतिक दलों के नियम-2006 के संदर्भ में पीटीआई अध्यक्ष को 23 अगस्त को ईसीपी के समक्ष पेश होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। ईसीपी ने इससे पहले श्री खान को अयोग्य ठहराये जाने के संबंध में भी अलग से नोटिस जारी किया है , जिस पर 16 अगस्त को सुनवाई होगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# खुद को मानते हैं गणित का एक्सपर्ट तो इन फील्ड में बना सकते हैं शानदार करियर

**गणित का नाम चुनते ही बहुत से छात्र दूर भागते हैं, छात्रों के बीच गणित विषय को बेहद कठिन विषय समझा जाता है। यही कारण है कि गणित विषय की पढ़ाई के दौरान छात्रों को नींद तक आने लगी है। हालांकि यदि आप प्रारंभ से ही गणित विषय को सही प्रकार से समझें, तो इस विषय में अच्छी पकड़ बनाकर महारत हासिल कर सकते हैं। गणित विषय का मतलब केवल जोड़ना, घटाना, गुणा और भाग देना नहीं है, इस विषय में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद करियर की अपार संभावनाएं हैं। ज्ञान की दुनिया में गणित विषय असाधारण भाषा है, आज के समय में पूरी टेक्निलॉजी व इकोनॉमी जगत इसी भाषा पर टिका है।**

भारत में प्राचीन काल से ही गणित की एक सुदृढ़ परंपरा रही है। इस देश में प्राचीन काल के कई गणितज्ञों आर्यभट्ट, वराह मिहिर, महावीराचार्य, ब्रह्मगुप्त, श्रीधराचार्य ने अपने ज्ञान से इस मानव सभ्यता के विकास में योगदान दिया। वहीं आधुनिक काल में डॉ.गणेश प्रसाद, प्रोफेसर बीएन प्रसाद, श्रीनिवास रामानुजन इत्यादि ने गणित की सुदृढ़ नींव रखी है। इस आर्टिकल के माध्यम से आज हम आपको गणित में 8 ऐसे करियर ऑप्शन के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपना शानदार करियर बना सकते हैं।

## इकोनॉमिस्ट

आर्थिक रुझानों का अन्वेषण करके उसका मूल्यांकन करने का कार्य एक इकोनॉमिस्ट करता है। साथ ही यह भविष्य को लेकर पूर्वानुमान जारी करता है। इनका कार्य विभिन्न विषयों जैसे महंगाई, कर, ब्याज दर, रोजगार का स्तर आदि का डेटा संग्रह करना है। ये उस डाटा पर रिसर्च व विश्लेषण करते हैं। एक इकोनॉमिस्ट बनने के लिए गणित विषय को जरूरी माना जाता है। इसके लिए इकोनॉमी में बैचलर डिग्री होना और गणित पर अच्छी पकड़ होना आवश्यक है। इसके बाद इकोनॉमिक्स, इकोमेट्रिक्स, ऐप्लाइड इकोनॉमिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री होना चाहिए।

## सॉफ्टवेयर इंजीनियर

सॉफ्टवेर इंजीनियरिंग में करियर की नींव ही गणित के ज्ञान से पड़ती है। सॉफ्टवेयर इंजीनियरों का काम सॉफ्टवेयर डिजाइन करना और उसे डेवलप करना होता है। इस काम में छात्रों को कम्प्यूटर साइंस के साथ-साथ मैथ्स की थ्योरी और उनके सिद्धांतों का प्रयोग करना पड़ता है। इस क्षेत्र में एक्सपर्ट छात्रों के लिए बहुत अच्छे विकल्प मौजूद है, तथा अगले 10 वर्षों में इस क्षेत्र में काफी संभावनाएं आने वाली हैं। जो छात्रों के हित में मददगार साबित होंगे।

## स्टैटिस्टिक्स

जिन लोगों को गणित में महारत हासिल है, उनके लिए स्टैटिस्टिक्स में करियर बनाना बहुत अच्छा विकल्प है। एक स्टैटिस्टिक्स को डाटा का विश्लेषण करना, परिणामों को चार्ट्स, बार ग्राफ, टेबल के रूप में प्रस्तुत करने का काम करना होता है। हेल्थ केयर, शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में स्टैटिस्टिक्स की काफी मांग होती है। स्टैटिस्टिक्स बनने के लिए आपके पास मैथमेटिक्स स्टैटिस्टिक्स में स्नातक की डिग्री या फिर स्टैटिस्टिक्स में पोस्ट ग्रेजुएट की डिग्री होना जरूरी है।

## चार्टर्ड एकाउंटेंट

अगर आप चार्टर्ड एकाउंटेंट बनना चाहते हैं, तो इसका जान लें कि इसका पहला रूल ही गणित में दक्ष होना है। क्योंकि चार्टर्ड एकाउंटेंट यानि कि सीए का पूरा काम एकाउंटिंग, ऑडिटिंग और टैक्सेशन से जुड़ा होता है। अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि के चलते फाइनेंस और एकाउंट से जुड़े क्षेत्रों में करियर के नए स्कोप जुड़ते जा रहे हैं। गणित में रूचि रखने वाले छात्रों के लिए यह एक अच्छा करियर विकल्प बन सकता है।

## डाटा एनालिस्ट

डाटा एनालिस्ट का गणित से अटूट संबंध है। इसके लिए विभिन्न गणितीय सूत्रों और एल्गोरिदम के व्यापक ज्ञान की आवश्यकता होती है। एक डाटा एनालिस्ट का कार्य डेटा एकत्र करना और मिलान करना, डैशबोर्ड बनाना, संबंध डेटाबेस को डिजाइन करना और बनाए रखना जैसे बहुत कुछ शामिल है। वे संगठनात्मक लक्ष्यों को निर्धारित करने, डेटा को साफ करने, व्याख्या करने और विश्लेषण करने, अपने निष्कर्षों की रिपोर्ट करने और हितधारकों के लिए आगे का रास्ता बताने के लिए आईटी फंक्शन के साथ मिलकर काम करते हैं। डाटा एनालिस्ट के पास अच्छा विश्लेषणात्मक कौशल, विभिन्न सांख्यिकीय टूल का नॉलेज होना जरूरी है।

## बैंकिंग

अगर आपकी गणित में अच्छी पकड़ है तो आपके लिए बैंकिंग सेक्टर में व्यापक करियर ऑप्शन मिल जाएंगे। यहां पर आप एकाउंटेंट, कस्टमर सर्विस, फ्रंट डेस्क, कैश हैंडलिंग, एकाउंट ओपनिंग, करंट एकाउंट, सेविंग एकाउंट, लोन प्रोसेसिंग ऑफिसर, सेल्स एग्जीक्यूटिव, रिकवरी ऑफिसर के प्रोफाइल्स पर अपना शानदार करियर बना सकते हैं। इन सभी में मैथमेटिकल स्किल्स का होना जरूरी है।

## मैथमेटिशियन

अगर आपको लगता है कि मैथ के साथ आपका कई जन्मों का रिश्ता है और आप अपने आप को इस विषय में सबसे ज्यादा माहिर समझते हैं, तो मैथमेटिशियन बनना आपके लिए बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। यह ऐसा प्रोफेशन है, जहां पर गणित के बुनियादी क्षेत्र का अध्ययन या रिसर्च संबंधी कार्य किया जाता है। इसके अलावा इनका कार्य लॉजिक, ट्रांसफार्मेशन, नंबर आदि समस्याओं का निर्धारण करना भी है। इस क्षेत्र में भी गणित का ज्ञान होना बहुत जरूरी है। इस क्षेत्र में छात्र अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

## कम्प्यूटर सिस्टम एनालिस्ट

कम्प्यूटर सिस्टम एनालिस्ट आईटी टूल्स का उपयोग करते हुए किसी भी एंटरप्राइजेज को लक्ष्य पूरा करने में मदद पहुंचाते हैं। यदि आपको गणित का ज्ञान नहीं तो आप इस फील्ड में आगे नहीं बढ़ सकते। वहीं अगर आपका गणित के प्रति रुझान है तो आप इस विषय में मास्टर हैं, तो यहां पर शानदार करियर बना सकते हैं। ज्यादातर सिस्टम एनालिस्ट अपना काम कम्प्यूटर और सॉफ्टवेयर के जरिए करते हैं तथा इसे ठीक तरह से समझने के लिए गणित पहली नींव है।



**हमारे देश में लाखों लोग ऐसे हैं, जो शानदार तरीके से इंग्लिश को लिखना और समझना जानते हैं, लेकिन जब बात इंग्लिश स्पोकन की आती है, तो वो भी हाथ खड़े कर लेते हैं। वहीं कई ऐसे लोग भी होते हैं जिनकी इंग्लिश स्पीकिंग स्किल्स अच्छी होती है, लेकिन वह फ्लो और नेटिव इंग्लिश बोलना चाहते हैं। नेटिव इंग्लिश के लिए एक अच्छे प्रोसेस की जरूरत होती है, जिसमें न सिर्फ बोलना, बल्कि सुनना भी बेहद जरूरी है।**

# चाहते हैं नेटिव स्पीकर्स की तरह इंग्लिश बोलना तो इन टिप्स को करें फॉलो

ग्लोबलाइज होती इस दुनिया में आज के समय इंग्लिश लैंग्वेज का आना बहुत जरूरी है। इस लैंग्वेज में आपको जितनी माहरत हासिल होगी, आपको करियर में आगे बढ़ने के मौके भी उतने ही मिलंगे। हमारे देश में लाखों लोग ऐसे हैं, जो शानदार तरीके से इंग्लिश को लिखना और समझना जानते हैं, लेकिन जब बात इंग्लिश स्पोकन की आती है, तो वो भी हाथ खड़े कर लेते हैं। वहीं कई ऐसे लोग भी होते हैं जिनकी इंग्लिश स्पीकिंग स्किल्स अच्छी होती है, लेकिन वह फ्लो और नेटिव इंग्लिश बोलना चाहते हैं। नेटिव इंग्लिश के लिए एक अच्छे प्रोसेस की जरूरत होती है, जिसमें न सिर्फ बोलना, बल्कि सुनना भी बेहद जरूरी है। जब भी आप किसी नेटिव स्पीकर को इंग्लिश बोलते हुए सुनते हैं, तो उनसे सीखना बेहद आसान हो जाता है। तो चलिए जानते हैं कौन-सी हैं वे आसान टिप्स, जिनसे आप भी नेटिव इंग्लिश बोलना सीख सकते हैं।

## अपने एक्सेंट पर ध्यान दें

इंग्लिश लैंग्वेज में मोटिवेशन, रिपीट करना और एक्सपोजर बहुत अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए, नेटिव स्पीकर्स की लाइंस, सेंटेंस और भावों को दोहराएं, उन्हें अपने रोजाना के कम्युनिकेशन में इस्तेमाल करके याद रखने की कोशिश करें। साथ ही ऐसे लोगों के साथ संपर्क बनाए रखें, जिसकी नेटिव इंग्लिश बहुत अच्छी हो। संभव हो तो सोशल मीडिया के माध्यम से किसी विदेशी के संपर्क में रहने की कोशिश करें और उससे बातचीत करें। इससे आपकी झिझक खत्म हो जाएगी और आप उनके मॉडुलन, इंटोनेशन और सबसे जरूरी कल्चर के आदी हो जाएंगे।

## शब्दावली अच्छी करें

अगर इंग्लिश में अपनी पकड़ बनाना चाहते हैं तो, किसी भी नए इंग्लिश कंटेंट को सुनने के बाद उसे रिकॉल जरूर करें यानि दोहराते रहें। अपनी इंप्रूव की गई शब्दावली को लिखें और उसे रोजाना याद करें। जब भी आप इंग्लिश का टेस्ट, मॉक टेस्ट या एग्जाम देते हैं, तो ज्यादा से ज्यादा नई शब्दावली का इस्तेमाल करें। जब भी हम नेटिव स्पीकर को भाव व्यक्त करते हुए सुनते हैं, तो उसे इस्तेमाल करना आसान हो जाता है। कभी-भी अपनी शब्दावली को रिकॉल करना न भूलें, उन्हें लॉन्ग टर्म मेमोरी में रखें। टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल करें इंग्लिश स्पीकिंग में सुधार के लिए आप टेक्नोलॉजी का उपयोग भी कर सकते हैं। इंग्लिश के अपने एक्सेंट, वाक्यांश और एक्सप्रेशन को रिकॉर्ड करने के लिए आप अपने स्मार्ट फोन का उपयोग करें। अपनी स्पोकन को रिकार्ड करके उसकी दूसरी रिकॉर्डिंग के साथ तुलना करें। अपनी कमियों में सुधार करके वापस रिकॉर्ड करें और खुद को अच्छा करने के लिए मोटिवेट करें। साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से नेटिव ट्यूटर्स की वीडियो देखें। इंग्लिश फिल्में और गाने देखें, जिससे आप उनका कल्चर भी समझ सकें। नेटिव स्पीकर्स के एक्सप्रेशन और बातचीत की स्किल्स को याद करने के लिए, संगीत, गीत, शब्द और म्युजिक आपके लिए बेहद फायदेमंद हो सकते हैं।

## अपनी वॉइस पर ध्यान दें

नेटिव इंग्लिश बोलने वालों की तरह अपनी वाइस को सही करने के लिए आपको बोलने वाले शब्दों को समझना भी जरूरी है। आप जो शब्द कहते हैं उसे जरूर समझें और नेटिव स्पीकर की तरह एक्सेंट में बोलें। इंग्लिश बोलते हुए आपके शब्दों की स्पीड, क्लैरिटी और टोन में सुधार आपकी स्पीकिंग को बेहतर बनाने में मदद करेगा। यह टिप नेटिव स्पीकर्स को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगी। रोजाना इडियम सुनें और उन्हें अपनी बोलचाल में इस्तेमाल भी जरूर करें।

## जोर से बोलकर पढ़ें

अपनी इंग्लिश स्पीकिंग को बेहतर बनाने के लिए इसे जोर से पढ़ना काफी फायदेमंद रहता है। यह अपनी एक्सेंट पर काम करने का एक शानदार तरीका है, इससे आपके शब्दो में क्लैरिटी आएगी। अगर आपने नेटिव स्पीकर्स को सुनने में काफी समय बिताया है, तो उनके बात करने के तरीके की नकल करने का प्रयास करें। भाषा के फ्लो के साथ अपनी आवाज को तेज और धीरे करने की कोशिश करें। ध्यान रखें जब भी आपको किसी शब्द में कंफ्यूजन हो, तो नेटिव स्पीकर उसे कैसे बोलते हैं यह जानना न भूलें।

## स्लैंग बोलते समय अपनाएं ये तरीका

अलग-अलग नेटिव स्पीकर्स अपने कम्युनिकेशन के दौरान अलग-अलग तरह के स्लैंग का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इनका मतलब एक ही होता है, लेकिन नेटिव स्पीकर्स अपने मुताबिक उन्हें बोलते हैं। आप एक नेटिव स्पीकस्त्र की तरह बोलेने में कभी झिझकें नहीं। अगर आप कलती करोगे तो उसे सीख कर सुधार भी करोगे, लेकिन अगर आप बोलोगे ही नहीं तो कुछ सीख भी नहीं पाओगे।



# क्रिकेट में कॅरियर बनाना चाहते हैं तो ऐसे करें तैयारी

क्रिकेट में करियर बनाने के लिए आपको पहले क्रिकेट सीखने के लिए अकादमी जॉइन करनी पड़ेगी। देश के सभी बड़े शहरों में क्रिकेट अकादमी हैं जहां पर आप ट्रेनिंग के लिए दाखिला ले सकते हैं। अकादमी में दाखिला लेने से पहले उस संस्थान और कोच के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। अगर आपके बच्चे को क्रिकेट में रूचि है तो आप बचपन से ही उसकी ट्रेनिंग शुरू कर दें। वैसे तो क्रिकेट खेलने और सीखने की कोई निर्धारित उम्र नहीं होती लेकिन एक्सपर्ट्स के मुताबिक बच्चे की ट्रेनिंग 7 से 8 साल की उम्र से ही शुरू कर देनी चाहिए।

## क्रिकेट अकादमी में लें दाखिला

क्रिकेट में करियर बनाने के लिए आपको पहले क्रिकेट सीखने के लिए अकादमी जॉइन करनी पड़ेगी। देश के सभी बड़े शहरों में क्रिकेट अकादमी हैं जहां पर आप ट्रेनिंग के लिए दाखिला ले सकते हैं। अकादमी में दाखिला लेने से पहले उस संस्थान और कोच के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर लें। दाखिला लेते समय यह भी ध्यान रखें कि जिस अकादमी में आप दाखिला लेने जा रहे हैं उसका आपके राज्य के क्रिकेट संघ के साथ संबंध होना चाहिए, यह आपके भविष्य के लिए अच्छा रहेगा।

## कैसे होगा आगे के लिए चयन

क्रिकेट अकादमी के दाखिला लेने के बाद खिलाड़ी को कई लेवल पार करने होते हैं। सबसे पहले छात्रों को सम्बंधित क्रिकेट क्लबों के द्वारा आयोजित घरेलू टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिलता है। अगर आपका सिलेक्शन अंडर 15 में नहीं होता तो आपके पास अंडर 16, 17, 18 आदि में खेलने का मौका होता है। इसके बाद आप खेलते-खेलते आप नेशनल टीम जैसे रणजी, इंडिया अंडर 19 टीम में पहुंच सकते हैं। अगर रणजी में आपका अच्छा प्रदर्शन रहा तो आपका सिलेक्शन आईपीएल और टीम इंडिया में भी हो सकता है।

## कठिन परिश्रम और धैर्य की होगी जरूरत

क्रिकेटर बनने के लिए आपको कठिन परिश्रम करने की जरूरत होगी। क्रिकेट में कॅरियर बनने के लिए आपको धैर्य रखते हुए मेहनत करनी होगी। शुरुआत में भले ही आपको सफलता ना मिले लेकिन धैर्य और मेहनत से आप एक दिन अपने लक्ष्य को जरूर प्राप्त करेंगे।


# सीजीएल परीक्षा को करना है क्रैक तो इस तरह करें पुख्ता तैयारी

**कर्मचारी चयन आयोग ने सीजीएल परीक्षा के लिए भर्ती शुरू कर दी है। आयोग ने इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 23 जनवरी, 2022 तक शुरू किया है। रेलवे, वित्त, सीएजी, सूचना प्रौद्योगिकी सहित अनेक विभागों में अलग-अलग पदों पर भर्ती निकली है। सीजीएल टियर-1 की परीक्षा अप्रैल में होगी। वहीं इसके टियर-2 और टियर-3 की परीक्षा की तारीख बाद में घोषित की जाएगी।**

कर्मचारी चयन आयोग ने सीजीएल परीक्षा के तहत असिस्टेंट अफसर, असिस्टेंट सेक्शन अफसर, असिस्टेंट एकाउंट अफसर, असिस्टेंट इनफॉर्मेशन अफसर, इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, ऑडिटर, टैक्स असिस्टेंट, आदि पदों पर भर्ती निकली है। इस परीक्षा को क्रैक करना लाखों युवाओं का सपना होता है। अगर आप भी इस परीक्षा को पास कर अच्छी सरकारी जॉब करना चाहते हैं, तो आपकी तैयारी पुख्ता होनी चाहिए।

## सिलेबस अच्छे समझ लें

सीजीएल परीक्षा की तैयारी करने से पहले सिलेबस को पूरी तरह समझना जरूरी है। इसके सिलेबस में पहेलियां, आकृति-आधारित प्रश्न, कोडिंग-डिकोडिंग, श्रृंखला जैसे विषय पर विशेष रूप से ध्यान दें, क्योंकि ये स्कोरिंग होते हैं। इन्हें हल करना शुरू करें और फिर, अधिक बहुमुखी प्रश्नों पर आगे बढ़ें। यदि आप नियमित रूप से अभ्यास करते हैं, तो आप कुछ हफ्तों के भीतर ही अपनी तैयारी में काफी सुधार देखेंगे। वहीं नॉन-वर्बल रीजनिंग विषय जैसे इमेज असेंबलिंग, फिगर-काउंटिंग आदि प्रश्नों को छोड़ें या अनदेखा न करें। क्योंकि वे शुरू में आपको समय लेने वाले लग सकते हैं। उनका अभ्यास करना उन्हें कम समय लेने वाला बनाने का सबसे अच्छा तरीका है। अभ्यास करते समय आपको उचित सटीकता के साथ 20 मिनट में कम से कम 1520 प्रश्नों का प्रयास करना चाहिए। परीक्षा में भी, इस खंड को पूरा करने की कोशिश 20 मिनट से अधिक समय न दे।



## प्रभावी प्रैक्टिस कंटेंट तैयार करें

सीजीएल परीक्षा की तैयारी के लिए अगर आप किसी कोचिंग संस्थान में जा रहे हैं, तो आपको कोचिंग के शेड्यूल अनुसार चलना पड़ेगा। वहीं हमारा सुझाव है कि, इसके अलावा भी आप अपनी ताकत और कमजोरियों के आधार पर अपनी खुद की अध्ययन योजना तैयार करें। एसएससी सीजीएल के लिए सही विश्लेषण का उपयोग कर आप यह जान सकते हैं कि अपनी परीक्षा तैयारी कैसे शुरू की जाए। क्योंकि आपको अपनी कमियों के बारे में पूरी जानकारी होती है।

## ग्रुप डिस्कशन में भाग लें

इस परीक्षा की तैयारी में यह सबसे ज्यादा मदद करता है। अगर आप घर पर तैयारी कर रहे हैं, तो आपको एसएससी सीजीएल के बारे में डिस्कशन करना बहुत मुश्किल हो सकता है। इसलिए आप ऑनलाइन माध्यम से अध्ययन मंचों में भाग जरूर लें। इसके लिए आप उन मंचों का चुनाव करें, जो आपको इनपुट और शॉर्टकट प्रदान करने के अलावा आपकी सैद्धांतिक शंकाओं को दूर करने में पूरी तरह सक्षम हों।

## ऑनलाइन क्लास में दाखिला लें

अगर आपने किसी कोचिंग सेंटर में दाखिला नहीं लिया है, तो किसी ऑनलाइन क्लास में दाखिला जरूर लें। आज के समय में कई एजुकेशन वेबसाइटें विशेष रूप से एसएससी सीजीएल परीक्षा के लिए मुफ्त ऑनलाइन क्लास देती हैं, इनमें दाखिला लेकर अपनी तैयारी करें। साथ ही उनके द्वारा प्रकाशित अध्ययन सामग्री को मुफ्त में डाउनलोड करें और प्रतिदिन करेंट अफेयर्स पढ़े।

## टाइम टेबल बनाकर अध्ययन करें

सभी उम्मीदवारों को इस परीक्षा को क्रैक करने के लिए बहुत मेहनत की आवश्यकता होती है, इसलिए प्रतिदिन 6 से 8 घंटे बिना किसी व्यवधान के अध्ययन करना बेहद जरूरी है। इसका सिलेबस बहुत व्यापक है, अगर आप इतना समय नहीं देंगे, तो इसका सिलेबस पूरा नहीं कर पाएंगे। इसके लिए आप टाइम टेबल बनाए और छोटे-छोटे ब्रेक के साथ अध्ययन करें।

## हर सप्ताह एक प्रैक्टिस पेपर जरूर सॉल्व करें

परीक्षा में अपनी गति बनाने के लिए और प्रश्नों के पैटर्न को समझने के लिए हर सप्ताह एक प्रैक्टिस पेपर जरूर सॉल्व करें। वहीं जब परीक्षा नजदीक आ जाए तो प्रतिदिन इन पेपरों को हल कर अपनी क्षमता को पहचानें। इससे आपको अपनी कमियों के बारे में पता चलेगा।

## मॉक टेस्ट लें

चूंकि एसएससी सीजीएल परीक्षा अब ऑनलाइन आयोजित की जाती है, इसलिए उम्मीदवारों को कंप्यूटर आधारित परीक्षा से परिचित होना चाहिए। इसके लिए आपको मॉक टेस्ट देकर परीक्षा की तैयारी करनी चाहिए। इस तरह के मॉक टेस्ट ऑनलाइन फ्री और पैसे देकर दोनों तरह से मिल जाते हैं।

## तनाव से दूर रहें

इस परीक्षा की तैयारी करना कोई बच्चों का खेल नहीं है। आप बहुत तनाव और चिंता में रहते होंगे, लेकिन यह स्मार्ट अध्ययन के लिए अनुकूल नहीं हैं। परीक्षा के दिन चिंता आपको अस्थिर कर सकती है। इसलिए आपको तनाव को मैनेज करना होगा। अपने अध्ययन की योजना इस तरह बनाएं कि आप परीक्षा से कम से कम 3 महीने पहले पूरा पाठ्यक्रम पूरा कर लें। परीक्षा से पहले के उन 3 महीनों में, बार-बार रिवीजन और अभ्यास करने का प्रयास करें।